बागेश्वर धाम एवं मेहंदीपुर बालाजी के चरणों में समर्पित

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# संस्कार उजाला

सच की हुंकार

sanskarujala@gmail.com

संस्थापक स्व० सुखराम शर्मा एवम शिवकुमार शर्मा, श्री प्रकाशवीर

सच की हुंकार



संस्थापक
स्व. श्री आर. के. शर्मा

गाजियाबाद से प्रकाशित, दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, हरियाणा, सहारनपुर, मेरठ, मुरादाबाद, बरेली, हापुड, बुलंदशहर, मथुरा आगरा, इटावा, कानपुर एंव लखनऊ से प्रसारित

वर्ष : 12 अंक : 226 | शुक्रवार 06 दिसंबर 2024, गाजियाबाद | RNI No-UPHIN / 2013 / 50466 | पेज: 8 मूल्य : 2 रुपया


## CM बनते ही देवेंद्र फडणवीस का बड़ा एक्शन



**मुंबई।** महाराष्ट्र में आज देवेंद्र फडणवीस ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह के बाद शाम 7 बजे महायुति सरकार 2.0 की पहली कैबिनेट बैठक हुई। इस बैठक में फडणवीस सरकार ने पुणे के मरीज चंद्रकांत शंकर कुर्हाड़े को अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण उपचार के लिए मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता कोष से 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान दी।आजाद मैदान में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में पीएम मोदी, सीएम चंद्रबाबू नायडू, नीतीश कुमार, योगी आदित्यनाथ सहित कई केंद्रीय मंत्रियों ने हिस्सा लिया। वहीं, बॉलीवुड, खेल और व्यापार जगत के कई दिग्गजों ने कार्यक्रम में शिरकत किए। बता दें कि देवेंद्र फडणवीस द्वारा सीएम पद की शपथ लेने के बाद एकनाथ शिंदे और अजित पवार ने डिप्टी सीएम की शपथ ली। बता दें कि पिछले कुछ दिनों से सीएम पद को लेकर भाजपा और शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे के बीच रस्साकशी का दौर जारी थी।

## अचानक दिल्ली पहुंच गए विजय सिन्हा पीएम मोदी से की मुलाकात



**पटना।** उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने बुधवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री से शिष्टाचार-भेंट के दौरान राज्य से जुड़े जनसरोकार के मुद्दे पर भी सार्थक चर्चा हुई। इस दौरान राज्य के विकास को लेकर प्रधानमंत्री से मार्गदर्शन भी प्राप्त हुआ। विशेषकर विकसित भारत के संकल्प में युवाओं की भूमिका को लेकर प्रधानमंत्री से विशेष मार्गदर्शन मिला। उनकी ओर से विगत दिनों लखीसराय में "राज्य युवा उत्सव" के सफल आयोजन पर खुशी व्यक्त की गई। उन्होंने समेकित विकास में युवाओं को अधिक से अधिक भागीदार बनाने का निर्देश भी दिया। सिन्हा ने कहा कि विगत दस वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने युवाओं को देश के विकास में सर्वोच्च स्थान दिया है। 2014 में शासन में आते ही यह सरकार युवा नीति-2014 लेकर आई। विगत दस वर्षों में करीब 400 नए विश्वविद्यालय खोले गए। इसी सरकार के प्रयासों से आज भारत दुनिया का तीसरा सबसे मजबूत स्टार्टअप इकोसिस्टम वाला देश बना है। 28 लाख करोड़ से अधिक जो मुद्रा लोन दिए गए हैं, उससे भी हमारे युवा ही सर्वाधिक लाभान्वित हुए हैं। प्रधानमंत्री की प्रेरणा से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली राज्य की डबल इंजन सरकार भी लगातार युवाओं को विकास का वाहक बनाने में जुटी है। उद्योग, पर्यटन, फिल्म, आईटी , खेल से जुड़े जो भी नीतिगत पहल हाल के दिनों में हमारी सरकार ने लिए हैं । उन सभी में विशेष रूप से युवाओं को लक्षित किया गया है। राज्य में बुनियादी ढांचे के विकास को लेकर भी प्रधानमंत्री से जो परिचर्चा हुई। उसमें भी उनकी ओर से अधिक से अधिक युवाओं को जोड़ने का निर्देश मिला है।


दैनिक संस्कार उजाला
न्यूज एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें



संस्कार उजाला समाचार पत्र में रिपोर्टर, ब्यूरोचीफ, मार्केटिंग करने वालों लोगों की जरुरत है। तुरंत संपर्क करे।

महेश शर्मा
प्रबंध संपादक
मो.नं.:-9911733939


## नोएडा में धरने पर बैठे 34 किसान गिरफ्तार




**नोएडा ।** नोएडा में पंचायत से पहले पुलिस ने 34 किसानों को गिरफ्तार कर लिया है। बुधवार देर रात पुलिस ने जीरो पॉइंट पर धरने के लिए बैठे किसानों को भी हटा दिया। पुलिस की इस कार्रवाई से किसानों में आक्रोश है। दरअसल, बुधवार शाम को उट योगी ने कानून व्यवस्था की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि अराजकता कहीं भी बर्दाश्त नहीं होगी। चाहे वो संभल हो या ग्रेटर नोएडा। इसके बाद आनन-फानन में पुलिस ने एक्शन लिया। 2 दिसंबर को संयुक्त किसान मोर्चा के 10 संगठनों ने अपनी 4 मांगों को लेकर दिल्ली कूच का ऐलान किया था। अफसरों के आश्वासन के बाद किसानों ने 7 दिन का समय दिया और नोएडा के दलित प्रेरणा स्थल पर आंदोलन को शिफ्ट कर दिया। इसके बाद पुलिस ने दलित प्रेरणा स्थल आने वाले किसानों को रोक दिया। इसके साथ ही 8 किसान नेता समेत 123 किसानों को गिरफ्तार कर लिया। 4 दिसंबर को भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) किसानों को छुड़ाने के लिए महापंचायत बुलाई। इसमें शामिल होने जा रहे महापंचायत में शामिल होने पहुंच रहे राकेश टिकैत को पुलिस प्रशासन ने अलीगढ़ के टप्पल पर रोक लिया। इसके बाद पंचायत से किसानों ने ऐलान किया कि अगर 1 घंटे में राकेश को नहीं छोड़ा तो आंदोलन होगा। किसानों के विरोध को देखते हुए पुलिस ने राकेश टिकैत को छोड़ दिया। टिकैत वहां से भागते हुए यमुना एक्सप्रेस-वे पर पहुंचे। पुलिस पीछे-पीछे दौड़ती रही। पुलिस को डर था कि टिकैत हाईवे पर न बैठ जाएं। हालांकि, वह से गाड़ी से ग्रेटर नोएडा के लिए रवाना हो गए। हालांकि, वह धरनास्थल तक नहीं पहुंच पाए थे।

## [सुविचार]

अपनी उर्जा को चिंता करने में खत्म करने से बेहतर है, इसका उपयोग समाधान ढूंढने में किया जाए।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रोबा-3 मिशन सफलतापूर्वक लॉन्च हुआ



**नई दिल्ली।** इसरो ने आखिरकार इतिहास रच दिया है। यूरोपियन स्पेस एजेंसी के प्रोबा-3 मिशन की सफलतापूर्वक लॉन्चिंग हो गई है। इसके पहले बुधवार को कुछ तकनीकी खामी के कारण भारतीय स्पेस एजेंसी ने लॉन्चिंग को टाल दिया था। लॉन्चिग के लिए इसरो ने PSLV-C59 रॉकेट का इस्तेमाल किया गया। आपको बता दें कि प्रोबा-3 दुनिया का पहला प्रेसिशन फॉर्मेशन फ्लाइंट सैटेलाइट है। प्रोबा-3 मिशन के तहत कोरोनाग्राफ और ऑकुल्टर सैटेलाइट को स्पेस में भेजा गया है। ये सैटेलाइट सूर्य के बाहरी वातावरण का अध्ययन करेंगे। कोरोनाग्राफ का वजन 310 किलो और ऑकुल्टर का वजह 240 किलो है। दोनों सैटेलाइट एक-दूसरे से 150 मीटर की दूरी पर रहकरे पृथ्वी की कक्षा में चक्कर लगाएंगे और सूर्य के बाहरी वातावरण कोरोना पर स्टडी करेंगे। यूरोपीय स्पेस एजेंसी ने कहा, 'कोरोना सूर्य के मुकाबले ज्यादा गर्म है और यहीं से स्पेस के वातावरण की शुरूआत होती है। यह वैज्ञानिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण विषय है।' आदित्य एल-1 के बाद प्रोबा-3 की लॉन्चिंग भी इसरो के लिए महत्वपूर्ण पड़ाव है। इसरो के भरोसेमंद लॉन्चर पीएसएलवी का लोहा अब दुनिया भी मानती है। यह मिशन इसरो को सूर्य से जुड़े वैज्ञानिक प्रयोगों में मदद करेगा।

## विपक्ष ने लगाया कानूनों के हिंदीकरण का आरोप टीएमसी सांसद सागरिका घोष



**नई दिल्ली:** शीतकालीन सत्र के दौरान गुरुवार को राज्यसभा में विपक्षी सदस्यों ने सरकार पर हिंदी भाषा में ही शीर्षक वाले नए विधेयक लाकर हिंदी थोपने का आरोप लगाया। इस आरोप का बीजेपी ने खंडन किया और विपक्ष पर ही आरोप लगाते हुए कहा कि वे औपनिवेशिक मानसिकता से चिपके हुए हैं। दरअसल, 'भारतीय वायुयान विधेयक, 2024' पर चर्चा के दौरान विपक्ष के सांसदों ने इसके नाम को लेकर सरकार पर तमाम आरोप लगाए। टीएमसी के सांसद सागरिका घोष ने इस विधेयक के नाम को लेकर आपत्ति जताई और विरोध किया। इसी के साथ डीएमके की कनिमोझी एनवीएन सोमू ने सरकार से इसका नाम बदलने के लिए कहा।गुरुवार को राज्यसभा में 'भारतीय वायुयान विधेयक, 2024' पेश किया गया। ये विधेयक व्यापार करने में आसानी को बढ़ावा देने और विमानन क्षेत्र में निवेश आकर्षित करने के लिए 90 साल पुराने विमान अधिनियम को बदलने का प्रयास करता है। इस विधेयक का नाम हिंदी में होने का करण विपक्ष के कुछ सांसदों ने सरकार पर कानूनों के हिंदीकरण का आरोप लगाया। इस दौरान टीएमसी सांसद सागरिका घोष ने कहा कि इतने सारे कानूनों के नाम हिंदी क्यों हैं? यह हिंदी थोपना है। 2024 में लोगों का जनादेश विविधता, लाभांश और संघीय सिद्धांत के लिए, था, लेकिन सरकार कानूनों के हिंदीकरण पर अड़ी हुई है।
आगे उन्होंने कहा कि भारतीय दंड संहिता को बदलकर भारतीय न्याय संहिता कर दिया गया है और भारतीय विमान अधिनियम को बदलकर अब भारतीय वायुयान विधायक कर दिया गया है।

## कौन हैं जी बालासुब्रमण्यम जो होंगे मालदीव में अगले भारतीय उच्चायुक्त?

### बालासुब्रमण्यम वर्तमान में वो नाइजीरिया में भारत के उच्चायुक्त हैं।



**माले।** मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने कहा कि भारत के उच्चायुक्त मुनु महावर का कार्यकाल द्विपक्षीय संबंधों में अहम रहा है तथा उनके कार्यकाल के दौरान दोनों देशों के बीच मैत्री और द्विपक्षीय सहयोग में नयी ऊर्जा मिली। महावर विदाई भेंट के लिए राष्ट्रपति मुइज्जू से मिलने पहुंचे और इस दौरान राष्ट्रपति ने दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत करने के लिए उच्चायुक्त के प्रयासों की सराहना की।राष्ट्रपति कार्यालय की ओर से जारी एक बयान के अनुसार उच्चायुक्त ने मालदीव के विकास के लिए भारत के सहयोग को दोहराया और साथ ही राष्ट्रपति मुइज्जू के नेतृत्व और सहयोगात्मक दृष्टिकोण की सराहना की। गुरुवार को राष्ट्रपति कार्यालय के एक बयान के अनुसार, उच्चायुक्त ने मालदीव के विकास के लिए भारत के समर्थन की पुष्टि की और राष्ट्रपति मुइज्जू के नेतृत्व और सहयोगात्मक दृष्टिकोण की सराहना की।

## SC ने भूमि अधिग्रहण के तरीके पर जताई नाराजगी कर्नाटक सरकार को दिया ये आदेश



**नई दिल्ली।** सरकार द्वारा भूमि अधिग्रहण के बाद कई सालों तक मुआवजा नहीं देने पर सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जताई है।
कोर्ट ने कहा कि कोई भी सरकार ऐसा नहीं कर सकती कि वो मुआवजा रोक ले। सुप्रीम कोर्ट ने कर्नाटक सरकार से कहा कि वह 1986 में अधिग्रहित की गई भूमि का वर्तमान बाजार मूल्य पर भुगतान करे, बिना किसी मोल भाव के। दरअसल, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ वरिष्ठ अधिवक्ता आनंद संजय एम नूली की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। नूली भूमि मालिक जयलक्ष्मम्मा और अन्य की ओर से पेश हुए थे। इन जमीनों की करीब दो एकड़ भूमि विजयनगर लेआउट के निर्माण के लिए मैसूर के हिंकल गांव में अधिग्रहित की गई भूमि का बड़ा हिस्सा है।

## कांग्रेस से नाराज हुए अखिलेश



**नई दिल्ली।** इंडी गठबंधन में लगातार तकरार देखने को मिल रही है। पहले संसद में हंगामे को लेकर टीएमसी ने कांग्रेस का साथ छोड़ दिया, तो अब समाजवादी पार्टी (सपा) ने नाराजगी जाहिर की है। दरअसल, 18वीं लोकसभा के लिए सिटिंग व्यवस्था को लेकर सब फाइनल कर दिया गया है। अब सीटों को लेकर ही इंडी गठबंधन में दरार आई है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव और उनकी पत्नी डिंपल यादव ने सिटिंग व्यवस्था पर कांग्रेस से नाराजगी जताई है। दोनों ने अयोध्या से सांसद अवधेश प्रसाद की सीट पिछली पंक्ति में करने पर एतराज जताया है। संसद में कांग्रेस ने ही अपने सहयोगी दलों को सीटें आवंटित की है। सपा इस बात से नाराज है कि कांग्रेस ने सिटिंग व्यवस्था में बदलाव को लेकर उसे कॉन्फिडेंस में नहीं लिया। नई व्यवस्था के तहत सपा के पास अब केवल एक ही आगे की सीट होगी और वो भी अखिलेश यादव की। पहले अवधेश प्रसाद भी आगे राहुल गांधी और अखिलेश के साथ बैठते थे।

## शेख हसीना ने मोहम्मद यूनुस को बताया था सत्ता का भूखा।



**बांग्लादेश ।** बांग्लादेश में मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार लगातार पूर्व पीएम शेख हसीना पर शिकंजा कसते नजर आ रही है। इस बीच बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) ने गुरुवार को अधिकारियों को मीडिया और सोशल नेटवर्किंग प्लेटफार्मों पर अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के सभी भाषणों के प्रसार पर प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया है। दरअसल, ये आदेश शेख हसीना के हाल में दिए गए भाषण के बाद आया है। जब चार महीने पहले बांग्लादेश से भागने के बाद उन्होंने अपना पहला सार्वजनिक संबोधन दिया था। अपने भाषण में उन्होंने देश के अंतरिम नेता मुहम्मद यूनुस पर तीखा हमला किया था, उन पर नरसंहार करने और हिंदुओं सहित अल्पसंख्यकों की रक्षा करने में विफल रहने का आरोप लगाया था।बता दें कि बांग्लादेश संगबाद संस्था (बीएसएस) ने इस आदेश के संबंध में बताया कि न्यायमूर्ति मोहम्मद गोलाम मुतुर्जा मजूमदार की अध्यक्षता वाले दो सदस्यीय न्यायाधिकरण ने आदेश पारित किया और अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे हसीना के सभी घृणास्पद भाषणों को सोशल मीडिया से हटा दें। इसी के साथ भविष्य में सभी प्रकार के प्लेटफॉर्म पर उनके भाषणों के प्रसार को रोकने के लिए कदम उठाएं। समाचार एजेंसी से बात करते हुए अभियोजक अधिवक्ता अब्दुल्ला अल नोमान ने बताया कि न्यायाधिकरण ने आईसीटी डिवीजन, सूचना और प्रसारण मंत्रालय और बांग्लादेश दूरसंचार नियामक आयोग (बीटीआरसी) के सचिवों को आदेश को तुरंत मानने के लिए कहा है। अभियोजन पक्ष ने इससे पहले याचिका दायर की थी, जिसमें अपदस्थ प्रधानमंत्री द्वारा सभी प्रकार के भाषण को हटाने और प्रतिबंधित करने का अनुरोध किया गया था। इसमें दावा किया गया था कि ये भाषण गवाहों या पीड़ितों को डरा सकते हैं या जांच में बाधा डाल सकते हैं। वहीं, अभियोजक गाजी एमएच तमीम ने मीडिया को इस संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि न केवल बांग्लादेश में, बल्कि दुनिया भर के हर कानून और हर देश में घृणास्पद भाषण देना एक आपराधिक अपराध है।तमीम ने दावा किया कि शेख हसीना ने भाषण दिए हैं, जिनमें उन्हें यह कहते हुए सुना गया कि उन्हें 227 लोगों की हत्या करने का लाइसेंस मिल गया है, क्योंकि उनके खिलाफ इतनी ही संख्या में मामले दर्ज किए गए हैं। यहां तक कि इन भाषणों के माध्यम से उन्हें अपने खिलाफ दर्ज मामलों के पीड़ितों और गवाहों को धमकियां देते हुए भी सुना गया।

## संसद में एस जयशंकर ने फलस्तीन का जिक्र करते हुए क्या कहा?



**नई दिल्ली।** इजरायल फिलिस्तीन संघर्ष में दो राष्ट्र समाधान सिद्धांत का अक्सर जिक्र किया जाता है। माना जाता है कि दशकों से जारी इस विवाद को दो राष्ट्र समाधान सिद्धांत के जरिए ही हल खोजा जा सकता है। भारत भी लगातार इसी बीत का वकालत करता आया है।गुरुवार को संसद में अपनी बात रखते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने फलस्तीनी राज्य की वकालत की। उन्होंने कहा कि भारत, इजरायल-फलस्तीन संघर्ष को लेकर दो राष्ट्र समाधान का समर्थन करता है। राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान जयशंकर ने गाजा पर संयुक्त राष्ट्र के सभी प्रस्तावों से भारत के कथित रूप से दूर रहने के दावे पर जवाब दिया। विदेश मंत्री ने कहा कि 7 अक्टूबर 2023 को इजरायल-हमास जंग शुरू होने के बाद से संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) में फलस्तीन से संबंधित 13 प्रस्ताव पेश किए गए हैं। इनमें से भारत ने 10 प्रस्तावों के पक्ष में मतदान किया। तीन प्रस्तावों पर मतदान से परहेज किया।बता दें कि फलस्तीन को लोगों की मदद के लिए भारत हमेशा खड़ा रहा है। इसी साल जुलाई में भारत ने वर्ष 2024-25 के लिए फिलिस्तीन शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी को 2.5 मिलियन डॉलर की पहली किस्त जारी की। संघर्ष के बीच केंद्र सरकार ने लगभग 70 मीट्रिक टन सहायता प्रदान की है, जिसमें दो किस्तों में 16.5 मीट्रिक टन दवाइयां और चिकित्सा आपूर्ति शामिल है।

# दिल्ली सल्तनत पर बार-बार क्यों करते हैं किसान चढ़ाई?



डॉ. रमेश ठाकुर

**अपनी विभिन्न मांगों को लेकर किसान संगठनों ने एक बार फिर दिल्ली पर चढ़ाई करने का प्रयास कर रहे हैं। हालांकि ऐसा करने से उन्हें बलपूर्वक बॉर्डरों पर ही रोका गया है। पर, हालात दिल्ली-एनसीआर के एक बार फिर बिगड़ते दिखाई पड़ने लगे हैं। इस दफे भी किसानों के तेवर उग्र दिख रहे हैं। अन्नदाता लंबा आंदोलन करने के मूड़ में दिखाई पड़ते हैं।**

अन्नदाताओं की समस्याओं का समाधान आखिर कब होगा? क्या उनकी मांगे भविष्य में कभी पूरी हो भी पाएंगी या नहीं? केंद्र में सरकार चाहे कांग्रेस की हो या भाजपा की, हर दौर में यही सब कुछ देखने को मिलता है। कमोबेस, सरकारों का रवैया सदैव एक जैसा ही रहता है। इसलिए एकाएक किसी सरकार को दोषी ठहराना किसी टिप्पणीकार के लिए बेईमानी सा होता है। किसान आंदोलनों से जो समस्याएं उपजती हैं, उसका खामियाजा सिर्फ और सिर्फ आमजन ही भुगतते हैं। समस्याएं किस कदर पनपती हैं इस ओर शायद किसी का भी ध्यान नहीं जाता। मरीज, छात्र, राहगीर, दैनिक कर्मी तो बेहाल होते ही हैं, रोजमर्रा के क्रियाकलाप भी रुक जाते हैं। दो दिसंबर को भी यही हुआ, जब किसान उत्तर प्रदेश के एक छोर से चले, तो सड़कों पर दौड़ने वाले तेज वाहनों के पहिए थम गए। क्या मरीज, क्या नौकरीपेशा, सभी के पैर अपने जगह रूक गए।

दरअसल, अपनी विभिन्न मांगों को लेकर किसान संगठनों ने एक बार फिर दिल्ली पर चढ़ाई करने का प्रयास कर रहे हैं। हालांकि ऐसा करने से उन्हें बलपूर्वक बॉर्डरों पर ही रोका गया है। पर, हालात दिल्ली-एनसीआर के एक बार फिर बिगड़ते दिखाई पड़ने लगे हैं। इस दफे भी किसानों के तेवर उग्र दिख रहे हैं। अन्नदाता लंबा आंदोलन करने के मूड़ में दिखाई पड़ते हैं। इतना तय है, अगर उनकी समस्याओं का समाधान समय रहते नहीं हुआ, तो हालात पिछले किसान आंदोलन जैसे बनने में वक्त नहीं लगेगा। किसान केंद्र सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार को बीते एक महीने से अल्टीमेटम दे रहे थे कि उनकी मांगे मानी जाएं, उनसे बात करे कोई जिम्मेदार व्यक्ति, जिससे दोनों पक्ष बैठकर कोई हल निकाल सकें। लेकिन उनकी बातों को हुकूमती स्तर पर एक बार भी अनसुना और अनदेखा किया गया।

दिल्ली पहुंचने के लिए गौतमबुद्ध नगर से करीब 50,000 से अधिक किसान सोमवार सुबह यानी दो तारीख को नोएडा महामाया फ्लाईओवर के पास एकत्रित हुए, फिर उन्होंने दिल्ली कूच का प्लान किया, हालांकि तत्काल रूप से तो पुलिस ने उनकी योजना को विफल कर दिया है। लेकिन किसान बॉर्डर पर ही डटे हुए हैं, वह किसी भी सूरत में दिल्ली पहुंचना चाहते हैं। उनको लगता है संसद का शीत सत्र चालू है। पूरी हुकूमती मशीनरी इस समय एक साथ है, उनकी बातें आसानी से पहुंच सकती है। पर, ऐसा होता दिख नहीं रहा। केंद्र सरकार इतनी आसानी से सबकुछ मान लेगी, ऐसा भी दिखाई नहीं पड़ता। इसलिए किसान भी काफी उग्र हैं। अपने साथ लंबे आंदोलन को करने के लिए तामझाम लेकर पहुंच हैं। राशन, टैक्टर, मोटरसाइकिल, गैस सिलेंडर, तंबू आदि है उनके पास।

किसानों ने दिल्ली मार्च का प्लान अचानक से ही बनाया। पहले की प्री-प्लान नहीं थी। क्योंकि किसान अपनी विभिन्न मांगो को लेकर नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण पर पिछले कुछ दिनों से धरनागत थे। उनकी प्रमुख मांगे हैं, उन्हें जमीन के बदले 10 पर्सेंट निर्मित प्लॉट और 64 पर्सेंट बढ़ा हुआ जमीन का शेष मुआवजा दिया जाए। साथ ही जितने किसान जमीन छिन जाने से भूमिहीन हुए हैं, उनके परिवार के बच्चों को केंद्र सरकार और राज्य सरकार कोई न कोई रोजगार जैसी वैकप्लिक व्यवस्थाएं की जाएं, इसके अलावा एमएसपी गारंटी कानून लागू करें। फसलों की कीमतें डबर हों, खाद, बीज व कीटनाशक दवाईयों के रेट कम किए जाएं जैसी पुरानी मांगे भी उनकी बरकरार हैं। इस वक्त मंड़ियों में धान की खरीद में जो घटतौली हो रही है उसे तुरंत रोका जाए। ये मांगे ऐसी जिसे शायद ही सरकारें मांगे।

प्रतीत ऐसा होता है कि ये किसान मूवमेंट भी बडा रूप ले सकता है। अभी तक गनीमत ये समझी जाए, इस मोर्चे में सिर्फ दर्जन भर ही किसान संगठन शामिल हुए हैं। हालांकि बाहर से करीब सौ से ज्यादा किसान संगठनों का समर्थन प्राप्त है। मोर्चे को रोकने को अगर कोई जल्द विकल्प नहीं निकाला गया, तो अन्य किसान संगठन भी कूदने में देर नहीं करेंगे। हांलाकि सोमवार को किसान मोर्चे को देखते हुए नोएडा ट्रैफिक पुलिस और दिल्ली पुलिस की ओर से एडवाइजरी की गई जिसमें कालिंदी कुंज बॉर्डर, यमुना एक्सप्रेस-वे और डीएनडी बॉर्डर से बचने की लोगों को सलाह दी गई, क्योंकि इन जगहों पर मोर्चे का असर व्यापक रूप से देखने को मिला। लोग अनचाई परेशानी से जूझते दिखाई पड़े, स्कूली बच्चों भी जाम में फंसे रहे, एमबूलेंस भी नहीं निकल पाईं। नौकरीपेशा समय से अपने कार्यालयों में नहीं पहुंच पाए। ये हालात ऐसे ही बने रहेंगे, जब तक ये मूवमेंट चलता रहेगा।


किसान मूवमेंट शुरू होने के कुछ घंटों बाद ही राजनीति भी आरंभ हो गई। कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने अपना समर्थन दे दिया। कांग्रेस ने कहा दिल्ली बॉर्डर पर बैरिकेडिंग, वाटर कैनन, दंगा नियंत्रण गाड़ियां और अमित शाह की पूरी पुलिस तैनात की गई। ऐसा प्रतीत होता है जैसे की उनको किसी आंतकवादी को रोकना या पकड़ना हो? किसान भूमि अधिग्रहण का उचित मुआवजा और फसल के सही दाम की मांग लेकर दिल्ली आकर सोती सरकार को जगाना चाहते हैं इसमें बुरा क्या है? वहीं, आम आदमी पार्टी की ओर से बयान आया जिसमें कहा गया कि राष्ट्र की राजधानी किसी की बपौती तो है नहीं? फिर किसान क्यों नहीं आ सकते? प्रधानमंत्री पर भी उन्होंने हमला किया। बोले, किसानों पर बर्बरता के नए आयाम रच रहे हैं प्रधानमंत्री। उनके दिल में अन्नदाताओं के लिए रत्ती भर सम्मान नहीं है। कांग्रेस का मानना है कि किसान अपनी जायज मांगों को लेकर दिल्ली आना चाहते हैं, उन्हें आने देना चाहिए, उनपर वाटर कैनन का प्रयोग करना गलत है। दरअसल, ऐसे मौकों पर विपक्ष का बिना सोचे समझे कूद पड़ना, 'आग में घी डालने' का काम कर जाता है। जबकि, उन्हें केंद्र सरकार पर दबाव बनाकर विकल्प और समाधान की ओर ध्यानाकर्षण करवाना चाहिए। ताकि सरकार आंदोलनकारियों से बात करने पर विवश हो? पर, दुर्भाग्य ऐसा हो नहीं पाता और न ही विपक्ष ऐसा प्रयास करता है।



## संपादकीय

### ड़ोनाल्ड़ ट्रंप की बेचैनी

डोनाल्ड़ ट्रंप अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में 20 जनवरी, 2025 को शपथ लेंगे लेकिन उन्होंने अभी से अपनी नीतियों और कार्यक्रमों पर अमल करना शुरू कर दिया है। ट्रंप ने अपने मंत्रिमंड़ल में ऐसे लोगों का चयन किया है जो घरेलू एवं विदेश मोर्चे पर उनकी नीतियों से सहमत हैं। अमेरिका की घरेलू आर्थिक नीतियों का दुनिया की सभी अर्थव्यवस्थाओं पर असर पड़ता है। वह अपने चुनाव सभाओं में कहा करते थे कि वह अमेरिकी हितों की रक्षा के लिएटैरिफ का इस्तेमाल करेंगे। ट्रंप ने कनाड़ा और मैक्सिको जैसे देशों से आने वाले सामानों पर 25 फीसद टैरिफ लगाने की घोषणा करके इन देशों की बेचैनी बढ़ा दी है। आर्थिक नीतियों का इस्तेमाल राजनीतिक और रणनीतिक लक्ष्य हासिल करने के लिएभी किया जाता है। यदि इन देशों से आने वाले सामानों पर आयात शुल्क बढ़ाते हैं तो यह इनके खिलाफ एक रणनीतिक कदम माना जाएगा। ट्रंप यहीं पर नहीं रुके, बल्कि अपनी संरक्षणवादी नीतियों को विस्तार देते हुए ब्रिक्स देशों को भी चेतावनी दी है कि वे ड़ॉलर का इस्तेमाल बंद कर-के नई करंसी लॉन्च करते हैं तो ब्रिक्स देशों पर 100 फीसद टैरिफ लगाया जाएगा।




ब्रिक्स की अफ्रीका में संपन्न शिखर वार्ता में ब्राजीली राष्ट्रपति लूला ड़िसिल्वा ने ब्रिक्स करंसी का सुझाव दिया था। ब्रिक्स करंसी के जरिए विश्व व्यवस्था पर वर्चस्व कायम करने वाले अमेरिकी ड़ॉलर का दबदबा खत्म हो सकता है। अमेरिका और पश्चिमी देशों के घटते प्रभाव के कारण विभिन्न महाद्वीपों के अनेक देश ब्रिक्स में शामिल होना चाहते हैं। जाहिर है कि ब्रिक्स अमेरिका के लिए बड़ी चुनौती बनकर उभर रहा है। ब्रिक्स की संभावित करंसी को लेकर ट्रंप की बेचैनी समझी जा सकती है। ट्रंप इस खतरे को अच्छी तरह समझ रहे हैं। हालांकि दुनिया में नई करंसी का प्रचलन बहुत जटिल और दुरुह प्रक्रिया है। इसी बात को ध्यान में रखकर ब्रिक्स देशों ने तय किया है कि फिलहाल नई करंसी के स्थान पर विभिन्न देशों की राष्ट्रीय करंसी में आपसी व्यापार किया जाए। लेकिन गौर करने वाली बात यह है कि यदि अमेरिका आपात शुल्क में बढ़ोतरी करता है तो उसके सहयोगी यूरोपीय देशों पर भी इसका विपरीत असर पड़ेगा। बड़ा सवाल है कि क्या ट्रंप अपने सहयोगी देशों को नाराज करके आयात शुल्क बढ़ाने की घोषणा को लागू कर पाएंगे। उनका पहला कार्यकाल विवादों से भरा हुआ था। क्या ड़ोनाल्ड़ ट्रंप का दूसरा कार्यकाल भी उनकी तुनकमिजाजी के लिए याद किया जाएगा।

## चिंतन-मनन

### मन को जगाएं

दूसरा महायुद्ध चल रहा था। भीषण बमवर्षा हो रही थी। पूरा लंदन नगर संत्रस्त था। सारे नगर में भय का साम्राज्य छाया हुआ था। पर उसी नगर में एक बूढ़ी महिला निश्चिंत रूप से सोती और निश्चिंत जागती। आस-पास के लोगों की नींद पूरी तरह गायब हो चुकी थी। वे न सुख से सो पाते और न सुख से जाग पाते। दूसरे सभी जागते, किन्तु बुढिया निश्चिंत सोती, गहरी नींद लेती। लोगों ने बुढिया से पूछा, मां! क्या बात है? सारा नगर भय से आप्रान्त है। यहां कोई भी सुख की नींद नहीं सो सकता। तुम कैसे सुखपूर्वक सो जाती हो? इसका रहस्य क्या है? बुढिया ने कहा, बेटा! इसका रहस्य यही है कि मेरा प्रभु सदा जागता है। फिर मैं क्यों जागती रहूं? दो को जागने की जरूरत नहीं है। यह सच है। जब मन जाग जाता है, फिर कोई जागे या न जागे, कोई जरूरत नहीं है। किसी को जगाने की भी जरूरत नहीं है। वास्तविकता तो यह है कि मन के जगाने पर कोई सोया रह नहीं सकता। सबको जागना ही पड़ता है। एक के जागने पर सब जाग जाते हैं। एक के सोने पर सब सो जाते हैं। मन का मार्ग बहुत लम्बा-चौड़ा और दीर्घ है। वह एक क्षण में सारी दुनिया का चक्कर लगा सकता है। मन को साधने के बाद उसका भटकाव मिट जाता है, प्रमाद मिट जाता है, सोने की आदत मिट जाती है। फिर वह पूर्ण अनुशासित हो जाता है, नियंत्रित हो जाता है। जागरूकता का विकास सिद्धान्त को जानने मात्र से नहीं होता। उसका विकास तब होता है, जब साधक उचित दिशा में जागरूकता का अभ्यास करे।

# बांग्लादेश के सत्ता संघर्ष में भारत और हिंदू मोहरा बने?




सनत जैन

बांग्लादेश की पूर्व राष्ट्रपति शेख हसीना को भारत सरकार ने पनाह दे रखी है। जिस तरह से उन्होंने धांधली कर चुनाव जीता था, उसके बाद से ही उनके खिलाफ बांग्लादेश में वातावरण बनने लगा था। रही सही कसर अदानी समूह के साथ बिजली समझौते ने बांग्लादेश की राजनीति और सत्ता संघर्ष को बढ़ाने का काम किया। कहा जाता है, शेख हसीना ने इस समझौते में भारी भ्रष्टाचार करते हुए बिजली का अनुबंध किया था। बांग्लादेश में चुनाव जीतने के लिए जिस तरह से चुनाव कराए गए थे। विपक्षियों को चुनाव में भाग लेने से रोका गया था। उसके बाद से ही शेख हसीना को बांग्लादेश में चारों तरफ से चुनौतियां मिलना शुरू हो गई थी। वह तानाशाही की तरफ बढ़ती चली जा रही थीं। विपक्षियों का दमन किया जा रहा था। महंगाई और बेरोजगारी जैसे मामलों में शेख हसीना सरकार की उपेक्षा के परिणाम स्वरूप छात्र आंदोलन सड़कों पर आ गया। आंदोलनकारी छात्रों के ऊपर गोलियां चलाई गई। इससे माहौल बुरी तरह से बिगड़ गया। एक समय ऐसा भी आया, जब शेख हसीना को अपनी जान बचाकर बांग्लादेश से भागना पड़ा। उन्होंने भारत में शरण ली। भारत में शरण लेने के बाद वह निरंतर यूनुस सरकार पर हमलावर हैं। जिसके कारण बांग्लादेश की आंतरिक राजनीति में तनाव बढ़ता चला जा रहा है। इसका असर बांग्लादेश में रह रहे हिंदुओं और भारत के संबंधों पर पड रहा है। शेख हसीना के समय बांग्लादेश में जिस तरीके का नरसंहार हुआ था। पुलिस और सेना ने आम नागरिकों के ऊपर जिस तरह के अत्याचार किए थे। हाल ही में शेख हसीना ने नरसंहार के लिए उस समय के निर्वासित नेता यूनुस को जिम्मेदार ठहराने वाला बयान दिया है। 4 माह पहले शेख हसीना बांग्लादेश से जान बचाकर भारत में शरण ली है। वह भारत में बैठकर जिस तरीके के बयान लगातार दे रही हैं। उसके कारण भारत के बांग्ला देश के साथ संबंध लगातार खराब हो रहे हैं। अदानी का बिजली वाला समझौता भी बांग्लादेशी नागरिकों को यह बता रहा है। महंगी दरों पर बिजली खरीद करके शेख हसीना ने भारी भ्रष्टाचार किया था। शेख हसीना के भ्रष्टाचार की चर्चा घर-घर में हो रही है। शेख हसीना को बचाने के लिए भारत सरकार अपने राजनायिक रिश्तो को बलि पर चढ़ा दिया है। बांग्लादेश के साथ संबंधों को सामान्य बनाने के स्थान पर, शेख हसीना को बांग्लादेश की आंतरिक राजनीति में हस्तक्षेप करने का अवसर भारत सरकार द्वारा दिया जा रहा है। वर्तमान स्थिति में जिस तरह से भारत सरकार को बांग्लादेश के साथ अपने संबंधों को बेहतर बनाने की दिशा में जो प्रयास करना चाहिए। बांग्लादेश सरकार से बातचीत करके मामले को सुलझाने की पहल करनी चाहिए। उसके स्थान पर भारत बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के खिलाफ अघोषित रूप से एक पार्टी बनकर उभर रही है। भारत में अल्पसंख्यक मुसलमानो के साथ जिस तरह का व्यवहार हो रहा है। उसकी प्रतिक्रिया अब बांग्लादेश में भी देखने को मिल रही है। जिसके कारण बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ नरसंहार की एक नई शुरूआत देखने को मिल रही है। जो इसके पहले कभी भी बांग्लादेश में नहीं थी। इस्कॉन मंदिर अभी तक किसी राजनीति में नहीं रहता था। बांग्लादेश में इस्कान मंदिर के स्वामी ने जिस तरह का बयान दिया। उसे कहीं से भी न्याय संगत नहीं ठहराया जा सकता है। इस्कान मंदिर हमेशा प्रेम और सद्भाव के कारण सारी दुनिया में तेजी के साथ फैला। बांग्लादेश में वह भी विवादित बन गया है। अंतरिम सरकार के राष्ट्रपति मोहम्मद यूनुस हिंदुओं की सुरक्षा को लेकर भारत की चिंता को प्रोपेगेंडा बता रहे हैं। उन्होंने कहा, उनके पास इसके ठोस आधार हैं। उन्होंने शेख हसीना पर गंभीर आरोप लगाते हुए प्रत्यापन की मांग की है। उन्होंने यह भी कहा कि दोनों देशों के बीच में प्रत्यावर्तन संधि का समझौता है। भारत को इसका पालन करना चाहिए। भारत सरकार को बांग्लादेश के साथ अपने संबंधों को सामान्य और बेहतर बनाने की दिशा में काम करने की जरूरत है। भारत सरकार इस मामले को हिंदू और मुसलमान के एंगल से देखकर शेख हसीना को बचाने के चक्कर में खुद एक पार्टी बन गईं है। जिससे भारत की सुरक्षा व्यवस्था और अन्य मामलों में पड़ोसी देशों के साथ संबंधों को लेकर दूरियां बनना शुरू हो गई हैं। यह स्थिति चिंताजनक है। हाल ही में भारत के कई हिस्सों में बांग्लादेश के खिलाफ प्रदर्शन हुए हैं। भारत में बांग्लादेश के सत्ता संघर्ष को हिंदू-मुस्लिम एंगल से देखा जा रहा है। कहीं ना कहीं भारत सरकार की विदेश नीति में पहली बार यह गड़बड़ी होते हुए देखी जा रही है। भारत सरकार बांग्लादेश के साथ सीधी बात क्यों नहीं कर रही है। इसको लेकर भी तरह-तरह की चर्चाएं होने लगी हैं। शरणार्थी के रूप में शेख हसीना भारत में रह रही हैं। कम से कम उन्हें बयान देने से भारत सरकार द्वारा रोका जाना चाहिए। यदि यह संदेश बांग्लादेश में जा रहा है, कि शेख हसीना भारत में रहते हुए बांग्लादेश की सरकार को अस्थिर करने का प्रयास कर रही हैं। भारत से बैठकर वह बांग्लादेश की राजनीति कर रही हैं। भारत सरकार का उन्हें समर्थन प्राप्त हो रहा है। ऐसी स्थिति में बांग्लादेश और भारत के संबंधों को सामान्य नहीं बनाया जा सकता है। वर्तमान स्थिति में बांग्लादेश में रह रहे हिंदुओं को सुरक्षित कर पाना संभव नहीं होगा। भारत में जिस तरह से मुसलमानो के धार्मिक क्षेत्रों की खुदाई की जा रही है। जगह-जगह सर्वे की शुरूआत हो चुकी है। भारत में अल्पसंख्यक मुसलमानो के साथ जिस तरह का व्यवहार हो रहा है। इसका असर भी बांग्लादेश के हिंदुओं पर पडता हुआ दिख रहा है। भारत सरकार को बड़ी गंभीरता से वर्तमान स्थिति को देखते हुए बांग्लादेश के साथ अपने राजनीतिक और कूटनीतिक संबंधों को बेहतर बनाने की दिशा में आगे बढ़ना होगा। अन्यथा बांग्लादेश के साथ-साथ भारत में भी कानून व्यवस्था की स्थिति दिनों दिन खराब हो सकती है। इस बात का भी ध्यान भारत सरकार को रखना होगा। जब तक शेख हसीना भारत में शरण लेकर रह रही हैं। भारत सरकार को उनको भी अनावश्यक बयान देने से नियंत्रित करने की जरूरत है। यहां रहते हुए वह इस तरह का कोई बयान नहीं दें। शेख हसीना के बयान से दोनों देशों के संबंधों पर विपरीत असर पड़े। होना तो यह चाहिए, भारत सरकार को शेख हसीना को किसी ऐसे देश में शरण दिलाने की दिशा में प्रयास करने चाहिए। शेख हसीना भारत में नहीं रहेगी, तभी भारत और बांग्लादेश के संबंध सामान्य हो सकते हैं। भारत और बांग्ला देश पड़ोसी देश हैं। भारत सरकार जितनी जल्दी बांग्लादेश के आंतरिक विवाद से दूर होगी, उतनी ही जल्दी भारत सरकार और बांग्लादेश के संबंध सामान्य हो सकते हैं। बांग्लादेश में रह रहे हिंदू भी सुरक्षित होंगे। भारत सरकार को इस विषय पर गंभीरता से चिंतन करते हुए अपने संबंधों को सामान्य बनाने की दिशा में काम करने की आवश्यकता है। भारत को बांग्लादेश की आंतरिक राजनीति में दखल देने के स्थान पर अपने हितों को सुरक्षित करने को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी होगी।

# शेयर बाजारः गिरावट का गुणा गणित



राहुल लाल




भारतीय शेयर बाजार पिछले कुछ समय से लगातार गिरावट का रुख है और बेंचमार्क निफ्टी और स्मॉलकैप 100 अपने सार्वकालिक उच्चतम स्तर से 10 फीसद से ज्यादा टूट चुके हैं। बाजार कमजोर नतीजों और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की बिकवाली का पहले से दबाव झेल रहा था। इस बीच, खुदरा मुद्रास्फीति में तेजी और डॉलर में मजबूती ने चिंता बढ़ा दी है। बाजार के उच्चतम स्तर से 10 फीसद से ज्यादा फिसलने को ही 'तकनीकी रूप से गिरावट' कहा जाता है।

डॉलर में मजबूती और अमेरिकी बॉन्ड में तेजी के मद्देनजर विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) भारत से अपना निवेश लगातार निकाल रहे हैं। अक्टूबर में विदेशी निवेशकों ने 94,017 करोड़ डॉलर की निकासी की तो नवम्बर में 21,612 डॉलर की। अमेरिकी फेड रेट में कटौती के बाद से ही एफपीआई में निकासी जारी है। बीते माह चीन सरकार ने स्पेशल राहत पैकेज का ऐलान कर अर्थव्यवस्था को बूस्ट देने की कोशिश की। इस राहत पैकेज ने भी विदेशी निवेशकों को आकर्षित किया। इसलिए विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार से पैसा निकाल कर अमेरिका और चीन के बाजार में निवेश करना शुरू कर दिया। विदेशी निवेशकों ने शेयर बाजार से दूरी बनाई तो घरेलू निवेशकों ने शेयर बाजार में मोर्चा संभाला। लेकिन चिंता की बात यह है कि घरेलू निवेशकों में काफी ऐसे हैं, जिन्हें शेयर बाजार और अर्थव्यवस्था की मोटी-मोटी जानकारियां नहीं हैं। कड़वी सच्चाई है कि शेयर बाजार से 90 फीसद से ज्यादा रिटेलर पैसे नहीं बना पाते, बल्कि अपनी मेहनत से कमाए पैसे गंवा जरूर देते हैं। रिटेल निवेशकों को समझना होगा कि अभी जब निजी इक्विटी फर्म, प्रवर्तक इकाइयां इत्यादि शेयर बाजार से दूरी बना रही हैं, तब वे बिना रिसर्च किए शेयर बाजार में निवेश करेंगे, तो उनका निवेश कैसे सुरक्षित रह सकता है?

शेयर बाजार काफी जोखिम भरा होता है, एक छोटी सी गलती निवेशक को भारी नुकसान पहुंचा सकती है। आज सोशल मीडिया पर कई इनफ्लुएंसर ज्ञान देते हैं कि किस शेयर में निवेश करना चाहिए। हमें इनसे प्रभावित होकर निवेश नहीं करना चाहिए। जब भी किसी कंपनी के शेयर खरीदें, तो आपको उस कंपनी के बारे में गहन रिसर्च करनी चाहिए। शेयर बाजार में कई कंपनियों में उतार-चढ़ाव कृत्रिम किस्म का होता है, जिसमें बड़े खिलाड़ी तो लाभ लेकर निकल जाते हैं, परंतु छोटे खुदरा निवेशक बर्बाद हो जाते हैं। सरकार और सेबी जैसे नियामकों के लिए आवश्यक है कि शेयर बाजार में कृत्रिम उतार-चढ़ाव को लेकर सदैव सख्त रहें। छोटे निवेशकों की पूंजी न डूबे, इसके लिए सेबी और सरकार को भी कुछ सेफगार्ड बनाने चाहिए। निवेशकों को शेयर बाजार और अर्थव्यवस्था की बारीकियों की सीख देने के लिए भी सेबी को गंभीरता से कदम उठाने चाहिए। निवेशकों को भी अर्थव्यवस्था की विभिन्न चुनौतियों को समझने का प्रयास करना चाहिए। उदाहरण के लिए भारतीय अर्थव्यवस्था इस समय एक ओर महंगाई और दूसरी ओर सुस्त होती रफ्तार से जूझ रही है। आरबीआई के लिए आवश्यक है कि महंगाई को 6प्र. के दायरे में रखे जबकि इस समय खुदरा महंगाई दर 6.2 प्रतिशत है। आरबीआई इस दृष्टि से ब्याज दरों में कटौती नहीं कर सकता। ब्याज दरों में कटौती करेगा, तो महंगाई और बढ़ जाएगी। दूसरी तरफ, इस वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर केवल 5.4 फीसदी रही, जो 7 तिमाहियों में सबसे कम है। इस समय अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करने के लिए सस्ते कर्ज की जरूरत है, जिसके लिए आरबीआई को ब्याज दर में कटौती करनी होगी परंतु महंगाई दर के कारण यह संभव नहीं। ब्याज दरें कम नहीं हुई तो आर्थिक सुस्ती जल्द ही आर्थिक मंदी की ओर अग्रसर हो जाएगी।

कुल मिला कर ब्याज दरें घटाने की गुंजाइश सीमित होना अर्थव्यवस्था और शेयर बाजार के लिए अच्छी खबर नहीं है। ऐसे में निवेशकों को परिस्थितियों के अनुसार निवेश की योजना बनानी चाहिए। शेयर बाजार में जो हाहाकार मचा है, उसमें विदेशी निवेशकों की भारी-भरकम निकासी भी प्रमुख कारण है। स्पष्ट है कि भारत को टिकाऊ स्तर पर उच्च निवेश की आवश्यकता है, ताकि लंबी अवधि तक देश ऊंची वृद्धि दर हासिल कर सके। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने जिस तरह उच्च स्तर पर निकासी की है, उससे बचने के लिए आवश्यक है कि अर्थव्यवस्था के सभी उच्चतर संकेतकों को मजबूत रखा जाए। देश विकास के जिस चरण में है, वहां हमारी घरेलू बचत 'जीडीपी वृद्धि' के लिए पर्याप्त नहीं है। ऐसे में विश्व से टिकाऊ पूंजी जुटाने की जरूरत है। भारत में आने वाली विदेशी पूंजी कई लक्ष्यों के साथ आती है। उदाहरण के लिए कुछ एफपीआई केवल भारत और अमेरिका की ब्याज दरों के अंतर का लाभ उठाने के लिए आते हैं। ऐसे निवेश अल्पकालिक प्रकृति के हो सकते हैं, और बहुत जल्दी वापस चले भी जाते हैं।

## संक्षिप्त डायरी

### सिंभावली पुलिस ने पोक्सो एक्ट/आईटी एक्ट में वांछित चल रहे। अभियुक्त को घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल मोबाइल सहित किया गिरफ्तार



संस्कार उजाला

**गढ़मुक्तेश्वर**/एसपी कुंवर ज्ञानेंजय सिंह के आदेश अनुपालन में आपराधिक मामलों में वांछित एवं न्यायालय से गैर हाजिर चल रहे। अभियुक्तों की धर पकड़ को लेकर चलाए जा रहे। अभियान के तहत सिंभावली पुलिस ने मु॰अ॰स॰276/24/धारा 65(1)61(2)बीएनएस ,3/4 पोक्सो एक्ट एवं 67(बी) आईटी एक्ट में वांछित चल रहे। अभियुक्त सुहेब उर्फ शोएब पुत्र मोहम्मद अली उर्फ खिलाफत निवासी मुरादपुर थाना सिंभावली को घटना में प्रयुक्त मोबाइल ओप्पो कंपनी एवं स्प्लेंडर मोटरसाइकिल संख्या यूपी 37वी 9664 सहित गिरफ्तार कर विधिक वैधानिक कार्यवाही करते हुए भेजा जेल।

### सरार्फा व्यापारी की दुकान का शटर तोड़कर चोरों ने लाखों रुपए के गहने किए चोरी घटना सीसीटीवी कैमरे में हुई कैद पुलिस मामले की जांच में जुटी



संस्कार उजाला

**हापुड़**/थाना हापुड़ देहात क्षेत्र के अंतर्गत चोरों के द्वारा सरार्फा व्यापारी की दुकान का शटर तोड़कर लाखों रुपए के गहने चोरी करने का मामला प्रकाश में आया है। चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद होने को लेकर पुलिस ने जल्द ही खुलासा करने का आश्वासन दिया है। बता दें कि हापुड़ के मोहल्ला केशव नगर निवासी नितेश की धनोरा मार्ग पर श्री गणेश ज्वेलर्स के नाम से सरार्फा की दुकान है। जिसका चोरों ने शटर तोड़कर लाखों रुपए की ज्वैलरी चोरी करने की घटना को अंजाम दिया। पटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार का कहना है कि चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद होने के चलते मामले की गहनता पूर्ण जांच की जा रही है। घटना का जल्द ही खुलासा किया जाएगा।

### संभल कांड के पीड़ित लोगों को न्याय के लिए कांग्रेसियों ने कैंडल जलाकर की प्रार्थना



संस्कार उजाला

**गढ़मुक्तेश्वर**/जनपद संभल मे हुई हिंसा को लेकर कल लोक सभा में विपक्ष के नेता जननायक राहुल गांधी एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव प्रियंका गांधी-सांसद को गाजीपुर बॉर्डर पर उत्तर प्रदेश सरकार ने जाने की अनुमति नहीं दी। जिसके बाद प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर अंबेडकर गेट गढ से अंबेडकर प्रतिमा गढ़मुक्तेश्वर मे कैंडल जलाकर सरकार को सद्बुद्धि एवं घटना में पीड़ित लोगों को न्याय एवं सामाजिक सौहार्द हेतु प्रार्थना की गई।जिला अध्यक्ष मिथुन त्यागी ने कहा कि देश व प्रदेश की भाजपा सरकार पूरी तरह तानाशाही पर आ गई है।जो देश और प्रदेश में किसी भी प्रकार से शान्ति नहीं चाहती। नगर अध्यक्ष मुकेश कौशिक ने कहा कि जिस तरह कांग्रेस कार्यकर्ताओ को संभल जाने से रोका जा रहा है। उससे संवैधानिक अधिकारों का हनन हो रहा है। इस अवसर पर डॉ0 फराहिम, पूर्व प्रत्याशी कादिर, बिजेन्द्र सिंह भारत, चन्द्रपाल केन, कृष्ण प्रजापति एडवोकेट, प्रधान सरनजीत सिंह, विकास भारद्वाज, नवनीत एडवोकेट, गुलफाम, बॉबी, उपेन्द्र यादव आदि मौजूद रहे।

### विशेष अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक बहराइच व अन्य समस्त राजपत्रित अधिकारियों द्वारा प्रातःकाल भ्रमण कर जनपद के विभिन्न धार्मिक स्थलों पर लगे ध्वनि विस्तारक यन्त्रों की समीक्षा की गयी



संस्कार उजाला
**डॉ0सै0अब्दुल खबीर**

**बहराइच** माननीय मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश द्वारा कल दिनांक 04.12.2024 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के समस्त जनपदों को निर्देशित किया गया था कि अपने-अपने जनपद के सभी धार्मिक स्थलों पर लगे हुए ध्वनि विस्तारक यन्त्रों की पुनः समीक्षा कर अधिक ध्वनि पर चलने वाले संस्थानों पर ध्वनि को कम कराया जाये, जहाँ पर अतिरिक्त लाउडस्पीकर लगाये गये हैं उनको तत्काल हटवाया जाये।

जिसके क्रम में आज दिनाँक 05.12.2024 को जनपद के विभिन्न धार्मिक स्थलों को प्रातः 05:00 बजे से 06:00 बजे तक विशेष अभियान चलाकर सभी थाना क्षेत्रों में महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों की समीक्षा की गयी। जनपद में कुल 366 धार्मिक स्थलों के ध्वनि विस्तारक यन्त्रों को चेक किया गया जिसमें 202 की ध्वनि जो मानक से अधिक ध्वनि पर बज रही थी उसको कम कराया गया तथा 09 स्थानों पर अतिरिक्त लगे हुए लाउडस्पीकरों को हटवाया गया ।

पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला मय समस्त राजपत्रित अधिकारियों द्वारा भी इस कार्यवाही में प्रतिभाग किया गया तथा पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी को निर्देशित किया गया है कि यह कार्यवाही नियमित रूप से जनपद में चलती रहेगी।

## सामुदायिक शौचालय में लापरवाही के लटक रहे ताला ,चमराबोझी गांव में सामुदायिक शौचालय बना है लेकिन ग्रामीण बाहर जाने को मजबूर।




संस्कार उजाला
**जनपद शाहजहांपुर**

**खुटार** सरकार नई नई योजनाएं ला रही है ताकि जनता को किसी प्रकार की समस्या का सामना करना ना पड़े लेकिन अधिकारियों की वजह से जनता को समस्या का ही सामना करना पड़ रहा है सरकार तो बजट पास कर देती है लेकिन योजनाएं कागजों तक ही सीमित रह जाती है क्षेत्र के ग्राम पंचायत चमराबोझी सामुदायिक शौचाल मैं पड़ा ताला ग्रामीणों ने बताया है की सामुदायिक शौचालय खाना पूर्ति कर बनाया गया है प्रधान के द्वारा बनकर कंप्लीट कर दिया गया है उसका कभी भी ताला नहीं खोला जाता है कि उसका कोई लाभ उठा सके जमीनी हकीकत पर बंद पड़ा है सामुदायिक शौचालय लेकिन कागजों में सामुदायिक शौचालय रोज चल रहा है शौचालय में लगे केयरटेकर भी सेक्रेटरी की मिली भगत से जानकारी के अनुसार फ्री में पेमेंट ले रहे हैं सामुदायिक शौचालय का बाहर समरसेबल लगाया गया है उससे सामुदायिक शौचालय एक धार्मिक स्तर पर बनाया गया है इसकी और जिम्मेदार अधिकारी ध्यान देने की जरूरत नहीं समझते हैं। महेश कांत पांडे से जानकारी करनी चाहि तो उनका फोन नहीं उठा रहा था, ज्यादातर महोदय जी ग्राम पंचायत में कोई कार्य सही तरीके से नहीं हो पा रहा मिली जानकारी के अनुसार महेश कांत पांडे सचिन की सभी ग्राम पंचायत में सामुदायिक शौचालय का बहुत बुरा हाल है। वीरेंद्र मिश्रा वीडियो से कई बार सामुदायिक शौचालय के बारे में जानकारी करनी चाहि लेकिन वह फोन लगातार काट रहे थे ,,

## आगामी मौनी बाबा मेले की तैयारियां जल्द करें पूर्णः सीडीओ

संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा

गुरुवार को मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य एवं अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 राजेश कुमार की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी 15 से 17 दिसम्बर, 2024 पर आयोजित होने वाले मौनी बाबा मेले की तैयारियों के सम्बन्ध में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को अपने-अपने कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने पर्यटन विभाग के अन्तर्गत यूपीपीसीएल के द्वारा कराये जाने वाले कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने तथा पानी की टंकी को चालू किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग को मेला क्षेत्र की रोडों की मरम्मत कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने मेला स्थल पर विद्युत विभाग के अधिकारियों को विद्युत लाइन व तार ठीक कराये जाने तथा कर्मचारियों की ड्यूटी एवं मोटरेबल ट्रान्सफार्मर की व्यवस्था रखने के साथ निर्बाद्ध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को मेडिकल टीम, एम्बुलेन्स, आवश्यक दवाओं सहित डाक्टरों की व्यवस्था रखने के लिए निर्देशित किया। मेला स्थल पर सीसीटीवी कैमरों की



व्यवस्था के साथ सड़क पर दुकाने न लगने पायें, इसके सम्बन्ध में उप जिलाधिकारी बबेरू को निर्देशित किया। मेला स्थल पर अग्निशमन की गाडियों की व्यवस्था कराये जाने के सम्बन्ध में मुख्य अग्निशमन अधिकारी को निर्देश दिये। उन्होंने मेला स्थल में झाडियों की साफ-सफाई, शौचालय सफाई व परिसर की रंगाई पुताई का कार्य पूर्ण कराये जाने एवं हैण्डपम्पों को ठीक कराये जाने के निर्देश जिला पंचायत राज अधिकारी को दिये। उन्होंने उप जिलाधिकारी को मेले में लगने वाले बैरिकेटिंग एवं अन्य व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में निर्देशित किया। उन्होंने मेला के दौरान विभिन्न मार्गों बॉदा, बबेरू, कर्वी, महोबा, हमीरपुर आदि मार्गों से परिवहन व्यवस्था हेतु बसों का संचालन की व्यवस्था भी कराये जाने के सम्बन्ध में निर्देश दिये। उन्होंने मेले में आने वाले लोगों को सर्दी से बचाव हेतु अलाव की व्यवस्था वन विभाग के द्वारा कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने सोलर लाइटों को ठीक कराये जाने के लिए नेडा के अधिकारियों को निर्देशित किया। मेला मजिस्ट्रेट की ड्यूटी व अन्य अधिकारियों की ड्यूटी लगाये जाने तथा पर्याप्त पुलिस सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था की समुचित व्यवस्था रखने के सम्बन्ध में क्षेत्राधिकारी पुलिस को निर्देशित किया। उन्होंने यातायात की समुचित व्यवस्था रखे जाने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन विभागों की विभागीय प्रदर्शनी व स्टाल लगाये जाते हैं, वे समय से मेला स्थल पर लगाना सुनिश्चित करें। उन्होंने आईटीआई में पुलिस के ठहरने हेतु समुचित व्यवस्था किये जाने तथा मेला स्थल पर फॉगिंग की व्यवस्था कराये जाने के निर्देश दिये। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, उप जिलाधिकारी बबेरू नमन मेहता, परियोजना निदेशक डीआरडीए प्रवीणानन्द, मेला कमेटी के अनुज कुमार, आलोक अरोडा, मनोहर लाल एवं सम्बन्धित अधिकारीगण, खण्ड विकास अधिकारी बबेरू, उपस्थित रहे।

## गोद लिये विद्यालय का निरीक्षण करने पहुंचे डीएम

**शिक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिये स्कूल के शिक्षकों से वार्ता कर मांगे सुझाव दिये आवश्यक निर्देश**

संस्कार उजाला
**जनपद शाहजहांपुर**

**शाहजहाँपुर/** पीएमश्री एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों की शिक्षा व्यवस्था में सुधार करने तथा उच्च गुणवत्ता की शिक्षा उपलब्ध कराने हेतु जिलाधिकारी सहित अन्य अधिकारियों द्वारा जनपद के 44 विद्यालयों को गोद लिया गया है। जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा जनपद के सबसे अधिक नामांकन वाले विद्यालयों में से एक पीएमश्री कम्पोजिट विद्यालय सेहरामऊ दक्षिणी, वि0क्षे0 भावलखेड़ा को गोद लिया गया है। जिलाधिकारी ने गोद लिये गये विद्यालय का गुरूवार को निरीक्षण किया तथा विद्यालय के अध्यापकों से स्कूल में ही मीटिंग कर विद्यालय की स्थिति में, शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करने हेतु योजना





बनायी तथा आवश्यक निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्कूल के प्रत्येक कक्षा में जाकर देखा। जर्जर पड़े कक्षों को ध्वस्तीकरण करने के निर्देश दिये। विद्यालय में साफ-सफाई भी ठीक नही पायी गयी तथा विद्यालय में 695 बच्चों का नामांकन है, जिसके सापेक्ष कम उपस्थित पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होने कहा कि सभी कक्ष अध्यापकों के पास अभिभवकों के नं0 उपलब्ध होना चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा प्रत्येक 15 दिनों में विद्यालय का निरीक्षण उनके द्वारा किया जाएगा। एक माह तक शतप्रतिशत उपस्थिति दर्ज करवाने वाले बच्चों का नाम कक्ष अध्यापक नोट कर-के रखें जिन्हे प्रोत्साहन हेतु वह स्वयं सम्मानित करेगें। जिलाधिकारी ने विद्यालय में एक एक अध्यापक को अलग अलग जिम्मेदारी देने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने विद्यालय को बेहतर बनाने के लिये सुझाव मांगे, अध्यापकों ने अपने अपने सुझाव दिये। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि पूरे कैंपस और कमरों में सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाए। उन्होने सभी कमरों की विंडो परं मॉस्किटो जाली लगाने, रंगाई पुताई तथा कैम्पस को हर भरा बनाएं जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होने बीडीओ को निर्देश दिए कि किसी भी दशा में विद्यालय अथवा आस पस कूड़ा न दिखना चाहिए। जिलाधिकारी ने अध्यापकों को निर्देश दिये कि सभी बच्चों को राष्ट्रगान, राष्ट्रीय गीत भी जरूर याद हो यह सुनिश्चित किया जाए। सभी लोग विद्यालय निर्धारित ड्रेस में ही उपस्थित हो। जिलाधिकारी ने विद्यालय में झूले लगवाए जाने तथा आकर्षक वाल पेंटिंग बनाने हेतु निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान खण्ड शिक्षा अधिकारी आदि मोजूद रहे।

## दबंगों के द्वारा कृषि भूमि पर कब्जा करने का विरोध करने पर महिला किसान पर की फायरिंग पीड़िता ने जान माल की सुरक्षा की लगाई गुहार

संस्कार उजाला

**गढ़मुक्तेश्वर/** बहादुरगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पुष्पावती पूठ में दबंगों के द्वारा महिला किसान की खेती की भूमि पर कब्जा करने का विरोध करने पर दबंगों के द्वार फायरिंग कर दहशत फैलाने का मामला सुर्खियों में आया है। बता दे की पीड़ित महिला ने उपजिलाधिकारी साक्षी शर्मा एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी वरुण मिश्रा को शिकायती पत्र देकर उल्लेख किया है कि गांव के ही रहने वाले कुछ दबंग लोगों के द्वारा उसकी कृषि की भूमि पर कब्जा कर लिया है। और उसके द्वारा बोई गई गेहूं की फसल को भी नष्ट कर दिया है। जिसका विरोध करने पर दबंगों के द्वारा फायरिंग कर दहशत फैला दी गई है। पीड़िता का कहना है कि गांव में उसकी खेती की भूमिका पट्टा मिला हुआ है। जिस पर वह




पिछले कई वर्षों से खेती करती चली आ रही है। जिसके चलते दो दिन पूर्व गांव के ही कुछ दबंग प्रवृत्ति के लोग आए और इसकी खेती की भूमि पर कब्जा कर लिया। जिसका विरोध करने पर दबंगों के द्वारा फायरिंग कर दहशत फैलाने के साथ पीड़िता को जान से मारने की भी धमकी दी है। जिसको लेकर डरी सहमी पीड़िता ने एसडीएम साक्षी शर्मा, सीओ वरुण मिश्रा को शिकायती पत्र देकर अपनी जान माल को खतरा बताते हुए कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

## जनपद में 07 दिसम्बर से प्रारम्भ होगा खाद्यान्न का वितरण

संस्कार उजाला
**डॉ0सै0अब्दुल खबीर**

**बहराइच** जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि जनपद के समस्त अन्त्योदय अन्न योजना तथा पात्र गृहस्थी योजना के कार्डधारकों को माह दिसम्बर 2024 में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत नियमित वितरण का कार्य 07 से 25 दिसम्बर 2024 तक होगा। अन्त्योदय अन्न योजना के कार्डधारकों को प्रति राशन कार्ड 35 कि.ग्रा. खाद्यान्न (18 कि.ग्रा. फोर्टिफाइड चावल 17 कि.ग्रा. गेहूँ) तथा पात्र गृहस्थी योजना कार्डधारकों को प्रति यूनिट 05 कि.ग्रा. खाद्यान्न (2.70 कि.ग्रा. फोर्टिफाइड चावल तथा 2.30 कि.ग्रा. गेहूँ) का वितरण निःशुल्क किया जायेगा।

इसके अलावा अन्त्योदय अन्न योजना के कार्डधारकों को त्रैमास अक्टूबर, नवम्बर व दिसम्बर




2024 हेतु प्रति किलो 18 रुपए की दर से प्रति राशनकार्ड 03 कि.ग्रा. चीनी का वितरण भी किया जायेगा। डीएसओ ने बताया कि वितरण की अन्तिम तिथि 25 दिसम्बर 2024 को आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से आवश्यक वस्तुएं प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं को मोबाइल ओ.टी.पी. वेरीफिकेशन के माध्यम से खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण किया जायेगा। समस्त उचित दर विक्रेताओं को सचेत किया गया है कि वितरण अवधि में निर्धारित चौहद्दी में ही कार्डधारकों से ई-पास मशीन पर अंगूठा लगवाकर तत्समय ही लाभार्थी को मानक के अनुसार खाद्यान्न का वितरण सुनिश्चित करें। यदि किसी विक्रेता के विरूद्ध अनियमितता की शिकायत प्राप्त होती है तो सम्बन्धित के विरूद्ध नियमानुसार कठोर कार्यवाही अमल में लायी जाएगी।

## दीवान इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज मेरठ के तत्वाधान में परिदृश्य मानवीय मूल्यों पर सोशल मीडिया के प्रभाव क विषय को लेकर सेमिनार का किया गया आयोजन

संस्कार उजाला

**हापुड़**/दीवान इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज मेरठ के बीएड,बीबीए, बीसीए एवं लॉ कॉलेज विभाग के संयुक्त तत्वाधान में वर्तमान परिदृश्य में मानवीय मूल्यों पर सोशल मीडिया के प्रभाव नामक विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार का शुभारंभ दीवान ग्रुप के चेयरमैन विवेक दीवान दीवान ग्रुप के कार्यकारी निदेशक कर्नल डॉ नरेश गोयल ग्रुप की सलाहकार डॉ श्रुति अरोड़ा एवं डी आईएमएस के प्राचार्य डॉ मुनेंद्र कुमार की उपस्थिति में हुआ। इस सेमिनार में डीवीएसजीआई की बीटेक विभाग की डायरेक्टर डॉ शिल्पी बंसल मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थिति रही। इन्होंने छात्र-छात्राओं को सोशल मीडिया के फायदे एवं नुकसान के बारे में गहनता पूर्ण




बताते हुए साथ ही साथ यह भी बताया कि वर्तमान परिप्रेक्ष्य में मानवीय मूल्यों को सोशल मीडिया किस प्रकार प्रभावित करती है।और इसके साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि नुकसान से बचने के क्या-क्या उपाय हो सकते हैं दीवान इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज के प्राचार्य डॉ मुनेंद्र कुमार ने भी बच्चों को सोशल मीडिया के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की तथा भविष्य में सभी को मानवीय मूल्यों से जुड़े रहने की सलाह दी।तथा इस सेमिनार में उपस्थित सभी लोगो का धन्यवाद किया। इस सेमिनार को सफल बनाने में डॉक्टर श्वेता शर्मा डायरेक्टर बीबीए बीसीए,डॉ शशांक मिश्रा प्राचार्य लॉ कॉलेज, मुनीश शर्मा विभागाध्यक्ष बीसीए विभाग,सुधीर विभागाध्यक्ष बीबीए विभाग,एवं लॉ विभाग की डॉक्टर नाजिया आदि का अभूतपूर्व सहयोग रहा।

## नगर पालिका सभागार में आनलाइन कर संग्रहण पोर्टल का हुआ शुभारम्भ


संस्कार उजाला
**डॉ0सै0अब्दुल खबीर**

**बहराइच** नगर पालिका परिषद बहराइच के सभागार में इण्डियन बैंक के कार्यपालक निदेशक महेश कुमार बजाज द्वारा वर्चुअल एवं मुख्य महाप्रबंधक लखनऊ सुधीर कुमार गुप्ता द्वारा अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, नगर पालिका अध्यक्षा श्रीमती सुधा देवी, ई.ओ. नगर पालिका परिषद श्रीमती प्रमिता सिंह, इण्डियन बैंक के अंचल प्रमुख के.सी. साहू एवं शहर के बहुत से गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में ऑनलाइन कर संग्रहण पोर्टल की लॉन्चिग की गयी। कार्यपालक निदेशक श्री बजाज द्वारा अपने संबोधन में बताया कि अपने यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की डिजिटल इण्डिया की सोच से प्रेरित होकर नगर पालिका और इण्डियन बैंक का एक आम जन को बहुत सुविधाजनक, सरल, पारदर्शी एवं समय बचाने वाली अनूठी पहल है जो कि भविष्य में सभी तरह के कर के लिए किया जा सकता है। मुख्य महाप्रबंधक ने अपने संबोधन में बताया कि उत्तर प्रदेश में 25 नगर पालिकाओं में यह एक सार्थक प्रयास किया गया है जिसमें उत्तर प्रदेश में आज यह प्रथम लॉन्चिग बहराइच में की गयी है। अंचल प्रमुख के.सी. साहू ने अपने स्वागतीय संबोधन में सभी उपस्थित अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि बहराइच जनपद में इण्डियन बैंक सदैव से सरकार की योजनाओं में सहयोग करने में तत्पर रहता है और उसका यह एक अनूठा पहल है कि जनपद के नागरिकों के लिए यह एक सुविधाजनक पारदर्शी पोर्टल की लॉन्चिग की गयी है। अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में इण्डियन बैंक को धन्यवाद दिया कि बैंक ने नगर पालिका के साथ एक ऐसे पोर्टल की लॉन्चिग की है जो कि प्रधानमंत्री जी की सोच डिजिटल इण्डिया को परिलक्षित करते हुए बहराइच जनपद की जनता के लिए एक मील का पत्थर साबित होगी। नगर पालिका अध्यक्षा ने उपस्थित सभी अतिथियों से अपील की वो इस पोर्टल की उपयोगिता एवं सरलता जन-जन को पहुंचाए, ताकि नगर पालिका के कार्यों में तेजी आए और अधिकतम कर संग्रहण हो सके। नगर पालिका परिषद बहराइच की अधिशाषी अधिकारी प्रमिता सिंह ने अपने संबोधन ने उपस्थित अतिथियों और इण्डियन बैंक को अपने कर संग्रहण के कार्यों में इस अनूठी पहल के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि इससे बहराइच की जनता के कार्यों में संतुष्टी, तेजी एवं सरलता लायी जा सकेगी और हम भविष्य में अन्य विभागों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगें कि वो भी इण्डियन बैंक से जुड़ कर इस तरह के पोर्टल की लॉन्चिग कराए ताकि विभिन्न वसूली के कार्यों को तेजी से किया जा सके। अग्रणी जिला प्रबंधक जितेन्द्र नाथ श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में बैंक को प्रशासन से मिलने वाले सहयोग के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि जैसे-जैसे बहराइच जनपद प्रगति कर रहा है वैसे-वैसे जिले का अग्रणी बैंक इण्डियन बैंक भी अपनी देने वाली सेवाओं की वृद्धि कर रहा है। इण्डियन बैंक सरकार की सभी योजनाओं में सहयोग करने के लिए सदैव तत्पर रहता है। कार्यक्रम के अन्त में उप अंचल प्रमुख निरंजन कुमार द्वारा आए हुए सभी अतिथियों, जनप्रतिनिधियों, नगर पालिका के अधिकारीगण/ कर्मचारीगण, जनपद के गणमान्य व संभ्रान्तजन व्यक्ति जो इस अनूठे कार्यकम के गवाह है को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि आप सभी ने जो अपना कीमती समय आज के इस कार्यकम को दिया है उसके लिए इण्डियन बैंक आपका सदैव आभारी रहेगा। आप इसी प्रकार हमसे जुड़े रहे और हमारी सेवाओं का लाभ उठाए।

## 549 वां उर्स ए जानशीन ए मदारुल आलमीन र.अ. 6 जमादुल आखिर को

संस्कार उजाला
**डॉ0सै0अब्दुल खबीर**

मकनपुर कानपुर सय्यद अनस अजीम जाफरी ने बताया तैयारियां शुरू
आपका उर्स ए पाक खानकाहे अरगूनिया मदारिया बमुकाम मकनपुर शरीफ में मनाया जाएगा बतारीख ---
6 जमादिउल आखिर 1446हि.
जानशीन ए मदारुल आलमीन र.अ.
सय्युदुस सादात



सिराजुस्सालिकीन, कि दवतुल आरफीन, कुतबुल अक़्ताब,
सरदारे औलिया, पेशवाए असफि या, सुल्तानुल आरफीन
हुज़ूर सय्यदना सय्यद ख़्वाजा अबु मुहम्मद मुहम्मद अरगून जाफरी मदारी रजी अल्लाहो तआला अन्हों,आप मदारे आजम रजी अल्लाहो अन्हों के जानशीन है
सरकार मदारे आजम ने फरमाया मेरे बाद कोई भी मुश्किल आए तो इनकी जानिब रुजू करना
बाद नमाज ए फज्र कुरआन ख्वानी बाद नमाज ए मगरिब ख़त्मे ख़्वाजगान और चादरपोशी व गुलपोशी और शब में तकरीरी प्रोग्राम होगा
जिसमें मकामी व बहरुनी उल्मा हजरात शिरकत करेंगे
आपकी बारगाह में मकामी व बहरुनी जायरीन काफी तादाद में शिरकत फरमाते हैं
सदरनशीन सूफी सय्यद इंतिखाब आलम जाफरी मदारी
सय्यद अनस अजीम जाफरी मदारी
सय्यद अरफात अली जाफरी मदारी
सय्यद रुहुल मुनीम जाफरी मदारी
सय्यद अरफात अहमद जाफरी मदारी
सय्यद आरिश जाफरी मदारी
सय्यद इंशिआब आलम जाफरी मदारी
सय्यद तालिब अली जाफरी मदारी
सय्यद अशरफ अली जाफरी मदरी
कमेटी के सभी मेंमबर हजरात पुरजोर तैयारी में जुटे हैं
आप हजरात शिरकत फरमाएँ और फैजान ए अबू मुहम्मद अरगून र.अ. से मालामाल हों।

## संक्षिप्त डायरी

### छात्राओं को दिया गया एलिमेंट्री फायर सेफ्टी तथा भूकंप सुरक्षा का प्रशिक्षण



संस्कार उजाला ब्यूरो

सहारनपुर । जिलाधिकारी एवं नियंत्रक नागरिक सुरक्षा मनीष बंसल ने निदेशों के क्रम में नागरिक सुरक्षा के स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में आर्य समाज कन्या इंटर कॉलेज मटिया महल में एलिमेंट्री फायर सेफ्टी तथा भूकंप सुरक्षा का प्रशिक्षण देकर छात्राओं, अध्यापकों एवं कार्यालय के स्टाफ को आग से बचाव तथा भूकंप से बचाव के संबंध में जागरूक किया गया। इस अवसर पर मॉकड्रिल का भी आयोजन किया गया जिसमें 400 छात्राओं एवं स्वयं सेवकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। उप नियंत्रक श्री कश्मीर सिंह के द्वारा अध्यापकों, छात्राओं एवं स्वयं सेवकों को फायद सेफ्टी एवं भूकम्प से बचाव के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गयी। इस अवसर पर सहायक उप नियंत्रक दिनेश कुमार, मौ0 आलम, हंसराज सैनी, ऋषभ अग्रवाल, अशोक सैनी, पवन सिंघल, डीसी धीमान, खालिद सिद्दीकी तथा सहीराम आदि वार्डन सेवा के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### स्वच्छ भारत मिशन के तहत वार्ड मे अच्छा कार्य करने वाले सभासद किये सम्मानित



संस्कार उजाला सहारनपुर

चिलकाना नगर पंचायत सुल्तानपुर चिलकाना में स्वच्छ भारत मिशन अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें नगर में अपने-अपने वार्ड में अच्छा कार्य करने वाले सभासदों को सम्मानित किया गया व नगर में बनाए गए पांच ब्रांड एंबेसडर को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए नगर पंचायत सुल्तानपुर के सभागार में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें अपने-अपने वार्ड में अच्छा काम करने वाले सभासद अनुपम जैन, तौकीर अहमद ,बबली देवी, अलका, को सम्मानित किया गया व नगर पंचायत में बनाए गए पांच एम्बेसडर शिवनंदन शर्मा ,जगपाल उपाध्याय ,आशु सैनी ,मुंतज़िर अहमद ,पारुल रोहिला ,को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे क्षेत्रीय विधायक मुकेश चौधरी के प्रतिनिधि चौधरी विकेश ने कहां की हमारे जितने भी वेद ग्रंथ हैं उनमें सफाई को महत्वपूर्ण माना है मानव जीवन के लिए सफाई महत्वपूर्ण है हमारा परिवेश साफ स्वच्छ रहेगा तो हम स्वस्थ रहेंगे वहीं नगर पंचायत अध्यक्ष फूल बानो अंसारी ओर अधिशासी अधिकारी राजीव कुमार ने भी सभी नगरवासों से कहा कि सफाई का विशेष ध्यान रखें और नगर को साफ स्वच्छ रखने में नगर पंचायत का सहयोग करें उन्होंने कार्यक्रम में युनुस कुरैशी, आशु सैनी ,जगपाल उपाध्याय, मुंतज़िर अहमद, पारुल रोहिला , सभासद अमजद अली ,अनुपम जैन, तौकीर अहमद , निशांक जैन, मरगुब अंसारी ने भी अपने विचार व्यक्त किया इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश शर्मा, विनय कश्यप,डॉक्टर हुकमचंद सैनी ,इनाम अहमद, कदीर अहमद ,मकसूद अंसारी, दानिश अंसारी,राजकुमार सैनी,चौधरी वाजिद,अब्दुल हई, सफाई नायक अमित कुमार, सुशील कुमार, नगर पंचायत के वरिष्ठ लिपिक अशोक कुमार, नफीस अहमद ,आदि उपस्थित रहे

### अंबेहटा में चोरों का अनोखा कारनामा न मौत का खौफ चलतीं हुई विद्युत आपूर्ति लाइन से सीमेंट का खंबा चोरी।

**चौरो को अब न तो पुलिस का डर न प्रशासन का खौफ**

संस्कार उजाला (सहारनपुर)

नकुड कोतवाली अंतर्गत अबेहटा कस्बे में चोरों ने एक गजब का कारनामा कर दिखाया है। चोरों ने इस्लाम नगर रोड पर मस्जिदें के पास लगे सीमेंट के खंबा को चलतीं विद्युत आपूर्ति में चोरी कर ले गए। उन्हें मौत का जरा भी खौफ नहीं हुआ लेकिन चोर विद्युत तारों को अपने साथ नहीं ले गए। अबेहटा पुलिस गश्त करते हुए इस्लाम नगर रोड पहुंची तो सड़क के बीचोंबीच विद्युत लाइन लटकी हुए थी पुलिस ने ऊर्जा निगम को सूचना दी। जिसके बाद तारों को सही कराया गया। एक बड़ा हादसा होने से बच गया।पास के रहने वाले चांद मियां ने बताया कि रात्रि करीब 12 बजे गोली चलने की आवाज सुनाई दी मेरी बाहर आने की हिम्मत नहीं पड़ी।मोहम्मद लियाकत,मोहम्मद असगर,आकिल पधान,पप्पू गाड़ा आदि का कहना है कि रात्रि 12:30 बजे पहले एक धमाके की आवाज आई थी।लेकिन सुबह देखा तो एलटी लाइन का सीमेंट का विद्युत पोल अपनी जगह से गायब था जबकि उसे समय विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से जारी थी।अंबेहटा विद्युत विभाग के अश्वनी कुमार चौबे ने बताया कि रात्रि में लाइन में फाल्ट होने पर विद्युत आपूर्ति बंद हुई थी लेकिन करीब तीन बजे पुलिस द्वारा सड़क के बीचोंबीच में विद्युत तार लटके होने की सूचना प्राप्त हुई थी कर्मचारियों ने मौके पर जाकर देखा तो सड़क किनारे लगा विद्युत पोल गायब था। जांच की जा रही है। सड़क किनारे से विद्युत पोल चोरी हो जाना लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है

### दहेज हत्या से सम्बन्धित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।



संस्कार उजालाा

**क्राईम ब्यूरो विकास कुमार हलचल।**

**ओबरा/सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अशोक कुमार मीणा के कुशल निर्देशन में जनपद में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में तथा अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी ओबरा हर्ष पाण्डेय के कुशल निर्देशन में थाना ओबरा पुलिस टीम द्वारा दिनांक 05.12.2024 को मु0अ0सं0-181/2024 धारा- 80(2), 85 भादवि व 3/4 डीपी एक्ट (दहेज हत्या) से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त सुजीत कुमार केसरी पुत्र ओमप्रकाश केशरी निवासी शारदा मन्दिर के सामने हंसवाहिनी नगर (गजराजनगर) थाना ओबरा जनपद सोनभद्र को गजराजनगर तिराहे से समय करीब 13.30 बजे गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गयी।

## खबर का असर प्रशासन ने अवैध खनन की ट्राली ट्रैक्टर सहित पकड़ी

**संस्कार उजाला अखबार में खबर छपने से प्रशासन हरकत में आया।**

संस्कार उजाला

**खुटार शाहजहांपुर**

पुवाया क्षेत्र में लगातार अवैध खनन जोरों पर चल रहा है नेशनल हाईवे से ट्रैक्टर ट्राली सूखी मिट्टी भरकर निकलते हैं राहगीरों की आंखों में मिट्टी पढ़ने से हो सकता था कभी भी बड़ा हादसा हिंदी दैनिक संस्कार उजाला ने गुरुवार को जनता की समस्या को प्रमुखता से प्रकाशित किया उसके बाद प्रशासन हरकत में आया अवैध खनन की ट्राली ट्रैक्टर



सहित खुटार थाने में खढी कराई अवैध खनन माफियाओं के हौसले इतने बुलंद थे की दिन में पुलिस के सामने से लगातार ट्रैक्टर ट्राली में भरकर मिट्टी निकलते थे परमिशन होने के



बेधड़क होकर सड़क पर अवैध मिट्टी खनन की ट्रालियां चलती हैं कभी भी हो सकती है अनहोनी

सूखी मिट्टी सड़क पर चलने वाले लोगों के आंखों में उड़कर गिरती है हो सकता है कभी भी बड़ा हादसा

संस्कार उजाला

संवाददाता शाहजहांपुर

क्षेत्र में लगातार अवैध खनन हो रहा है अधिकारियों की मिली भगत से उपजाऊ जमीन को खनन माफियाओं ने बंजर बना दिया है अवैध खनन लगातार नेशनल हाईवे से होते हुए क्षेत्र के गांव तक मिट्टी खनन माफिया के द्वारा बेची जाती है , बंडा खुटार पुवाया ब्लॉक में हो रहा है बहुत जोरों से अवैध खनन खनन अधिकारी कार्रवाई करने पर असमर्थ अवैध मिट्टी खनन माफिया 2 दिन दूर नहीं जब अवैध मिट्टी खनन माफिया उपजाऊ जमीन को बना देंगे बंजर जमीन स्वामी रोटी के लिए हो जाएगा मोहताज जब जमीन स्वामी के पास नहीं रहेगी जमीन तो कैसे उगाएगा अन्य खनन से राहगीर बहुत परेशान है नेशनल हाईवे से मिट्टी ट्रैक्टर ट्राली में भरकर सुखी निकलती है हवा में राहगीरों के आंखों में पड़ती है इससे हो सकता है कभी भी बड़ा हादसा इसकी तरफ क्षेत्रीय प्रशासन ध्यान देने की जरूरत नहीं समझता है बल्कि पुलिस के सामने से ही मिट्टी की ट्रालियां निकलते हैं फिर भी पुलिस खनन माफियाओं के खिलाफ कुछ कार्यवाही करने के लिए नहीं सोच रही है

बाद भी परमिशन वेस पर नहीं करते थे काम अपने मन से ट्राली भरकर निकलते थे प्रशासन ने कार्रवाई की बताया है अधिकारियों ने बताया आगे भी कार्यवाही की जाएगी

## महिला को शिक्षित करें, महिला को सशक्त बनाएं।

संस्कार उजाला

**क्राईम ब्यूरो विकास कुमार हलचल।**

**सोनभद्र।** उ0प्र0 सरकार की महत्वकांक्षी योजना मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के अन्तर्गत दिनांक 05.12.2024 को नारी सुरक्षा/ नारी सम्मान / नारी स्वावलंबन के प्रति जनपद सोनभद्र में महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अशोक कुमार मीणा के निर्देशन में सभी थानों की महिला बीट अधिकारी/एण्टीरोमियो टीम द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बा,चौराहों, स्कूलों/कॉलेजों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और



सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उ०प्र० राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पी०एम० स्वानिधि योजना, पी०एम० सम्मान निधि योजना, वन स्टाप सेन्टर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, प्रधानमंत्री फ्री सिलाई योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, कन्या सुमंगला योजना, महिला ई-हाट योजना तथा पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा -112 इमरजेन्सी कॉल / पैनिक बटन- मोबाइल पर डेमो, सी०एम० हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन- 181, साईबर क्राईम हेल्प लाईन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया ।

## शार्ट शर्किट की वजह से ट्रेलर ट्रक में लगी थी भयंकर आग, ट्रेलर पुरी तरह जलकर खाख।

संस्कार उजाला

**क्राईम ब्यूरो विकास कुमार हलचल।**

**ओबरा/सोनभद्र** रेनुकूट-अम्बिकापुर मार्ग पर सुबह करीब 09 बजे अचानक चलती ट्रेलर में आग लग गई। आग गलते ही चालक गाड़ी खड़ी कर अपनी जान बचाई। बीच सड़क में आग लग जाने से दोनों तरफ आने जाने वाले वाहनों की लम्बी कतार लग गई और एक घंटे तक आवागमन बाधित रहा। रेनूकूट की तरफ से छत्तीसगढ़ की ओर जा रहे ट्रेलर में संवरा गांव में पुल के समीप



अचानक आग लग गई। आग लगते ही चालक गाड़ी में लगे सिलेंडर से पहले आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग बढ़ती चली गई। बढ़ती आग को देखकर चालक गाड़ी से कूदकर अपनी जान बचाई। चालक साबिर खान निवासी बभनी ने बताया कि विंध्यनगर प्लांट से गाड़ी खाली करके रायगढ़ छत्तीसगढ़ जा रहा था। संवरा पुल के पास शार्ट सर्किट से ट्रेलर में आग लग गई और स्वीच आफ हो गया। साबिर ने बताया कि गाड़ी में लगे सिलेंडर से आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग तेजी से बढ़ने लगी और कूदकर जान बचाया। देखते ही देखते ट्रेलर धू धू कर जलने लगा और गाड़ियों के टायर फटने लगे। गाड़ी में लगी आग को देखकर आस पास के सैकड़ों लोग इकट्ठा हो गए। बभनी पुलिस को ग्रामीणों ने आग लगने की सूचना दी। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक सदानंद राय, उप निरीक्षक शशिकांत सिंह पुलिस फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई, लेकिन समय से नहीं पहुंच सका। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से नदी में पंम्पिगसेट चलाकर किसी तरह से आग पर काबू पाया। आग लगने की वजह से दोनों तरफ वाहनों की लम्बी कतार लग गई। आवागमन पूरी तरह से ठप हो गया।आग बुझाने के बाद आवागमन चालू हो सका

### कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को संभाल नही जाने देने के विरोध मे कांग्रेसियों ने कैंडल मार्च निकाला और भाजपा सरकार की नीतियों का जताया विरोध

संस्कार उजाला सहारनपुर

**सहारनपुर** / कांग्रेस सांसद एवं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी एवं कांग्रेस महासचिव सांसद प्रियंका गांधी को संभल संभल जाने से रोके जाने के विरोध में कांग्रेस कार्य कार्यकर्ता ने देर शाम कैंडल मार्च निकाल कर अपना विरोध दर्ज कराया - संभल हिंसा में मारे गए पांच लोगों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए कांग्रेस महानगर और जिला कमेटी द्वारा घंटाघर पर कैंडल मार्च निकाला गया- इस अवसर पर कांग्रेस के समस्त पदाधिकारी मौजूद रहे - इस अवसर पर भाजपा सरकार के खिलाफ बोलते हुए जिला अध्यक्ष संदीप राणा ने कहा की पूरे देश मे भाजपा सरकार की दमनकारी नीतियों वह हिटलर शाही बढ़ रही है - न तो खुद पीड़ित के दुख में शामिल होते हैं और विपक्ष को पीड़ितों के दुख में शामिल होने से रोका जा रहा है - इसी के खिलाफ कैंडल मार्च निकाला जाएगा जिसमें सभी पदाधिकारी गया

## रोड दुर्घटना के बाद मन्दिर के पुजारी पर चाकू से जानलेवा हमला, जांच में जुटी पुलिस।

संस्कार उजाला

**क्राईम ब्यूरो विकास कुमार हलचल। सोनभद्र।** सड़क दुर्घटना के बाद पंचमुखी महादेव मंदिर के पुजारी पर चाकू से जानलेवा हमला होने की घटना से क्षेत्र में चचाओं का बाजार गर्म है। पुजारी पंडित लक्ष्मण दुबे पर बाइक सवार हमलावरों ने जानलेवा हमला कर घायल कर दिया। जिससे पुजारी पंडित लक्ष्मण दुबे घायल हो गए, जिन्हें स्थानीय लोगों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया। वही घटना करने के बाद भाग रहे हमलावरों को स्थानीय लोगों ने पकड़ लिया और तू तू मैं मैं के बाद जमकर धुनाई करने के



बाद सूचना देकर हमलावरों को पुलिस के हवाले कर दिया। जिसके बाद पुलिस घटना की बाबत पुजारी से बात कर जांच में जुट गई। पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी ने पुजारी पर हुए हमले के बाबत बताया कि सुबह 9:00 पंचमुखी महादेव के पुजारी लक्ष्मण दुबे पंचमुखी महादेव मन्दिर की ओर ऊपर की तरफ जा रहे थे। वही ऊपर की तरफ से दो अन्य लोग मोटरसाइकिल पर सवार होकर नीचे की तरफ आ रहे थे। पुजारी और मोटरसाइकिल सवारों के आमने-सामने की टक्कर हो जाने के बाद ये लोग गिर गए। ऊपर से जो दो लोग आ रहे थे श्याम सुंदर पांडेय और अभिषेक पांडेय ने तू तू मैं मैं के बाद पुजारी पर चाकू से हमला कर दिया। जिससे पुजारी को थोड़ी चोटें आई है। वहीं पुजारी पर हमला करने वाले बाइक सवार पिता- पुत्र की भी स्थानीय लोगों ने पिटाई कर घायल कर दिया। सभी घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले को संज्ञान में लेकर आगे की विधि कार्रवाई में जुटी है। वही पुजारी पर हमला होने की जैसी ही जानकारी स्थानीय लोगों को लगी, वैसे ही अस्पताल परिसर में लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। लोगों का कहना कि पंचमुखी महादेव मंदिर के आसपास आरजक तरह के व्यक्ति अक्सर घूमते रहते है। कई बार मंदिर पर चोरी की घटनाओं के साथ अन्य वारदातों को अंजाम देखर शांति भंग की गई है। जिसपर रोक लगाना बहुत जरूरी है।

### इकों प्वांइट के सौन्दर्यीकरण के कार्य में तेजी लाने हेतु अधिकारियों के साथ की बैठक।



संस्कार उजाला

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र अरविन्द गुप्ता।**

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बी0एन0सिंह ने कलेक्ट्रेट के जन सुनवाई कक्ष में इकों प्वाइट के सौन्दर्यीकरण के कार्य में तेजी लाने हेतु निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की, बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्माण एजेन्सी आर0ई0डी0 के अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित करते हुए कहा कि इंको प्वाइंट जनपद के प्रमुख पर्यटन स्थलों में से एक आकर्षण का केन्द्र है, जहां पर भारी संख्या में टूरिज्म का आना जाना लगता रहता है, पर्यटक स्थल इंको प्वाइंट के सौन्दर्यीकरण हेतु रेलिंग एवं इण्टर लाकिंग, वाउण्ड्रीवाल का निर्माण कार्य जो किया जाना है, उसे अतिशीघ्र पूर्ण किया जाये, इस दौरान अधिशासी अभियन्ता आर0ई0डी0 ने बताया कि इंको प्वाइंट का गजीबो, कैफेरिया, चैकीदार कक्ष, सेल्फी प्वाइंट, सजावटी घास, पेड़ एवं बच्चों के लिए झूले आदि का कार्य किये जाने हैं, जिसे अतिशीघ्र पूर्ण किया जायेगा, इस दौरान जिलाधिकारी ने पर्यटन अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहाकि इको प्वाइंट के निर्माण कार्य पूर्ण होने पर तत्काल हैण्डओवर की कार्यवाही सुनिश्चित करें और इंको प्वाइंट पर बनी कैन्टीन व वाहन पार्किंग के टेण्डर की प्रक्रिया पूर्ण करा ली जाये, बैठक में अपर जिलाधिकारी(वि0/रा0) सहदेव कुमार मिश्र, प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## नगर निगम की टीम द्वारा विभिन्न बाजारों हटाया अतिक्रमण और सामान भी किया जब्त - जनसुनवाई की शिकायत पर अतिक्रमण हटवाया गया और तीन हजार जुमार्ना वसूला

संस्कार उजाला

**सहारनपुर** / नगर निगम द्वारा नगरायुक्त संजय चौहान के निर्देश पर विभिन्न बाजारों में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया - इस दौरान सड़क पर फैला कर रखा गया अनेक दुकानदारों का सामान जब्त कर निगम लाया गया और जुमार्ना भी लगाया गया। जनसुनवाई में अतिक्रमण सम्बंधी आयी एक शिकायत पर कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटवा कर तीन हजार का जुमार्ना लगाया गया - नगरायुक्त संजय चौहान के निर्देश पर नगर निगम के प्रवर्तन दल ने कर्नल एच बी गुरुंग के नेतृत्व में आज दिल्ली रोड पर अनुपम स्वीट्स से हसनपुर चौक तक अतिक्रमण हटाओ



अभियान चलाया - इस दौरान बड़ी संख्या में बोर्ड, गमले, सब्जी के कैरेट, एक स्टील बैंच व लकड़ी का एक तख्त आदि सामान जब्त कर नगर निगम लाया गया- इसके अलावा नुमायश कैंप, भारत माता चौक व अम्बाला रोड पर करीब दो दर्जन दुकानों से अतिक्रमण हटाया गया। पांच दुकानदारों से 1700 रुपये जुमार्ना भी वसूला गया- इस दौरान जनसुनवाई में आयी बेहट रोड भगवती कॉलोनी की एक अतिक्रमण सम्बंधी शिकायत पर कार्रवाई करते हुए कॉलोनी में एक प्रेस द्वारा किया गया अस्थायी अतिक्रमण हटवाया गया और तीन हजार रुपये जुमार्ना भी वसूला गया- प्रवर्तन दल द्वारा अंबाला रोड पर चलाये गए अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत एक कार बाजार सहित पांच दुकानों का टेजफिक पुलिस के माध्यम से भी चालान कराया गया कार्रवाई के दौरान सफाई निरीक्षक राजेश कुमार, प्रवर्तन दल प्रभारी एच बी गुरुंग, कैप्टन नरेशचंद सहित प्रवर्तन दल के जवान मौजूद रहे

## निर्बाध विद्युत आपूर्ति के दृष्टिगत जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई बैठक

**विद्युत सब स्टेशनों पर आकस्मिक स्थितियों के लिए बेहतर कार्ययोजना बनाने के निर्देश**

संस्कार उजाला ब्यूरो

**सहारनपुर ।** जिलाधिकारी मनीष बंसल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपदवासियों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने के लिए विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक आहूत की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि शासन की मंशा के अनुरूप उपभोक्ताओं को रोस्टर के अनुसार निर्बाध विद्युत की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होने कहा कि विद्युत आपूर्ति में बाधा न आए उसके दृष्टिगत



पहले से ही तैयारियां पूर्ण की जाएं। जिन स्थानों पर विद्युत आपूर्ति किसी कारणवश बाधित हो उसकी जानकारी आमजनों के बीच में पहले से ही दे दी जाए। सभी विद्युत स्टेशनों पर आकस्मिक स्थितियों के लिए बेहतर कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। मनीष बंसल ने विभाग के उच्चाधिकारियों को कर्मचारियों का मनोबल बढाते हुए बेहतर समन्वय करने के निर्देश दिए। बेहतर कार्य करने वाले कर्मचारियों को समय-समय पर पुरस्कृत भी किया जाए। इस अवसर पर एसपी देहात सागर जैन, अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ0 अर्चना द्विवेदी, चीफ इंजीनियर एस0के0 अग्रवाल , सिटी मजिस्ट्रेट गजेन्द्र कुमार, एक्सईन, एई, जेई उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन के संस्थापक स्वर्गीय महावीर दत्त शर्मा की 16वीं पुण्यतिथि विकास खंड चतरा के सभागार में मनाई गई

संस्कार उजालाा

**अरविंद गुप्ता ब्यूरो चीफ सोनभद्र।**

**सोनभद्र।** राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष गोपीनाथ गिरी ने कहा कि पंचायत के हितों को ध्यान में रखकर पंचायत को अधिकार संपन्न बनाने हेतु स्वर्गीय महावीर दत्त शर्मा द्वारा ग्राम प्रधानों का एक संगठन राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन बनाया गया जिसके तहत कई बार लखनऊ एवं दिल्ली में धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया जिसमें ग्राम प्रधानों को पुलिस की लाठियां भी खानी पड़ी किंतु ग्राम प्रधान संगठन का यह कारवां





तब तक नहीं रुक जब तक 73 वां संविधान संशोधन लागू नहीं हो गया यह स्वर्गीय शर्मा की ही देन है की पंचायत को संवैधानिक अधिकार प्राप्त हो सका किंतु 73वां संविधान संशोधन अंतर्गत जोड़ी गई 11वीं अनुसूची के 29 विषय को अभी तक



लागू नहीं किया गया जिसके लिए राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन कृत संकल्प है कार्यक्रम में उपस्थित खंड विकास अधिकारी शुक्ला द्वारा स्वर्गीय महावीर दत्त शर्मा द्वारा किए गए कार्यों की सराहना करते हुए उनके बताए गए मार्गों पर चलकर के पंचायत के विकास की बात कही जिला अध्यक्ष पवन कुमार मिश्रा द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी ग्राम प्रधानों एवं आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया गया जिला महामंत्री राकेश कुमार द्वारा महावीर दत्त शर्मा के बताए मार्गों पर चलकर संगठन द्वारा समय समय पर दिए गए निदेशों के अनुरूप कार्य करने की वचनबद्धता दोहराई कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष लालू प्रसाद यादव द्वारा किया गय' कार्यक्रम में ग्राम प्रधानों के अतिरिक्त विकास खंड के ए पी ओ तथा ब्लॉक कर्मचारी भी मौजूद रहे ।

### वारण्टियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये गए अभियान में 02 नफर अभियुक्त गिरफ्तार।

संस्कार उजाला

**क्राईम ब्यूरो विकास कुमार हलचल।**

**ओबरा/सोनभद्र।** अशोक कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन में अपराध पर प्रभावी रोकथाम लगाने व वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह तथा क्षेत्राधिकारी ओबरा हर्ष पाण्डेय के निकट पर्यवेक्षण में दिनांक 05.12.2024 को थाना ओबरा पुलिस द्वारा थाना ओबरा पर पंजीकृत मु0न0 411/07 धारा भरण पोषण कुर्की में वांछित अभियुक्त 1. विनोद कुमार पुत्र उमाशंकर निवासी बिल्ली मारकुण्डी शारदा मन्दिर के पास थाना ओबरा सोनभद्र उम्र करीब 32 वर्ष तथा मु0 नं0 323/22 धारा 272 भादवि व 60(2) आबकारी अधिनियम के



तहत अभियुक्त 2. राजू सोनी पुत्र सत्यनारायण सोनी निवासी राममंदिर कालोनी थाना ओबरा सोनभद्र उम्र करीब 24 वर्ष को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गयी। गिरफ्तार करने वाली टीम में उ0नि0 रामसिंह यादव थाना ओबरा जनपद सोनभद्र, उ0नि0 सतीश कुमार सिह थाना ओबरा जनपद सोनभद्र, उ0नि0 रामलोचन थाना ओबरा जनपद सोनभद्र, हे0का0 हेमन्त बारी थाना ओबरा जनपद सोनभद्र ।

# सपा कार्यकताओं की भीड़ में फंसे अखिलेश यादव

## कानपुर पुलिस भी नहीं संभाल पाई, बोले- मुख्यमंत्री अपना डीएनए चेक कराएं, मैं भी चेक कराऊंगा







**कानपुर।** सीसामऊ सीट जीतने के बाद सपा प्रमुख अखिलेश यादव पहली बार कानपुर पहुंचे। दामोदर नगर के केसरी मंगलम लॉन में पूर्व सांसद राजाराम पाल के बेटे की शादी में शामिल हुए। बेटे-बहू को आशीर्वाद दिया। यहां सीसामऊ में जीत दर्ज करने वाली नसीम सोलंकी से अखिलेश ने मुलाकात की। बोले- कैसी हो विधायकजी। कार्यक्रम स्थल पर बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता भी पहुंच गए। कार्यकताओं की भीड़ को पुलिसकर्मी भी नहीं संभाल पाए। इस बीच भीड़ में कई बार अखिलेश को धक्का लगा। भारी भीड़ जुटते देख पुलिसकर्मियों ने अखिलेश यादव को जल्दी से बाहर निकाला। इस बीच अखिलेश यादव ने मीडिया से भी बात की और मुख्यमंत्री पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा- मुझे नहीं पता कि वो कितना बायोलॉजी जानते हैं। मैं निवेदन करना चाहता हूं कि वो बार-बार उ्रठअ जांच कराने की बात करते हैं। इसलिए मैं भी ये बात कहना चाहता हूं कि मुख्यमंत्री भी अपना उ्रठअ चेक कराएं और मैं भी अपना उ्रठअ चेक कराऊंगा। ये बात उनको शोभा नहीं देती। एक संत होने के बाद उन्हें इस तरह उ्रठअ की बात नहीं करनी चाहिए। तमाम रुकावटों के बाद भी नसीम सोलंकी को जनता ने जिताने का काम किया। मतदाताओं ने लोकतंत्र बचाने का काम किया। इससे पहले कभी भी नंगी रिवॉल्वर निकालकर वोट डालने से रोका गया। भाजपा के लोग खोखले हो गए हैं। वो खोखले नहीं होते तो जनता का समर्थन उन्हें मिलता। परिणाम जो भी आए, लेकिन हम लोग जानते हैं कि भाजपा हारी है। प्रशासन और पुलिस ने उन्हें जिताया है। जिन्होंने बूथ को लूटा, उन्होंने संभल की हिंसा कराई। बहराइच में भाजपा के विधायक ने ही भाजपा कार्यकताओं पर एफआईआर कराई। संभल की घटना भी प्रशासन की देन है। पहले सर्वे में जिम्मेदार लोगों ने कोई रुकावट पैदा नहीं की। दोबारा सर्वे लगाने पर नारेबाजी की गई। ये भाजपा के लोगों ने कराया। अखिलेश ने कहा- उपचुनाव में प्रशासन ने जिस तरह बूथ लूटा उस पर कोई चर्चा न हो, इसलिए संभल की हिंसा कराई। कानपुर बड़ा शहर है। समाजवादियों ने कानपुर को मेट्रो दी, विकास कराया। गंगा में आज गंदगी जा रही है। लोग सेल्फी लेकर भूल गए। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री सीसामऊ नाले के आगे सेल्फी खिंचाने आए थे, लेकिन आज ये नाला महाकुंभ से पहले भी गंगा में समा रहा है। कानपुर-लखनऊ हाईवे पर गड्ढे ही गड्ढे हैं। पेड़ों पर धूल जमी है। सरकार बेरोजगारी पर बातचीत नहीं करना चाहती। सरकार की कोई योजना ठीक नहीं चल पा रही है। इतना भ्रष्टाचार कभी नहीं हुआ है। विकास दुबे पर उन्होंने कहा कि कानपुर में गाड़ी पलटी थी या पलटाई गई थी। इस सरकार में कुछ हो सकता है। उन्होंने कहा- यूपी के मुखिया दिल्ली का रास्ता खोज रहे हैं। क्योंकि जो दिल्ली में है, आज वो इसी रास्ते से दिल्ली पहुंचे हैं। ये लखनऊ और दिल्ली की लड़ाई है। इस लड़ाई में आम जनता पिस रही है। आप किसी के दुख दर्द में भी न जा पाएं, इसलिए सरकार डराना चाहती है। यही कारण है कि उपचुनाव में कितना डर दिखाया, ये सभी देख रहे हैं। भाजपा वाले हमारी फ्री कोचिंग करा रहे हैं। मैं संभल भी जाऊंगा, कोई रोक कर दिखाए। संभल के लोगों की मदद हो, इसके लिए लोकसभा में भी सवाल उठाएंगे और उन्हें न्याय दिलाकर रहेंगे। सरकार संविधान को भी नहीं मान रही। भाजपा को कैलाश पर्वत और मानसरोवर नहीं दिखाई दे रहा। वहां जाने की हिम्मत नहीं है। चीन इसके आगे नहीं जाने देगा। केवल 12 किमी सड़क बनी थी। चीन ने नेपाल को देश के खिलाफ खड़ा कर दिया था। ये चीन के खिलाफ नहीं बोलेंगे। ये आम जनता के साथ खेलेंगे। क्योंकि भाजपा के बड़े लोग चीन से कारोबार कर रहे हैं।

# श्रम विभाग ने श्रमिकों को किया जागरूक

संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए विभाग के कर्मचारी 04 और 05 दिसंबर को मजदूरों को विभाग में पंजीयन/नवीनीकरण कराकर योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए जागरूक किया। उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के कर्मचारी शशि शेखर मिश्र और श्रम प्रवर्तन अधिकारी महेंद्र कुमार मजदूरों को विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया तथा उपस्थित मजदूरों को



अपने समीप के जनसेवा केन्द्र पर पहुंच कर जनसेवा केन्द्र के माध्यम से यू पी बी ओ सी डब्ल्यू के साइड पर श्रमिक पंजीयन कराने तथा पूर्व में पंजीकृत श्रमिकों को ससमय नवीनीकरण कराकर विभाग द्वारा श्रमिकों के हित में संचालित विभिन्न प्रकार के जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने के जागरुक किया। उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर कल्याण बोर्ड लखनऊ द्वारा निर्माण श्रमिकों की कल्याण मातृत्व शिशु बालिका मदद योजना कन्या विवाह सहायता योजना अटल आवासीय विद्यालय योजना मृत्यु एवं दिव्यांगत सहायता एवं आक्षमता पेंशन योजना आदि संचालित की जा रही है। जिसका लाभ पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को दे है। इस दौरान रामायण प्रजापति, इंदु देवी, मंजू देवी, रिंकू देवी, गणेश, राम प्रताप चौधरी, निजामुद्दीन, अच्छेलाल गोंड़, अर्जुन यादव, केदार वर्मा, उषा देवी मौजूद रहे।


# लखनऊ: थाने से लौटे युवक ने लगाई फांसी

लखनऊ । ठाकुरगंज इलाके में पुलिस थाने से लौटे युवक ने फांसी का फंदा लगाकर जान दे दी। परिजनों का आरोप है पुलिस ने चोरी का मोबाइल खरीदने के मामले में उसे दो दिन तक थाने में रखा। इससे वह काफी हताश था। ठाकुरगंज हरिनगर का रहने वाला रंजीत कनौजिया मजदूरी करता था। रंजीत के भाई ने बताया वह शुक्रवार को काम पर गए, इसके बाद रविवार को लौटे थे। काफी परेशान लग रहे थे। घर वालों के पूछने पर कुछ नहीं बताया। काफी दबाव बनाने पर मां को बताया कि किसी साथी से मोबाइल खरीदा था।



सिम लगते ही उसको पुलिस ने पकड़ लिया। दो दिन अपने साथ रखा और पूछताछ करके छोड़ दिया। मंगलवार रात मां घर में खाना बना रही थी। परिवार के सदस्य एक शादी समारोह में शामिल होने बाहर गए थे। तभी आंगन के जाल में चादर के सहारे फंदा बनाकर लटक गया। आनन फानन में उसे अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया है।

# बारात में जा रहे दूल्हे के 3 दोस्तों की मौत



झांसी । बारात में जा रहे दूल्हे के 3 दोस्तों की सड़क हादसे में मौत हो गई। इसमें गढ़वा ग्राम प्रधान के इकलौते बेटे की भी जान चली गई। बुधवार देर रात को सभी बारात में महोबा के कुलपहाड़ जा रहे थे। उनकी तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पुलिया से जा भिड़ी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। कुछ लोग कार के अंदर ही फंस गए। लाश सीट पर चिपक गई। ऐसे में पुलिस ने कटर से गाड़ी को काटकर कार सवारों को बाहर निकाला। दो दोस्तों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक घायल ने झांसी में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। 4 युवक घायल है। हादसा महोबा के कुलपहाड़ थाना क्षेत्र के सुगिरा गांव के पास झांसी-मिर्जापुर हाईवे पर हुआ है। हादसे में मऊरानीपुर के गढ़वा गांव के प्रधान अनिल पटेल के इकलौते बेटे अंश पटेल (20), महोबा के घुटई गांव निवासी मनीष पटेल (28) और विपिन पटेल (19) की मौत हो गई। मृतक विपिन के रिलेटिव अंकित पटेल ने बताया कि विपिन का दोस्त शिवा मऊरानीपुर का रहने वाला है। उसके बड़े भाई की बुधवार को शादी थी। बारात में शामिल होने के लिए सभी मऊरानीपुर से कार में सवार होकर कुलपहाड़ जा रहे थे। रात करीब 11 बजे वे सुगिरा गांव के पास पहुंचे तो अचानक जानवर सामने आ गया। इससे कार अनियंत्रित होकर पुलिया से टकरा गई। हादसे में अंश और मनीष की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि, विपिन, प्रदीप, योगेंद्र, प्रिंस और मुकेश घायल हो गए।

# प्रदर्शन: बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार बर्दाश्त नहीं: पीएन पाठक

संवाददाता

**कुशीनगर।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर लगातार हो रहे हमले और इस्कान मंदिर के पुजारी चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी के विरोध में हिन्दू रक्षा संघर्ष समिति कुशीनगर द्वारा गुरुवार को बुद्धा पार्क रवींद्रनगर में हजारों लोगों ने विशाल आक्रोश प्रदर्शन कर कड़ा विरोध किया और ज्ञापन भी सौंपा। इसमें भारत सरकार से पड़ोसी देश में हिंदुओं के खिलाफ हो रही हिंसा की घटनाओं को रोकने के लिए हस्तक्षेप करने की मांग की गई। लोगों ने भारत सरकार से सख्त कदम उठाने की मांग की है। कुशीनगर विधायक पी.एन पाठक ने भी हजारों लोगों के काफिला लेकर



प्रदर्शन स्थल पहुंचे। इस दौरान लोगों ने जय श्री राम और बांग्लादेश होश में आओ समेत बांग्लादेश मुदार्बाद के नारे लगाए। विरोध प्रदर्शन करते हुए हजारों हिंदुओं ने एक स्वर से कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले तत्काल बंद हों और कृष्ण दास की गिरफ्तारी पूरी तरह से अलोकतांत्रिक और मानवाधिकारों का हनन है। चिन्मय कृष्ण दास की अविलंब रिहाई की मांग की और भारत सरकार से सख्त कदम उठाने को कहा। इस प्रदर्शन में हिन्दू संगठनों समेत आरएसएस और भाजपा से भारी संख्या में लोग शामिल हुए। कुशीनगर विधायक पी. एन पाठक ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले तत्काल बंद हों और बांग्लादेशी हिंदुओं पर हो रहा अत्याचार अक्षम्य है। हम धर्म पर अत्याचार बर्दाश्त नहीं करेंगे।बांग्लादेश सरकार को हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए। इस दौरान जिला प्रचारक आरएसएस प्रवीण, जिला कार्यवाह आरएसएस देवेंद्र, नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश जायसवाल,विधायक प्रतिनिधि रुद्र प्रकाश सिंह, मंडल अध्यक्ष अनिल प्रताप राव,राज पाठक, अमित मालवीय, सभासद सूर्यनाथ यादव,संजीव दुबे, अनुराग पांडेय, किरण सिंह, नूतन दुबे डिम्पल पांडेय राजेश जायसवाल मनोज कुमार जायसवाल नितिश यादव समेत हजारों लोग मौजूद रहे।

# नोटों की गड्डी का झांसा देकर महिलाओं को लूटा

**गोरखपुर ।** पीपीगंज रेलवे स्टेशन पर शातिर बदमाशों ने महिलाओं को निशाना बनाते हुए लूट की सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया। नोटों की गड्डी गिराने का बहाना कर दो युवकों ने महराजगंज की दो महिलाओं को झांसे में लिया और उनके कीमती जेवरात और नकदी लूटकर फरार हो गए। महराजगंज जिले के बृजमनगंज स्थित लेदवा गांव की रहने वाली शकुंतला देवी और उनकी सहयात्री कदमी देवी शादी के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए ट्रेन से यात्रा कर रही थीं। बृजमनगंज से पीपीगंज तक की यात्रा के दौरान दोनों महिलाएं सहेलियां बन गईं। पीपीगंज स्टेशन पर ट्रेन से उतरने के बाद दोनों अपने रिश्तेदारों के घर जाने के लिए स्टेशन से बाहर निकल रहीं थीं। प्लेटफॉर्म से बाहर निकलते वक्त अचानक दो युवक महिलाओं के पास आए और जमीन पर गिरी नोटों की गड्डी दिखाकर पूछा कि यह उनकी है या नहीं। महिलाओं ने साफ इंकार कर दिया। इसके बाद युवकों ने चालाकी दिखाते हुए गड्डी को आपस में बांटने का बहाना बनाया और दोनों महिलाओं को सुनसान जगह ले गए। सुनसान जगह पर युवकों ने महिलाओं को डराया-धमकाया और उनके गहने और नकदी छीन ली। शकुंतला देवी से दो पायजेब, दो झुमके, एक मंगलसूत्र और 5000 रुपये लूट लिए, जबकि कदमी देवी से कान के टप्स छीन लिए। लूट के बाद दोनों युवक मौके से फरार हो गए।

# कुशीनगर सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव की घोषणा

संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** दीवानी न्यायालय कसया में कुशीनगर सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन संघ के वार्षिक चुनाव की घोषणा कर दी गई है जिसके अनुसार चुनाव 17, 12,.2024 को सुबह 9:00 बजे से शाम 3:00 बजे तक होना सुनिश्चित है। मुख्य चुनाव अधिकारी व एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन एडवोकेट असलम लारी व सहायक चुनाव अधिकारी महामंत्री ज्ञान प्रकाश द्विवेदी एडवोकेट के द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार सदस्यता सूची का प्रकाशन कर दिया गया है ।

मतदाता सूची का प्रकाशन और आपत्ति दिनांक 9.12.2024 को रखा गया है ।अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन भी उसी दिन 2:00 बजे के बाद कर दिया जाएगा नामांकन पत्र का दाखिला दिनांक 10 12.2024 दिन मंगलवार व दिनांक 11, 12.2024 दिन बुधवार को समय 10:30 बजे से अपरान्ह 2:00 बजे तक होना है ।नामांकन पत्रों की जांच 11, 12,.2024 को 3:00 बजे के बाद व बैध नामांकन पत्रों का प्रकाशन 11, 12, 24 को ही सायं 5:00 बजे तक होना है। नामांकन पत्र की वापसी दिनांक 12, 12,.2024 को होना है तथा वैध करार नामांकन पत्रों का प्रकाशन 12,12,.2024 दिन बृहस्पतिवार को होना है।

टेंडर वोट 16, 12, 2024 को 11:00 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक होना है। यदि आवश्यक हुआ तो मतदान 17, 12,.2024 को सुबह 9:00 बजे से 3:00 बजे तक होगा तथा मतगणना 3:00 बजे के बाद होकर चुनाव परिणाम घोषित कर दिया जाएगा। जिन पदों पर चुनाव होने हैं उसमें अध्यक्ष एक पद अनुभव 25 वर्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एक पद अनुभव 20 वर्ष, उपाध्यक्ष दो पद अनुभव 10 वर्ष, कनिष्ठ उपाध्यक्ष एक पद 7 वर्ष से ऊपर व 10 वर्ष से कम, महामंत्री एक पद15 वर्ष अनुभव, कोषाध्यक्ष एक पद 10 वर्ष व संयुक्त मंत्री के तीन पद प्रशासन, सूचना प्रसारण व पुस्तकालय के लिए 10 वर्ष तथा वरिष्ठ सदस्य कार्यकारिणी व कनिष्ठ सदस्य कार्यकारिणी के छह, छह पदों पर 15 वर्ष व 15 वर्ष से कम के अनुभव के अधिवक्ता ही चुनाव लड़ सकेंगे। चुनाव संचालन समिति के लिए 10 सदस्यों का नाम रखा गया है जिसमें पूर्व अध्यक्ष रविंद्र मणि त्रिपाठी, पूर्व अध्यक्ष ओमप्रकाश पांडे, जय श्री सिंह ,रामदेनी सिंह बी सी शर्मा, नर्वदेश्वर मिश्र, अरविंद दुबे, संदीप राय, राकेश श्रीवास्तव व दीनदयाल मल नामित किए गए हैं ।मतदान में केवल सी0ओ0पी0 धारक अधिवक्ता जो परिसर में रेगुलर सदस्य हैं वह मतदान कर सकेंगे ।किसी भी पद पर नामांकन करने हेतु संघ का लगातार 2 वर्ष का नियमित सदस्य होना अनिवार्य है।

अगर किसी अधिवक्ता का जो सी0ओ0पी0 धारक है तथा परिसर में रेगुलर सदस्य हैं उनका रसीद कटा है तथा मतदाता सूची में किन्ही कारणों से नाम नहीं है तो वह चुनाव अधिकारी को रसीद दिखाने पर मतदान कर सकेंगे ।वर्तमान पदाधिकारी गण में से कोई भी सदस्य किसी पद पर एक साल के अंतराल पर ही चुनाव में प्रक्रिया में भाग ले सकेगा।

## संक्षिप्त डायरी

### युवक की तलाश के लिए लगाई पुलिस अधीक्षक से गुहार



संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा

बांदा में एक युवक की तलाश के लिए परिजनों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर गुहार लगाई। बताया गया कि युवक 29 तारीख से लापता है जिसकी उम्र लगभग 18 वर्ष है जिसका नाम प्रांशु उर्फ भोले पुत्र लालाभैया कुशवाहा है। परिजनों ने युवक के अपहरण की आशंका जताई है। उन्होंने यह भी बताया गया कि संबंधित थाने में जानकारी दी गई लेकिन गुमशुदगी का मामला लिखकर टाल दिया गया। वहीं एक सीसीटीवी फुटेज सामने आई है जिसमें युवक को बाइक पर ले जाता एक युवक दिखाई दे रहा है। यह पूरा नजारा सीसीटीवी कैमरे के फुटेज में कैद है। हालांकि इस मामले में अभी कोई नतीजा नहीं निकला है। यह पूरा मामला तिंदवारी थाना के बरेठी गाँव का है।

### एआरटीओ शंकर जी सिंह ने 17 ओवरलोड वाहनों को निरुद्ध एवं 5 वाहनों का किया चालान



संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा

**बांदा** में ओवरलोड वाहनों पर चला परिवहन विभाग का चाबुक हुई बड़ी कार्यवाही। शासन के निदेर्शानुसार ओवरलोड वाहनों के सघन चेकिंग अभियान के अंतर्गत जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में कल देर रात्रि तक ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध सघन अभियान के अंतर्गत थाना मार्का,थाना बबेरू,थाना तिंदवारी में अधोहस्ताक्षरी द्वारा 17 वाहनों को निरुद्ध किया गया तथा 5 पर चलानी की कार्यवाही की गयी। एआरटीओ प्रशासन शंकर जी सिंह ने बताया की ओवरलोड वाहनों/अनाधिकृत वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

### अधिकारियों ने सुबह 5 बजे किया स्थलीय निरीक्षण



संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा

आयुक्त चित्रकूटधाम मण्डल बॉदा बाल कृष्ण त्रिपाठी, पुलिस उप महानिरीक्षक अजय कुमार सिंह, जिलाधिकारी नगेन्द्र प्रताप ने गुरुवार को प्रातः 05:00 बजे शहर के विभिन्न स्थलों का निरीक्षण करते हुए गरीब एवं असहाय लोगों को कम्बलों का वितरण किया। उन्होंने महाराणा प्रताप चैराहा, रेलवे स्टेशन, महेश्वरी देवी, रोडवेज बस स्टेशन, बाबूलाल चैराहा आदि स्थानों पर पहुंचकर सर्दी से बचाव हेतु कम्बलों का वितरण किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 राजेश कुमार, उप जिलाधिकारी सदर अमित शुक्ला उपस्थित रहे।

### अधिकारियों ने पैदल गश्त कर साउंड पॉल्यूशन के खिलाफ चलाया विशेष अभियान



संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा

**बांदा** जनपद में गुरुवार 05 दिसंबर 2024 को सुबह मंडलायुक्त चित्रकूटधाम मंडल बालकृष्ण त्रिपाठी, पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा अजय कुमार सिंह, जिलाधिकारी बांदा नागेंद्र प्रताप व पुलिस अधीक्षक बांदा अंकुर अग्रवाल द्वारा शहर क्षेत्र में पैदल गश्त कर तेज ध्वनि (साउंड पॉल्यूशन) के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया। विशेषकर उन स्थानों पर जहां तेज आवाज, पार्टी शोर और अनावश्यक ध्वनि प्रदूषण के कारण स्थानीय निवासियों को असुविधा हो होती है। सभी प्रकार के ध्वनि प्रदूषण जैसे कि तेज म्यूजिक सिस्टम, सार्वजनिक आयोजनों में शोर और अन्य अव्यवस्थित ध्वनियों को नियंत्रित करने के लिए विशेष अभियान चलाया गया जिससे जनपद में शांति और सुखमय वातावरण बना रहे तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

### एसएसपी इटावा द्वारा थाना सिविल लाइन क्षेत्रान्तर्गत पैदल गस्त करते हुये आमजन को सुरक्षा के प्रति किया गया आश्वस्त ।



संस्कार उजाला

**विशेष संवाददाता मनोज पाठक इटावा**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार द्वारा जनपद की कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी तथा सुदृढ़ बनाए रखने हेतु आज दिनांक 04.12.2024 को थाना सिविल लाइन क्षेत्रान्तर्गत डीएम चौराहे से एसएसपी चौराहे तक पैदल गस्त किया गया एवं संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ करते हुये आम लोगों से संवाद कर उनको सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया गया । इस दौरान सीडीओ इटावा, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण इटावा श्री सत्यपाल सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक नगर श्री अभयनाथ त्रिपाठी एवं पुलिस के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहें ।

## दिल्ली मेट्रो की केबल चोर काटकर ले गए, ब्लू लाइन पर सेवाएं हुईं बाधित

नई दिल्ली। दिल्ली मेट्रो की ब्लू लाइन पर गुरुवार को केबल चोरी की वजह से सेवाएं प्रभावित हुई हैं। मोती नगर और कीर्ति नगर के बीच इस घटना के कारण मेट्रो ट्रेनों की गति धीमी कर दी गई, जिससे यात्रियों को देरी का सामना करना पड़ा। दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने इस घटना पर खेद व्यक्त करते हुए सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा कि प्रभावित खंड पर मरम्मत कार्य आज रात परिचालन घंटों के बाद पूरा किया जाएगा। डीएमआरसी ने यात्रियों को सलाह दी है कि वे यात्रा के लिए अतिरिक्त समय का प्रावधान रखें। दिल्ली मेट्रो प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे अपनी यात्रा की योजना विलंब को ध्यान में रखकर बनाएं। प्रभावित खंड पर मेट्रो सेवाएं सीमित गति से जारी रहेंगी। इस तरह की घटनाओं से न केवल मेट्रो सेवाएं प्रभावित होती हैं, बल्कि यात्रियों को भी काफी असुविधा होती है।

**पहले भी हो चुकी हैं ऐसी घटनाएं**

यह पहली बार नहीं है जबकि केबल चोरी से सेवाएं प्रभावित हुई हैं। अगस्त में भी रेड लाइन पर झिलमिल और मानसरोवर पार्क स्टेशनों के बीच सिग्नल केबल चोरी हुई थी, जिससे दिलशाद गार्डन से शाहदरा मार्ग पर ट्रेनों की रफ्तार घटाकर 25 किलोमीटर प्रति घंटा कर दी गई थी।

## जब अभिनेता सलमान खान के शूटिंग सेट पर घुसा अनजान युवक

**– गैंगस्टर का नाम लेते ही मुंबई पुलिस ने लिया हिरासत में**

मुंबई। मुंबई के दादर इलाके में बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के शूटिंग सेट पर एक शख्स अवैध रूप से घुस गया। शक होने पर जब उससे पूछताछ की गई तो उसने कहा कि मैं लॉरेंस बिश्नोई को कहूं क्या ? इसके बाद संदिग्ध को पूछताछ के लिए शिवाजी पार्क पुलिस स्टेशन ले जाया गया। मिली जानकारी के मुताबिक ये घटना मुंबई के परिमंडल-5 में हुई। संदिग्ध ने कथित तौर पर गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के नाम का इस्तेमाल किया। पुलिस उसकी जांच कर रही है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार जब यह अज्ञात व्यक्ति अंदर आया तो सलमान खान शूटिंग स्थल पर मौजूद थे। जब उसने लॉरेंस बिश्नोई का नाम लिया तो क्रू में से कुछ लोगों ने उसे देख लिया। फिर इसकी सूचना पुलिस को दी गई। फिलहाल पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। आपको बता दें कि पिछले कुछ समय से सलमान खान लॉरेंस बिश्नोई के निशाने पर हैं और सलमान खान को गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के नाम पर कई बार धमकी भी मिल चुकी है। हाल ही में उनसे 5 करोड़ रुपये की फिरौती भी मांगी गई थी। कुछ महीने पहले सलमान के बांद्रा स्थित घर के बाहर फायरिंग भी हुई थी। इसमें लॉरेंस गैंग का नाम सामने आया था। कुछ दिनों पहले सलमान खान के सबसे अच्छे दोस्त और राज्य के पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इसके बाद से सलमान की सुरक्षा का ख्याल और भी सजगता से रखा जाने लगा है।

## मणिपुर हिंसा : थौबल में भारी मात्रा में मिले हथियार, दुष्कर्मी उप सरपंच भी गिरफ्तार

इंफाल। मणिपुर के थौबल जिले में तलाशी अभियान के दौरान 16 आग्नेयास्त्र, छह 36 एचई ग्रेनेड, दो डेटोनेटर, गोला-बारूद और एक वॉकी-टॉकी सेट के साथ एक चार्जर बरामद हुआ है। पुलिस ने बताया कि यह बरामदगी बुधवार को फुंगी चिंग न्गामुखोंग इलाके में तलाशी के दौरान की गई और इस संबंध में किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। पुलिस के बयान में कहा गया कि पहाड़ी और इंफाल घाटी दोनों में राज्य के विभिन्न जिलों में कुल मिलाकर 107 जांच चौकियां स्थापित की गई हैं और कानूनों के किसी भी उल्लंघन के संबंध में किसी को हिरासत में नहीं लिया गया। इंफाल घाटी स्थित मैतेई और आसपास के पहाड़ी क्षेत्र कुकी-जो समूहों के बीच पिछले साल मई से जातीय हिंसा में 250 से अधिक लोग मारे गए हैं और हजारों बेघर हो गए हैं। मणिपुर हिंसा के दौरान लापता मैतेई व्यक्ति को ढूंढने के लिए और अरंबाई टेंगोल के नेता कोरोंगनबा खुमान के खिलाफ एनआईए के मामलों को वापस लेने की मांग की गई। जिसको लेकर बुधवार को इंफाल घाटी के विभिन्न हिस्सों में प्रदर्शन हुए। पुलिस ने बताया कि सेना ने सिंह की खोज के लिए ड्रोन, ट्रैकर कुत्तों और 2,000 से अधिक कर्मियों को तैनात किया है। इम्फाल पश्चिम के लाफुपत तेरा, वांगोई और काकचिंग जिले के वबागई तथा काकचिंग खुनौ में प्रदर्शनकारियों ने खुमान के खिलाफ एनआईए के मामलों का विरोध किया। खुमान और कुकी उग्रवादियों पर राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने मामले दर्ज किए हैं, जिनमें सुरक्षा बलों पर हमले और आईईडी विस्फोट के मामले शामिल हैं। वहीं इस बीच, टेंग्नौपाल के लीथाओ और मोलथम खुन में मारे गए 13 मैतेई लोगों की पहली पुण्यतिथि इम्फाल पूर्वी जिले के एंड्रो खुनौ तोरोंगथेल कामू कोइरेंग इंटीग्रिटी पार्क में मनाई गई।

## गांधीधाम में फर्जी ईडी टीम का पर्दाफाश, महिला समेत 12 आरोपी गिरफ्तार

कच्छ । गुजरात में अब तक फर्जी डॉक्टर, फर्जी हॉस्पिटल, फर्जी पुलिस, फर्जी जज पकड़े जाने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। अब गुजरात में फर्जी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम कानून के हत्थे चढ़ गई है। चौंकाने वाली बात यह है कि फर्जी ईडी की टीम में एक महिला भी शामिल है। पुलिस ने महिला समेत 12 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही नकद समेत 45.82 लाख रुपए का माल-सामान भी जब्त कर लिया। दरअसल फर्जी ईडी अधिकारी बनकर 2 दिसंबर को कच्छ के गांधीधाम इलाके में राधिका ज्वैलर्स और उनके आवासीय घर में एक गिरोह ने हाथ साफ कर दिया था। गिरोह ने खुद को ईडी का अधिकारी बताते हुए सोना, चांदी और नकदी सहित रु. 25,25,225 मूल्य की कीमती चीजें चुरा लीं। घटना के बाद राधिका ज्वैलर्स के मालिक ने गांधीधाम ए डिवीजन पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई थी। जिसके आधार पर पुलिस की अलग-अलग टीमों को भुज, गांधीधाम और अहमदाबाद समेत अन्य जगहों पर जांच शुरू कर दी। जांच के दौरान फर्जी ईडी टीम के कुल 12 आरोपियों के खिलाफ सबूत मिले।

# चंद राज्यों में बची कांग्रेस के भीतर सिर फुटव्वल, कर्नाटक में सीएम के पद को लेकर फिर शुरू हो सकती है रार



नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस का ग्राफ बढ़ाने के हो रहे प्रयास उस वक्त धरे के धरे रह जाते हैं जब पार्टी के भीतर ही असंतोष झलकने लगता है। लोकसभा चुनाव में पार्टी के प्रदर्शन से थोड़ी उम्मीद जगी थी लेकिन उसके बाद के विधानसभा चुनावों में पार्टी लगातार विफल साबित हो रही है। हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, झारखंड और महाराष्ट्र चारों राज्यों में हाल में हुए विधानसभा चुनाव में उसकी हालत पतली देखी गई। वह देश के गिने-चुने राज्यों में अपने दम पर सरकार में है। लेकिन वहां भी उसके भीतर का क्लेश थमने का नाम ले रहा है।

कांग्रेस पार्टी इस वक्त देश के तीन राज्यों कर्नाटक, तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश में अपने दम पर सत्ता में है। इसमें सबसे बड़ा राज्य कर्नाटक है। लेकिन, यहां पार्टी के भीतर ही सिर फुटव्वल हो रहा है। सीएम पद की लड़ाई राज्य के दो बड़े नेताओं में जारी है। यह लड़ाई एक बार फिर सामने आ गई है। बुधवार को राज्य के सीएम सिद्दारमैया ने उन बयानों को खारिज कर दिया जिसमें डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने कहा था कि पार्टी आलाकमान ने राज्य में पावर शेयरिंग का एक फॉर्मूला तैयार करवाया था। और अब पार्टी हाईकमान राज्य के सीएम पद को लेकर फैसला लेगा। एक टीवी चैनल को दिए इंटरव्यू में डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने ये बाते कही थी। दरअसल, 2023 में कर्नाटक में कांग्रेस की जीत के बाद सीएम पद को लेकर लंबे समय तक विवाद चला था। सिद्दारमैया और डीके शिवकुमार दोनों बड़े दावेदार थे। फिर केंद्रीय नेतृत्व के हस्तक्षेप के बाद दोनों के बीच पावर शेयरिंग का फॉर्मूला तय किया गया। डीके शिवकुमार को उपमुख्यमंत्री के पद के साथ प्रदेश कांग्रेस का अध्यक्ष पद भी दिया गया था। इंटरव्यू में शिवकुमार ने स्पष्ट तौर पर कहा कि 2023 में नई सरकार के गठन से पहले ही उनके और सिद्दारमैया के बीच सीएम पद को लेकर एक समझौता हुआ था।

लेकिन, अब सिद्दारमैया के बयान के बाद शिवकुमार अपने बयान से पलट गए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का बयान अंतिम है। हम सीएम और पार्टी के प्रति वफादार हैं। शिवकुमार ने आगे कहा कि अब कोई बहस नहीं है। उधर, कर्नाटक में मंत्रिमंडल के विस्तार या उसमें बदलाव के बारे में पूछे जाने पर सिद्दारमैया ने कहा कि ऐसी कोई योजना नहीं है। मीडिया से सवालिया लहजे में उन्होंने कहा कि यह मेरा विशेषाधिकार है। क्या मैंने आपसे कुछ कहा है? तो फिर क्यों ऐसी बातें कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो भी फैसला होगा हाईकमान करेगा। गुरुवार को हासन में कांग्रेस की एक रैली है। इस रैली के नाम को लेकर भी विवाद है। पहले इस रैली का नाम 'जन कल्याण समावेश' था। लेकिन इसका नाम बदल दिया गया है। इस बारे में पूछे जाने पर सिद्दारमैया ने कहा कि उनके समर्थन यह रैली कर रहे हैं। इसका नाम स्वाभिमानी ओक्कुटा रखा गया है। कांग्रेस पार्टी इस रैली का समर्थन कर रही है।

## असम में 7 दिसंबर को होगा कैबिनेट विस्तार, चार नए मंत्री होंगे शामिल

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने गुरुवार (5 दिसंबर) को कहा कि कैबिनेट 7 दिसंबर को चार मंत्रियों को शामिल करके होगी। विस्तार से मंत्रिपरिषद में सदस्यों की कुल संख्या 20 हो जायेगी। परिषद के सभी सदस्य भाजपा विधायक हैं। मुख्यमंत्री के नेतृत्व वाले वर्तमान मंत्रिमंडल में 16 सदस्यीय मंत्रिपरिषद शामिल है। मुख्यमंत्री सरमा ने कहा कि विधायकों को 7 दिसंबर को दोपहर 12 बजे कैबिनेट में मंत्री पद की शपथ दिलाई जाएगी। हिमंत बिस्वा सरमा ने एक्स पर लिखा कि यह बताते हुए खुशी हो रही है कि निम्नलिखित सहयोगी 7 दिसंबर को दोपहर 12 बजे हमारे मंत्रिमंडल में मंत्री के रूप में शपथ लेंगे। 1. श्री प्रशांत फूकन, विधायक 2. श्री कौशिक राय, विधायक 3. श्री कृष्णेंदु पॉल, विधायक 4. श्री रूपेश गोला, विधायक। उनमें से प्रत्येक को मेरी शुभकामनाएँ! इससे पहले असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बुधवार को घोषणा की कि राज्य सरकार ने रेस्तराओं, होटलों एवं सार्वजनिक स्थलों पर गोमांस परोसे जाने और खाने पर रोक लगाने का फैसला किया है। राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में गोमांस सेवन पर मौजूदा कानून में संशोधन कर नए प्रावधानों को शामिल करने का निर्णय लिया गया। शर्मा ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''हमने रेस्तराओं, होटलों एवं सार्वजनिक स्थलों पर गोमांस परोसे जाने तथा खाने पर रोक लगाने का फैसला किया है।



## वायनाड सांसद प्रियंका गांधी ने अमित शाह से मुलाकात की



*** वायनाड में हुए भूस्खलन के बाद प्रियंका ने केंद्र सरकार से प्रभावित इलाके के लिए मदद मांगी**

नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस नेता और वायनाड सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने हाल ही में भारतीय राजनीति में एक महत्वपूर्ण मुलाकात की घोषणा की है। उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से वायनाड के लिए विशेष पैकेज की मांग को लेकर मुलाकात की। 30 जुलाई को केरल के वायनाड में हुए भूस्खलन के बाद प्रियंका गांधी वाड्रा ने केंद्र सरकार से प्रभावित इलाके के लिए मदद की अपील की है। भूस्खलन से हुए तबाही में हजारों लोग प्रभावित हुए और बड़े नुकसान में पहुंचे। प्रियंका गांधी ने कहा कि वायनाड के लिए सकारात्मक दिशा में कदम उठाने की जरुरत है। उन्होंने अमित शाह से वायनाड के लोगों की मदद को लेकर सहायता की अपील की है। इस मुलाकात के बाद प्रियंका गांधी ने बताया कि भूस्खलन और बाढ़ से वायनाड को काफी नुकसान हुआ है और वहां के लोगों को राहत फंड की आवश्यकता है। प्रियंका गांधी ने राजनीति को पारे रखते हुए अपील की है कि वायनाड के लोगों को हर संभव मदद मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने भी वायनाड के पीड़ित लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुना था। अब उन लोगों को उम्मीद है कि वे मदद पा सकेंगे। थिम्नेंटजे उपचुनाव में जीत हासिल कर सांसद बनने के बाद प्रियंका गांधी वाड्रा ने वायनाड के लिए उचित मदद की मांग की थी। उनके प्रयासों का सामर्थन करने के लिए वायनाड के लोग उन्हें पूरी तरह से समर्थन दे रहे हैं।

# महाराष्ट्र में महायुति को सत्ता तक पहुंचाने वाली लड़की बहन योजना की होगी जांच

*** खंगाले जाएंगे ढाई लाख आवेदन**




मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र में महायुति को सत्ता के शिखर तक पहुंचाने में लड़की बहन योजना का बड़ा योगदान माना जा रहा है। इसी के दम पर महाराष्ट्र चुनाव जीतने का दावा किया गया। अब देवेंद्र फडणवीस महाराष्ट्र के नए सीएम बनने जा रहे हैं। इसी बीच अब लड़की बहन योजनाओं में खामियों की बात सामने आ रही है। ढाई लाख लाभार्थियों की जांच के आदेश दे दिए गए हैं। इस संबंध में मीडिया रिपोर्ट्स के बाद महाराष्ट्र के महिला एंव बाल विकास मंत्रालय की तरफ से सफाई दी गई। रिपोर्ट के अनुसार नई सरकार लड़की बहन के सभी आवेदनों में से 1 प्रतिशत की फिर से जांच करेगी।

विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि कि लड़की बहन योजना के कुल 2.5 करोड़ लाभार्थी हैं। फिलहाल कमियों को दूर करने के लिए आवेदनों में से 1 प्रतिशत का ऑडिट करने की योजना है। बाद में चरणबद्ध तरीके से सैंपल की जांच की जाएगी। लड़की बहन योजना के तहत महाराष्ट्र सरकार मौजूदा समय में महाराष्ट्र की महिलाओं को 1,500 रुपये हर महीने दे रही है। सरकार का प्लान इसे बढ़ाकर 2,100 रुपये करने का है। बताया जा रहा है कि दिसंबर में नई सरकार के तहत योजना को आगे बढ़ाने से पहले ऑडिट पूरा हो जाने की संभावना है।

यह सुनिश्चित किया जाएगा कि टैक्स-पेयर का पैसा केवल वास्तविक लाभार्थियों तक पहुंचे। मल्टी-लेवल वैरिफिकेशन सिस्टम को अपनाया जाएगा। एक बहुस्तरीय सत्यापन प्रणाली इस प्रक्रिया को अंजाम देगी। लड़की बहन योजना की एलिजिबिलिटी के लिए भूमि स्वामित्व पर 5 एकड़ की सीमा है। साथ ही फैमिली इनकम 2.5 लाख रुपये तक होना अनिवार्य है। बताया गया कि अप्लाई करने वाली महिलाओं के आयकर प्रमाण पत्र, रिटायरमेंट पेंशन विवरण और वाहन स्वामित्व रिकॉर्ड की जांच की जाएगी। योजना में प्रति परिवार दो महिलाओं को लाभ सीमित किया गया है। सरकार की योजना डोर-टू-डोर सर्वे करने की है। अधिकारियों ने कहा कि यह जांच जरूरी थी। फाइनेंस और डब्ल्यूसीडी विभागों ने सभी आवेदनों की गहन जांच का प्रस्ताव दिया है। अबतक इस योजना के तहत पांच किस्तें दी जा चुकी हैं। दिसंबर के लिए छठी किस्त पहली कैबिनेट बैठक के बाद जमा होने की उम्मीद है। राज्य सरकार ने इस योजना के लिए 36,000 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। उन्हें स्पेशल सप्लीमेंट्री बजट के जरिए बढ़ी हुई राशि के लिए अतिरिक्त पैसा जारी करना होगा। महाराष्ट्र के वित्त विभाग के अधिकारियों ने कहा कि संभावित धोखाधड़ी के दावों और पैसों के दुरुपयोग की चिंताओं को दूर करने के लिए जिला स्तर पर जांच की जाएगी।

## मैं अपना डीएनए टेस्ट कराने के लिए तैयार, मुख्यमंत्री भी डीएनए की जांच कराएं : अखिलेश यादव



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के डीएनए वाले बयान पर समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह अपने डीएनए की जांच करवाने के लिए तैयार हैं बशर्ते मुख्यमंत्री भी अपने डीएनए की जांच कराएं। योगी ने अयोध्या में रामायण मेले के उद्घाटन के बाद विपक्षी दलों पर समाज को बांटने का आरोप लगाया और कहा कि अयोध्या व संभल में मुगल शासक बाबर की सेना ने जो किया और आज जो बांग्लादेश में हो रहा है, उसका डीएनए एक ही है। अखिलेश ने कानपुर में संवाददाताओं से कहा, 'मुझे नहीं पता कि मुख्यमंत्री कितना विज्ञान जानते हैं और उन्होंने कितनी बायोलॉजी पढ़ी है लेकिन मैं उनसे अनुरोध करना चाहता हूं कि उन्हें डीएनए के बारे में बात नहीं करनी चाहिए।' उन्होंने कहा, 'आपके (मीडिया) जरिए मैं यह पूरी जिम्मेदारी के साथ कह रहा हूं कि उन्हें डीएनए के बारे में बात नहीं करनी चाहिए। अगर वह डीएनए के बारे में बात करते हैं तो मैं डीएनए टेस्ट कराने के लिए तैयार हूं और मुख्यमंत्री को भी अपना डीएनए टेस्ट कराना चाहिए।' अखिलेश ने कहा, 'डीएनए की बात करना उन्हें (मुख्यमंत्री योगी को) शोभा नहीं देती। एक संत, भगवा वस्त्र धारण किए एक योगी होने के नाते उन्हें डीएनए के बारे में बात नहीं करनी चाहिए।' अखिलेश यहां एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पहुंचे थे।

## उमर अब्दुल्ला का आरोप, सोची समझी साजिश के तहत हमारी मस्जिदों को बनाया जा रहा निशाना




श्रीनगर (एजेंसी)। नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने आज पार्टी के संस्थापक शेख मुहम्मद अब्दुल्ला को उनकी 119वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि अब एक सोची समझी साजिश के तहत हमारी मस्जिदों को निशाना बनाने की कोशिश की जा रही है। ये बात मैंने बार-बार कही है। उन्होंने आगे कहा कि आप कहते हैं कि आप मुसलमानों का तुष्टीकरण नहीं करेंगे, तो ऐसा न करें, हम तुष्टिकरण नहीं चाहते। लेकिन हमें निशाना मत बनाओ।

उमर अब्दुल्ला ने कहा कि हमारी मस्जिदों, दरगाहों और जिस तरह हम अपने धर्म का पालन करते हैं उस पर हमला करके आप हमें प्रताड़ित कर रहे हैं और यह वह भारत नहीं है जिसका जम्मू-कश्मीर हिस्सा था। यह वह भारत नहीं है जिसकी हमारे संस्थापकों ने कल्पना की थी। पूर्व सांसद और एनसी विधायक हसनैन मसूदी ने कहा कि यह सब पूजा स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम के खिलाफ है। संभल में जो हुआ और अन्य स्थानों पर जो प्रयास किए जा रहे हैं - ये विभाजनकारी ताकतें हैं...ऐसी ताकतें हैं जो लोगों के बीच दरार पैदा करने का प्रयास कर रही हैं। यह राष्ट्रहित में नहीं है।

उमर अब्दुल्ला ने सुखबीर बादल पर हमले को लेकर भी बयान दिया। उन्होंने कहा कि कल सुखबीर बादल पर हमले के बाद मैंने उनसे बात की. हमने स्थिति के बारे में बात की, जाहिर है, कुछ चीजें जो उन्होंने मेरे साथ साझा कीं, वे सार्वजनिक उपभोग के लिए नहीं हैं। लेकिन अगर दिन के उजाले में पूर्व उपमुख्यमंत्री पर इस तरह से हमला हो सकता है तो ये चिंता की बात है। जाहिर है, इस पर गौर करने की जरूरत है. यह कैसे हुआ और यह सुनिश्चित करना है कि भविष्य में ऐसा न हो।

## पाकिस्तान पहुंची अंजू दिल्ली में खरीदना चाह रही घर...नसरुल्ला भी आने को तैयार

*** सभी नियमों का किया पालन, लेकिन बना दिया गया विलेन**



भिवाड़ी (एजेंसी)। राजस्थान से पाकिस्तान पहुंची अंजू अब वापस भारत आने और दिल्ली एनसीआर में एक घर खरीदने की तैयारी में हैं। एक साक्षात्कार के दौरान अंजू ने बताया कि, उसने पाकिस्तान टूर के लिए सभी नियमों का पालन किया था, लेकिन उसे विलेन बना दिया गया।

अंजू ने अपनी बात रखते हुए कहा कि पाकिस्तान टूर को लेकर उसके परिवार को ताने दिए गए, जिससे मेरे और मेरे परिवार के बीच दूरियां बढ़ गईं। उसने कहा कि अब वो सिंगल महिला है और उसके बच्चे भी उसके पास हते हुए खुश हैं। इसके साथ ही वह भारत लौटेगी और अब सारे सवाल खत्म हो गए हैं।

यहां बताते चलें कि अंजू तब सुर्खियों में आईं थी जब वह अपने पति और बच्चों को छोड़कर पाकिस्तान में बैठे अपने फेसबुक फ्रेंड से बने प्रेमी नसरुल्ला से मिलने पाकिस्तान पहुंच गई। पाकिस्तान जाकर अंजू ने नसरुल्ला से निकाह किया और अपना नाम फातिमा रख लिया। इसके बाद अंजू जब वापस भारत आईं, तो अपने पाकिस्तान टूर को लेकर तमाम सवालों के जवाब भी दिए। इस बीच एक बातचीत में अंजू ने कहा, कि मेरे परिवार को बहुत कुछ सुनना और सहना पड़ा है, लेकिन अब सब ठीक हो गया है। मैं अब अपने बच्चों के लिए जीना चाहती हूं और उन्हें काबिल बनाना चाहती हूं। अंजू ने कहा कि खुद का घर खरीदने की योजना बना रही हूं, ताकि किसी के अधीन न रहूं। इसके लिए काफी मेहनत करनी पड़ रही है, लेकिन अब परिवार साथ है, तो हर मुश्किल का सामना कर सकती हूं। इसी के साथ अंजू ने कहा कि नसरुल्लाह भी पाकिस्तान से भारत आने की तैयारी कर रहे हैं। बावजूद इसके दोनों को ही कई दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

# एकनाथ शिंदे युग खत्म हुआ, उन्हें किनारे कर दिया गया है... फडणवीस के शपथ ग्रहण से पहले संजय राउत का तंज



मुंबई (एजेंसी)। शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने गुरुवार को कहा कि एकनाथ शिंदे के शासन का युग खत्म हो गया है और दावा किया कि वह फिर कभी इस राज्य के सीएम नहीं बनेंगे। पत्रकारों से बात करते हुए संजय राउत ने भारतीय जनता पार्टी पर उनका इस्तेमाल करने और किनारे कर देने का आरोप लगाया. ऐसा एक दिन बाद हुआ जब भाजपा ने सर्वसम्मति से महाराष्ट्र में शीर्ष पद के लिए देवेंद्र फड़नवीस को चुना।

संजय राउत ने ने कहा शिंदे युग ख़त्म हो गया, वो सिर्फ़ दो साल के लिए था। उसका प्रयोग है। उन्होंने भाजपा पर अपनी राजनीतिक रणनीति का इस्तेमाल करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि ये शिंदे की पार्टी भी तोड़ सकते हैं, ये तो हमेशा से बीजेपी रही है। यह सवाल करते हुए कि बहुमत होने के बावजूद महायुति गठबंधन को सरकार बनाने में 15 दिन क्यों लगे, राउत ने सत्तारूढ़ गठबंधन के भीतर संभावित दरार का संकेत दिया और कहा कि यह मुद्दा कल से दिखना शुरू हो जाएगा।

उन्होंने कहा कि देवेंद्र फडणवीस आज से राज्य के सीएम होंगे। बहुमत होने के बावजूद सरकार बनाने के लिए 15 दिन का समय, राउत ने सत्तारूढ़ गठबंधन के भीतर संभावित दरार का संकेत दिया और कहा कि यह मुद्दा कल से दिखना शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि वे महाराष्ट्र या देश के हित में काम नहीं कर रहे हैं। वे अपने स्वार्थ के कारण एक साथ आए हैं...लेकिन राज्य भर में लोग चुनाव नतीजों के खिलाफ सड़कों पर उतर आए हैं, जिससे उन्हें यह मंजूर नहीं है।% फिर भी आज प्रदेश को सीएम मिल रहा है, हम उनका स्वागत करते हैं।

शिवसेना (यूबीटी) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि मैं महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री को शुभकामनाएं देता हूं। मुझे उम्मीद है कि वह महाराष्ट्र के लोगों से की गई अपनी सभी प्रतिबद्धताओं पर खरे उतरेंगे। सीएम का चेहरा तय करने में सरकार को 10 दिन से अधिक का समय लग गया...तीनों के बीच इतने सारे मतभेदों को देखते हुए, मुझे उम्मीद है कि महाराष्ट्र के लोगों को परेशानी नहीं होगी। उन्होंने कहा कि बीजेपी की रणनीति अपने राजनीतिक सहयोगियों की पीठ में छुरा घोंपने की रही है। शिरोमणि अकाली दल, शिव सेना...वे (भाजपा) अपनी सुविधा के अनुसार इस्तेमाल करते हैं और फेंक देते हैं।

# बहुमुखी प्रतिभा के चलते राजेश खुल्लर मनोहर लाल के बाद नायब सैनी के बने भरोसेमंद

**चंडीगढ़ ।** हरियाणा के CMO यानि मुख्यमंत्री कार्यालय में हुए विभागों के बंटवारे में सीएम के मुख्य प्रधान सचिव राजेश कुमार खुल्लर सबसे पावरफुल अधिकारी बन चुके हैं। अकेले खुल्लर के पास गृह, जेल, स्वास्थ्य, ऊर्जा, आयुष और आबकारी जैसे 21 महत्वपूर्ण विभागों की जिम्मेदारी है। आपके मन में सवाल उठ रहा होगा कि आखिर इतने अधिकारियों में राजेश खुल्लर को ही कैसे इतनी बड़ी और महत्वपूर्ण जिम्मेदारी से नवाजा गया। हम आपकों इसके पीछे के कारणों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हैं।

### सैनी के लिए निभाई चाणक्य की भूमिका

हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने पर पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल पार्ट-2 के दौरान राजेश खुल्लर उनके मुख्य प्रधान सचिव के रूप में नियुक्त किए गए थे। राजेश खुल्लर उस समय मनोहर लाल के विश्वास पात्रों में से एक थे। मनोहरलाल के लिए चाणक्य की भूमिका निभाने वाले राजेश खुल्लर नए मुख्यमंत्री नायब सैनी के लिए भी 13 मार्च 2024 के बाद से चाणक्य की भूमिका में रहे। नायब सैनी के लिए चाणक्य की भूमिका निभाते राजेश खुल्लर के रणनीति कौशल से हरियाणा में हैट्रिक लगी है। चुनावों में भाजपा को जीत का गुरुमंत्र देने वाले राजेश खुल्लर हरियाणा के हर राजीनितिक दल का टेंपरामेंट बेखूबी जानते हैं।

### विश्व बैंक में भी कार्य कर चुके हैं खुल्लर


राजेश हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के अत्यंत करीबी व निकटतम आईएएस अधिकारियों में से एक अधिकारी रहे। राजेश खुल्लर ने 1984 में पंजाब विश्वविद्यालय से फिजिक्स में मास्टर डिग्री हासिल की थी। राजेश खुल्लर अमेरिका में विश्व बैंक से वापसी के बाद हरियाणा शिक्षा विभाग तथा हरियाणा लोक संपर्क विभाग के एससीएस के अलावा एफसीआर भी रहे। खुल्लर का सितंबर 2020 में तीन साल की अवधि के लिए विश्व बैंक के वाशिंगटन डीसी कार्यालय में कार्यकारी निदेशक के रूप में नियुक्ति का शानदार करियर रहा। खुल्लर हरियाणा और केंद्र सरकार में कई अहम पदों पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। वह केंद्रीय वित्त मंत्रालय में भी कार्य कर चुके हैं।

राजेश खुल्लर गुरुग्राम और फरीदाबाद के मुंसिपल कमिश्नर भी रह चुके हैं और इसके साथ ही रोहतक और सोनीपत के डिप्टी कमिश्नर भी रह चुके हैं। इससे पहले उन्होंने हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के प्रधान सचिव के रूप में लगभग पांच वर्ष तक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अपनी बहुमुखी प्रतिभा के चलते वह केंद्रीय वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग में संयुक्त सचिव के रूप में भी सेवाएं दे चुके हैं। हरियाणा में सत्ता व विपक्ष के अधिकांश विधायक यह मानते हैं कि राजेश खुल्लर में यह खूबी है कि वह किसी को निराश नहीं भेजते हैं। राजेश खुल्लर अपनी वर्तमान परिस्थितियों के अनुसार कर्तव्य परायणता से अपने दायित्व का निर्वाह करते रहे हैं।

### हर कसौटी पर खरे उतरें खुल्लर

राजनेताओं के साथ-साथ मुख्यमंत्री के विश्वस्त होने से लोगों को प्रशासनिक कार्य किए जाने के लिए अपेक्षाओं की कसौटी पर खुल्लर खरे उतरे चुके हैं । मनोहर सरकार के प्रधान सचिव के रूप में अतीत में हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर की भरोसेमंद टीम में सबसे विश्वासपात्र हरियाणा सरकार में राजेश खुल्लर नायब सैनी के सीएमओ के सभी कार्यों,सभी चैयरमैनो, विधायकों व मंत्रियो को बखूबी पूरा मान-सम्मान देने व प्रशाशनिक कार्यों में दक्षता का उनका अंदाज उनकी बेहतरीन कार्यशैली का हिस्सा रहे। कई बार विकट स्थितयों में उनके द्वारा लिए गए निर्णयों से सरकार को बड़ी राहत भी मिली है।

मनोहरलाल सरकार पार्ट वन में वह लोक संपर्क विभाग के एडिशनल चीफ सेक्ट्री के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं, जिसके चलते मीडिया के सभी वर्गों, संगठनों, पत्रकारों और संस्थानो से इनका जबदस्त सामंजस्य है। खुल्लर पहले लोक संपर्क विभाग में महानिदेशक के पद पर भी कार्य कर चुके हैं। इस प्रकार के कईं अन्य कारण है जो राजेश खुल्लर को सीएमओ में सबसे पावरफुल अधिकारी बनने की कहानी ब्यां करते हैं। अपनी



इन्हीं खूबियों के चलते खुल्लर पहले मनोहर लाल और अब नायब सिंह सैनी के विश्वासनीय अधिकारियों में सबसे ऊपर अपनी जगह बना चुके हैं।

# कंबाइन संचालक के साथ लूटपाट, बदमाशों ने कपड़ा तक फाड़े...मामला दर्ज

इंद्री(मैनपाल)। दिल्ली चंडीगढ़ नैशनल हाईवे पर तरावड़ी के पास सर्विस लेन से जा रहे कंबाइन संचालक से मोटरसाइकिल सवार दो लुटेरो ने एक लाख 20 हजार रुपये की राशि छीन ली। जानकारी के मुताबिक कंबाइन चालक जींद निवासी कुलदीप अपनी मोटरसाइकिल पर गांव पूजम से 1 लाख 20 हजार रुपए लेकर तरावड़ी जीटी रोड के पास स्पेयर पार्ट की दुकान पर कुछ काम जा रहा था। जैसे ही वह तखाना मोड़ के पास बस स्टॉप पर पहुंचा तो पीछे से आ रहे हैं मोटरसाइकिल सवार दो अज्ञात लुटेरों ने उस पर हमला किया और उसकी कुर्ते पायजामे की जेब फाड़ दी। इसके बाद अज्ञात लुटेरे नगदी लेकर फरार हो गए। तुरंत इसकी सूचना डायल 112 पुलिस और तरावड़ी थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते पुलिस प्रशासन के साथ-साथ सीआईए पुलिस की तमाम टीमें मौके पर पहुंची। पुलिस प्रशासन ने दिल्ली चंडीगढ़ नेशनल हाईवे पर निजी संस्थानों में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज भी खँगाली। हाईवे के सर्विस लैन पर हुई इस लूट की वारदात से आसपास के लोग भी सकते में है। पुलिस प्रशासन की टीम ने मौका मुआयन भी किया। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज भी अपने कब्जे में ली। जानकारी देते हुए तरावड़ी थाना प्रभारी नसीब सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंचे थे। यह वारदात सर्विस लेन के पास घटित हुई। पुलिस जल्दी ही इस वारदात का खुलासा करेगी और जल्दी ही लुटेरे पकड़े जाएंगे।

# फायर ब्रिगेड विभाग और महिला एवं बाल कल्याण में ठनी

करनाल। बिल विवाद को लेकर फायर ब्रिगेड विभाग और महिला एवं बाल कल्याण में ठन गई। नौबत यहां तक पहुंच गई कि फायर ब्रिगेड के अधिकारियों ने महिला एवं बाल कल्याण कार्यालय की बिजली ही काट दी। महिला एवं बाल विकास ऑफिस क्योंकि फायर ब्रिगेड परिसर में ऊपरी मंजिल में चलता है। अब बिजली कटने पर विभाग के अधिकारी कोई आपत्ति भी दर्ज नहीं करा पा रहे हैं। इस वजह से कार्यालय 7 दिन से अंधेरे में डूबा हुआ है हालांकि यह कार्यालय फायर ब्रिगेड परिसर में तत्कालीन डी.सी. के आदेश पर ही शिफ्ट किया गया था तब बिल व अन्य खर्चों को लेकर कोई बात नहीं हुई थी। इसलिए दोनों विभागों की अपनी अपनी मजबूरी है। हालांकि महिला एवं बाल कल्याण ऑफिस के अधिकारियों ने बताया कि हम तो समाज कल्याण का ही काम कर रहे हैं। ऐसे में फायर ब्रिगेड विभाग के अधिकारियों को यह तरीका तो ठीक नहीं है। दूसरी ओर फायर ब्रिगेड विभाग के अधिकारी ने बताया कि वह इस बिल को जस्टिफाई ही नहीं कर पा रहे हैं। ऐसे में ज्यादा बिल आने से उनकी जवाबदेही हो रही है। वह क्या जवाब दें, इसलिए उन्हें यह कदम उठाना पड़ा है।

कार्यालय बंद किया तो लग जाएगी गैर-हाजिरी : इधर महिला एवं बाल विकास ऑफिस बंद नहीं कर सकते क्योंकि इस हालत में विभाग के सभी कर्मचारियों की गैर-हाजिरी लग जाएगी। इसलिए कार्यालय में आना उनकी मजबूरी है लेकिन लाइट न होने की वजह से कोई काम नहीं कर पा रहे हैं। बिजली न होने से परेशान यहां के कर्मचारियों ने बताया कि फाइलों पर भी काम करना मुश्किल हो रहा है क्योंकि अंधेरे की वजह से सही से दिखता नहीं है। इसलिए हाथ पर हाथ रख ही पूरा दिन बैठना पड़ रहा है। इधर महिला एवं बाल विकास की अपनी बिल्डिंग भी बनकर तैयार हो गई है। वहां तभी कार्यालय शिफ्ट किया जा सकता है, जब आदेश आएंगे क्योंकि अपने स्तर पर अधिकारी इस तरह का निर्णय नहीं ले सकते हैं। बिल्डिंग की बाबत भी डी.सी. और आला अधिकारियों को जानकारी है।

# फरीदाबाद पुलिस व बदमाश के बीच मुठभेड़, गोली लगने से घायल हुआ अंतरराज्यीय चोर गिरोह का सदस्य

फरीदाबाद । फरीदाबाद में पुलिस और अंतरराज्यीय बदमाश के बीच बुधवार देर रात मुठभेड़ हो गई। दोनों तरफ से हुई फायरिंग में लूट गिरोह का सदस्य पैर में गोली लगने से घायल हो गया, जिसके बाद पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया।

### जवाबी कार्रवाई में पुलिस टीम ने की फायरिंग

बताया जा रहा है कि बुधवार को अपराध शाखा सेक्टर-85 की टीम गस्त पर थी। टीम को सूचना मिली कि अंतरराज्यीय लूट व चोरी के गिरोह का एक सदस्य विपिन जो अपनी गैंग के साथ फरीदाबाद में लगातार अपराधिक वारदातों को अंजाम दे रहा है, चंदीला चौक पर आएगा। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए अपराध शाखा की टीम मौके पर पहुंची।आरोपी विपिन गाड़ी में सवार था। पुलिस टीम को देखकर उसने अपनी गाड़ी भगा ली, जिसका अपराध शाखा टीम ने पीछा किया। कुछ दूरी तक पीछा करने के बाद पुलिस की टीम ने आरोपी की गाड़ी को रुकवाया तो उसने गाड़ी से उतरकर पुलिस टीम पर फायरिंग की। जवाबी कार्रवाई में पुलिस टीम ने फायरिंग की। इस दौरान आरोपी के पैर में गोली लगी, जिससे वह घायल हो गया। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को पकड़कर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करवाया।



### कई वारदातों का हुआ खुलासा

आरोपी विपिन बिहार के गांव राज सिनोरासा का रहने वाला है। वह कुछ समय से फरीदाबाद में रह रहा था। विपिन के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने व जान से मारने की नियत से पुलिस पर फायर करने की विभिन्न धाराओं के तहत थाना बीपीटीपी (BPTP) में मामला दर्ज किया गया है। घायल आरोपी का बीके अस्पताल में इलाज चल रहा है। आरोपी विपिन पर लूट व चोरी के 12 मामले फरीदाबाद व एक मामला गुरुग्राम में दर्ज है, जो हाल में ही जमानत पर जेल से बाहर आया है। पूछताछ में ज्ञात हुआ है कि जमानत से आने के बाद आरोपी ने अपनी गैंग के साथ मिलकर फरीदाबाद में 7 नोएडा में दो और गुरुग्राम में एक, कुल 10 चोरी की वारदातों को अंजाम दिया है।

# रानियां में व्यक्ति ने की खुदकुशी, मरने से पहले फेसबुक पर लाइव आकर मास्टर व ट्रांसपोर्ट संचालक पर लगाए ये आरोप

रानियां । रानियां शहर के श्याम कॉलोनी के नजदीक रहने वाले व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मरने से पहले व्यक्ति ने फेसबुक पर लाइव आकर अपनी मौत का जिम्मेवार अध्यापक व ट्रींसपोर्ट कपंनी के संचालक को ठहराया है। व्यक्ति की पहचान विनोद सोनी पुत्र रामेश्वर सोनी के रूप में की गईहै। मृतक पेंचर लगाने का काम करता था। उसके दो बच्चें भी है। मृतक की पत्नी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उन्होंने कमरे में जाकर देखा तो उसके पति ने फांसी लगाई थी। उन्होंने तुरंत इसकी सूचना अपने रिश्तेदारों व पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को नीचे उताकर जांच पड़ताल की व पुलिस कार्रवाई करके पोस्टमार्टम के लिए शव को सिरसा के सामान्य अस्तपताल भिजवा दिया है। मृतक ने मरने से पहले फेसबुक पर लाइव आकर बताया कि उसके एक प्लॉट पर पोहड़का के एक मास्टर ने कब्जा किया हुआ है। पिछले 2 वर्षों से कानूनी लड़ाई लड़कर थक चुका है और उसका कोई साथ नहीं दे रहा है। इसके अलावा मृतक ने एक ट्रांसपोर्ट कपंनी के संचालक पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। मृतक ने वीडियो में बताया कि उसकी आर्थिक स्थिति काफी कमजोर हो चुकी है और उसके पास रोटी खाने के पैसे नहीं बचे है जिसके कारण वह अपनी आजीविका चलाने में असमर्थ है। परेशान होकर वह अपनी जीवनलीला समाप्त कर रहा है और वह पुलिस प्रशासन से मांग करता है कि मास्टर व ट्रांसपोर्ट संचालक के खिलाफ कार्रवाई करके उसे व उसके परिवार को न्याय दिलवाया जाएं। इस मौके पर थाना प्रभारी दिनेश कुमार ने बताया कि मृतक की पत्नी पूजा रानी के ब्यान पर उक्त मास्टर व ट्रांसपोर्ट संचालक के खिलाफ केस दर्ज जांच शुरु कर दी है।



# 'बात जब पिता-पुत्र की रह जाए तो पार्टी को खामियाजा भुगतना पड़ता है', श्रुति चौधरी का कांग्रेस पर निशाना

**करनाल ।** कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और सांसद दीपेंद्र हुड्डा पर चुटकी लेते हुई नजर आई। श्रुति चौधरी ने कहा कांग्रेस पार्टी में केवल पिता-पुत्र की बात रह गई। जिसका परिणाम आज कांग्रेस को भुगतना पड़ रहा है।

मंत्री श्रुति चौधरी 9 दिसंबर को पानीपत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन पर कार्यकर्ताओं की बैठक बीजेपी कार्यालय पहुंची थी।यहां मीडिया से बात करते हुए कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। वहीं उन्होंने प्रदेश और केंद्र सरकार की उपलब्धियां भी गिनवाई।

कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष पर कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी हंसते हुए हंसते नजर आई। उन्होंने कहा कांग्रेस अगर ठीक रास्ते पर चलती तो इतने लोग कांग्रेस को क्यों छोड़ते, खास तौर पर वह लोग जिन्होंने अपना जीवन कांग्रेस पार्टी को दिया हो। आज के दिन कांग्रेस ने खुद को ही कटघरे में खड़ा किया हुआ है, क्योंकि कांग्रेस सही समय पर कोई भी फैसला नहीं ले पाती है। कांग्रेस आपस में उलझी रहती है, लोगों के काम से बहुत दूर हो चुकी है। उन्होंने कहा कांग्रेस में केवल पिता पुत्र की बात रह गई है। जब इस प्रकार की बात आ जाती है तो पार्टी को उसका कामयाजा भुगतना पड़ता है।

किसानों के दिल्ली कूच करने के आह्वान पर श्रुति चौधरी ने कहा किसान हमारे प्रदेश के रीड़ की हड्डी हैं। हरियाणा ऐसा पहला प्रदेश जहां 24 फसलों पर प्रदेश सरकार MSP पर खरीदती है। सरकार किसानों के एक-एक दानें को खरीदने को प्रतिबध है।



# फतेहाबाद में नकली पिस्तौल दिखाकर की लूटपाट, पुलिस ने 2 युवकों को किया गिरफ्तार



**अंबाला।** फतेहाबाद (रमेश कुमार)- नेशनल हाईवे बाईपास पर नकली पिस्तौल दिखाकर 2 युवकों से बदमाशों ने लूट की। इस मामले में पुलिस ने आरोपियों को कुछ ही घंटों में काबू कर लिया। पुलिस ने इस मामले में आरोपियों के पास से वारदात से प्रयोग की गई खिलौना की पिस्तौल, बाइक और 720 रुपये की नकदी बरामद कर ली। आरोपियों की पहचान प्रमोद उर्फ प्रमोदी और अजय उर्फ अजिया के नाम पर हुई है। आरोपी को कोर्ट में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

### नकली पिस्तौल दिखाकर की लूट

जानकारी के अनुसार 4 दिसंबर को तोशाम के निवासी अनिल ने इस मामले को लेकर पुलिस में शिकायत दी। उन्होंने शिकायत में कहा कि वह अपने मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपने दोस्त अजमेर निवासी जिला भिवानी के साथतोशाम से सिरसा एक शादी में जा रहे थे। जैसे ही वह फतेहाबाद में हिसार-सिरसा बाईपास पर सैनी ढाणी के पास पेशाब करने के लिए रुके तो इसी दौरान 2 युवक बाइक पर वहां आ गए। इन युवकों ने उन पर नकली पिस्तौल तान दी और उनसे 1 हजार रुपये छीनकर मौके से फरार हो गए।

### आरोपियों को पुलिस रिमांड पर भेजा

पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया और युवकों की तलाश शुरू कर दी है। इस मामले में जांच अधिकारी एसआई राजेन्द्र कुमार ने अहम सुराग जुटाते हुए दोनों युवकों को हांसपुर पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया है। अब पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से आरोपी की पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

### आरोपियों से पूछताछ कर रही पुलिसः थाना प्रभारी

इस मामले को लेकर थाना प्रभारी प्रहलाद राय ने बताया कि युवकों से लूट करने के मामले में पुलिस ने 2 बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें पुलिस रिमांड पर लिया गया है। बदमाशों से पुलिस पूछताछ करने में जुटी हुई है।

# जींद में रणबीर गंगवा का कांग्रेस पर हमला, बोले- ये पार्टी नहीं अलग-अलग गुट है

**जींद।** उचाना शहर की धर्मशाला में भाजपा की मीटिंग आयोजित की गई। इस बैठक में कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा पहुंचे। कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने पीएम नरेंद्र मोदी के 9 दिसंबर को पानीपत में होने वाले कार्यक्रम को उचाना हलके से अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदारी सौंपी। इस दौरान उनके साथ विधायक प्रतिनिधि के तौर पर रामचंद्र अत्री, डॉ. रामचंद्र जांगड़ा मुख्य रूप से मौजूद रहे।

रणबीर गंगवा ने कहा कि उचाना हलके की मीटिंग में हमने जो पार्टी के पदाधिकारी है उनकी ड्यूटी लगाने के लिए बुलाया गया था। 9 दिसंबर को पीएम नरेंद्र मोदी पानीपत में आ रहे है। बीमा सखी कार्यक्रम में आएंगे। महिलाओं की हाजरी अधिक से अधिक हो इसके लिए कार्यकर्ताओं को बुलाया गया था। दो लोकार्पण पर भी वो करेंगे जम्मू कटडा हाइवे है हरियाणा का पार्ट है उसका लोकार्पण करेंगे। करनाल के अंदर जो हार्टिकल्चर जो यूनिवर्सिटी है उसका भी उद्घाटन करेंगे। कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी लगाई गई है उचाना हलके से पानीपत पहुंच कर पीएम के कार्यक्रम में पहुंचे।



### कांग्रेस पार्टी नहीं है, कांग्रेस अलग-अलग गुट है: कैबिनेट मंत्र

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि कांग्रेस पार्टी नहीं है, कांग्रेस अलग-अलग गुट है, कहीं हुड्डा तो कहीं शैलजा कहीं सुरजेवाला का गुट है। इसलिए उनके सामने ये समस्याएं उनके सामने आ रही है, वो अपना विपक्ष का नेता तय नहीं कर पा रहे है। कांग्रेस पार्टी आने वाले समय के अंदर ओर धरातल के अंदर जाएगी। कांग्रेस पार्टी लोगों का विश्वास खो चुकी है। गंगवा ने कहा कि किसानों के दिल्ली कूच पर बोलते हुए कहा कि हरियाणा के अंदर कोई इश्यू किसानों का नहीं है। सभी फसलों को हरियाणा में एमएसपी पर खरीदा जा रहा है। सबसे अधिक मुआवजा किसानों को देने का काम किया है।

किसानों के खाते के अंदर खरीदी गई फसल की राशि भेजी जा रही है। किसानों की जो मांग थी किसानों की शिकायत के लिए कोई कमेटी बनाई जाए उनकी मांग के ऊपर उनकी मांग को पूरा किया गया है। दिल्ली कूच करने की बात है कोई भी जा सकता है कानून व्यवस्था को भंग करने की इजाजत किसी को नहीं दी जा सकती। जिस तरह से दिल्ली में पहले लाल किले के अंदर हुआ उसको लेकर सरकार सचेत है।

### रणबीर गंगवा ने ईवीएम पर कांग्रेस पर साधा निशाना

रणबीर गंगवा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जब 5 सीटें हरियाणा में जीती लोकसभा के अंदर तो ईवीएम सही थी, तब ईवीएम खराब नहीं थी। कांग्रेस जब कह रही थी कि हमने चुनाव में अच्छा प्रदर्शन किया। अच्छा प्रदर्शन कांग्रेस ने नहीं किया, बल्कि भ्रमजाल फैलाने का काम किया था। लोगों में संविधान की प्रति लेकर जो भ्रमजाल फैलाया था कि भाजपा आएगी तो संविधान बदलने का काम कर देगी। इस तरह के एक-एक झूठ फैलाकर चुनाव जीतना चाहते है। झूठ ज्यादा दिन तक नहीं चलता। इसलिए कांग्रेस को अपना आत्म मंथन करना चाहिए कि वो चुनाव क्यों हार रहे है। वो अपने लोगों का विश्वास खो चुके है ईवीएम खराब नहीं है।

# सीएम फ्लाइंग की रेड से तहसील कर्मियों में मचा हडकंप

गुडगांव । फर्रुखनगर तहसील में वीरवार को की गई सीएम फ्लाइंग की रेड से तहसील कर्मियों में हडकंप मच गया। रेड के दौरान अन्य महकमे के कर्मी सतर्क हो गए। सीएम फ्लाइंग ने तहसील से रजिस्ट्रियों की जांच की और रिकार्ड का अवलोकन किया। वहीं सर्वर डाऊन होने के कारण टीम को पूरा रिकार्ड नहीं सका। सीएफ फ्लाइंग ने अधिकारियों को एक दो दिन में रिकार्ड मुहैया कराने के लिए अधिकारियों को कहा है। सीएम फ्लाइंग की टीम ने डीएसपी देवेंद्र की अगुवाई में वीरवार को फर्रुखनगर तहसील कार्यालय में रेड की। छापेमारी से तहसील के कर्मचारियों में हडकंप मच गया। इस दौरान टीम को कई पटवारी और कर्मचारी नदारद मिले। सीएम फ्लाइंग टीम ने तहसील का रिकार्ड खंगाला और दर्जनों फाईल अपने साथ लेकर गई। यह रेड करीब पांच घंटे तक चली। रेड की सूचना मिलते ही खंड स्तरीय अन्य सरकारी कार्यालयों में कर्मचारी सतर्क हो गए। डीएसपी देवेद्र ने बताया कि रेड का उदेश्य आमजन के कार्य पारदर्शिता से हो और उनकी लंबित समस्याओं का समाधान हो सके। उन्होंने बताया कि कार्यालय तहसील फरूखनगर से 2024 में की गई रजिस्ट्रियों की जांच की गई और रिकार्ड प्राप्त किया गया।

# नायब सरकार का दुष्यंत चौटाला को झटका, ड्रीम प्रोजेक्ट पर लगाई रोक, गंगवा बोले- जरूरत हुई तो देखेंगे

चंडीगढ़ । नायब सरकार ने पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला को झटका देते हुए उनके 681 करोड़ के ड्रीम प्रोजेक्ट पर रोक लगा दी है। इसकी जानकारी हिसार में PWD मंत्री रणबीर गंगवा ने दी। PWD मंत्री ने कहा कि अगर जरूरत हुई तो इस प्रोजेक्ट पर फिर से गौर किया जाएगा लेकिन फिलहाल ऐसी कई परियोजनाएं टेबल पर हैं जिनके पूरा होने से जाम को समस्या खुद व खुद खत्म हो जाएगी। रणबीर गंगवा के मुताबिक हिसार के चारों तरफ रिंग रोड बनने के प्लान है और इस प्लान के बनने के बाद हिसार की तरफ आने वाले लोग बाहर से दिल्ली, चंडीगढ़, सिरसा या फिर राजस्थान की ओर सीधे जा सकेंगे। इसके चलते लोगों को जाम में फंसना नहीं पड़ेगा। इसके लिए केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की और उन्होंने एक प्रस्ताव तैयार करने को कहा है जिस पर रिंग रोड पर ग्रीन सिग्नल मिल सकता है। गौरतलब है कि पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला का ये ड्रीम प्रोजेक्ट रहा है। इस प्रोजेक्ट के लिए साल 2020 में चौटाला ने क्र×क्रके अधिकारियों से बैठक भी की थी। फिर प्रस्ताव बनने के बाद सरकार को भेजा गया था, जहां सीएमओ में जाकर फाइल अटक गई थी। जब तक प्रोजेक्ट पर मंजूरी मिले, गठबंधन टूट चुका था, सीएम मनोहर लाल की जगह अब नायब सैनी बन चुके थे। इसके बाद इस प्रोजेक्ट पर काम ठप हो गया।



# अतिक्रमण पर आदेशों की अवहेलना करने वाले दुकानदारों को मिलेगी ये सजा, दी गई चेतावनी

**करनाल।** अतिक्रमण पर सख्ती बरतते हुए निगम आयुक्त डा. वैशाली शर्मा ने आदेशों की अवहेलना करने वाले दुकानदार की अलाटमैंट रद्द करने की चेतावनी दी है। निगमायुक्त ने नेहरू पैलेस मार्कीट तथा अन्य दुकानें, जो इम्प्रूवमैंट ट्रस्ट स्कीम में आती हैं या नगर निगम की हैं, को चेतावनी देते कहा कि ऐसे सभी दुकानदार, दुकान के आगे बने बरामदे को खाली रखना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जो भी आदेशों की अवहेलना करेगा, नगर निगम द्वारा इम्प्रूवमैंट ट्रस्ट के नियम व शर्तों के आधार पर सम्बंधित दुकान की अलॉटमैंट रद्द की जा सकती है। उन्होंने कहा कि बरामदा ग्राहकों के आने-जाने के लिए है, न कि सामान रखने के लिए।

नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा के निर्देश पर शहर को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए नगर निगम ने योजना तैयार कर ली है। इसके तहत बाजारों व सड़कों से अतिक्रमण हटाने को लेकर दुकानदारों व रेहड़ी-फड़ी वालों को 2 दिन का समय दिया गया है। इसके बाद नगर निगम अपनी कार्रवाई शुरू करेगा। निगमायुक्त ने बताया कि शहर को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए नगर निगम प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि बाजार में आने वाले ग्राहकों तथा सड़कों से गुजरने वाले वाहनों को अतिक्रमण के कारण असुविधा न हो, इसे लेकर शहर के सभी बाजारों में अभियान चलाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि दुकानों के आगे रखे सामान को हटाने, सड़क के ऊपर रेहड़ी-फड़ी न लगाने तथा दुकानों के आगे बने बरामदे को खाली करने को लेकर मुनादी करवाई जा रही है। उन्होंने नेहरू पैलेस मार्कीट, कर्ण गेट, कुंजपुरा रोड, रेलवे रोड तथा गुड मंडी सहित सभी मार्कीट के दुकानदारों को 2 दिन की मोहलत देते हुए कहा कि सभी दुकानदार अपने सामान को दुकान के अंदर रखें।

दुकान से बाहर सामान नहीं रखा जाना चाहिए, चाहे दुकान के आगे बरामदा भी हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि दुकानदार बरामदे को जल्द से जल्द खाली करें। उन्होंने कहा कि 2 दिन के बाद नगर निगम द्वारा अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी। अगर किसी दुकानदार का सामान बाहर रखा पाया जाता है तो उसका सारा सामान जब्त करने के साथ-साथ उस पर भारी जुर्माना भी लगाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि दुकान के अंदर सामान रखने तथा बरामदे खाली करने को लेकर नेहरू पैलेस मार्कीट के सभी दुकानदारों को नगर निगम द्वारा नोटिस जारी किए जा चुके हैं। इसके अतिरिक्त सभी दुकानदारों को दुकान के आगे रेहड़ी-फड़ी या काऊंटर लगवाने की भी मनाही की गई है।



# शहर के गणमान्य लोगों ने दी राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप की माता स्व. सरला देवी कश्यप को श्रद्धांजलि

## पुण्यतिथि पर किया गया याद,बोले मंत्री नरेंद्र कश्यप मां की कमी भरना असंभव










संस्कार उजाला

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)** उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा उत्तर प्रदेश नरेंद्र कश्यप की मां स्वर्गीय सरला देवी कश्यप की द पुण्यतिथि के अवसर पर शांति सभा एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। सेक्टर- 23 संजय नगर स्थित महर्षि कश्यप पार्क में आयोजित कार्यक्रम में शहर के गणमान्य लोगों से लेकर प्रशासन के अधिकारियों और पत्रकारों व स्थानीय लोगों में भाजपा कार्यकताओं ने स्वर्गीय सरला देवी कश्यप की पुण्यतिथि के अवसर पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि देने वालों ने उनको नमन किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों का राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार का नरेंद्र कश्यप ने पावन स्मृति दिवस के अवसर पर पधारने के लिए धन्यवाद किया। साथ ही इस दौरान पूजन एवं हवन कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

कई घंटे चला पावन स्मृति दिवस कार्यक्रम राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप की माता सरला देवी कश्यप की पुण्यतिथि के अवसर पर पावन स्मृति दिवस आयोजित किया गया। इस दौरान गाजियाबाद शहर से लेकर आसपास के जनपदों के प्रमुख समाजसेवी, चिकित्सक, अधिवक्ता ,भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी और विधायक उपस्थित हुए। सभी ने पुष्पांजलि अर्पित करते हुए स्वर्गीय सलाह देवी कश्यप को याद किया। इस अवसर पर महर्षि कश्यप पार्क सेक्टर-23 में बड़ा आयोजन भी किया गया।

जीवन में माँ से बड़ा कोई नहीं होता : नरेंद्र कश्यप उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री एवं ओबीसी मोर्चा उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप ने अपनी मां स्वर्गीय सरला देवी कश्यप की पावन स्मृति दिवस के अवसर पर कहा है कि जीवन में माँ से बड़ा कोई नहीं होता है।

उन्होंने कहा है की मां का जीवन में ना होना सबसे बड़ा कष्ट होता है। जीवन में माँ ही एक ऐसा किरदार निभाती है जो जीवन को सफल बनाने के लिए सबसे ज्यादा संघर्ष और समर्पण करती है।

मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा है की मां के साथ बिताए गए सभी जीवन के पल और स्मृति कभी कम नहीं हो सकती है। इस मौके पर उन्होंने पावन स्मृति दिवस के अवसर पर अपनी मां को श्रद्धांजलि और पुष्पांजलि अर्पित करते हुए, कार्यक्रम में शामिल हुए सभी पधारने वाले लोगों को धन्यवाद दिया।

कार्यकताओं से लेकर प्रमुख लोग रहे उपस्थित राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप की स्वर्गीय माता सरला देवी कश्यप की पुण्यतिथि के अवसर पर पावन स्मृति दिवस आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के अलग-अलग प्रकोष्ठ और महानगर से लेकर जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी शामिल हुए।

तो वहीं बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य लोगों ने भी इस कार्यक्रम में उपस्थिति दर्ज कराई और पावन स्मृति दिवस पर पुष्पांजलि दी गई।इस अवसर पर अजीत पाल त्यागी दिनेश चंद्र गोयल आशु वर्मा संजीव शर्मा रमेश चंद तोमर एसपी सिंह जगदीश साधना मानसिंह गोस्वामी श्यामवीर चौधरी पप्पू पहलवान उमेश भाटी मनोज यादव अतुल जैन ललित जायसवाल गौरव चोपड़ा मनोज नगर बालकिशन गुप्ता सुधीर गोयल पवन गोयल मनोज गोयल अशोक मोंगा सौरभ जायसवाल वीके अग्रवाल बीके शर्मा हनुमान दिनेश अरोड़ा पंडित संदीपन शर्मा राजकुमार कश्यप अशोक अग्रवाल अनिल अग्रवाल सांवरिया राजू छाबड़ा सुरेश महाजन नीतू लाहोरिया डॉ सागर कश्यप सिद्धार्थ कश्यप विशाल कश्यप आशुतोष कश्यप सचिन कश्यप अर्पण कश्यप एवं पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# घर में आग लगने से सारा सामान जलकर खाक, महिला ने जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी से लगाई मदद की गुहार

### जिलाधिकारी के निदेर्शानुसार रात्रि होने से पूर्व ही महिला को पहुंचाई आवश्यक मदद




संस्कार उजाला

**गाजियाबाद।** गुरुवार प्रातः जनसुनवाई के दौरान श्रीमती शन्नो पत्नी स्वर्गीय फरमान निवासी दीनदयाल पुरी नंदग्राम द्वारा एक प्रार्थना पत्र देते हुए जिलाधिकारी महोदय से मदद की गुहार लगाते हुए बताया कि गैस सिलेंडर में आग लगने की वजह से उनके घर में आग लग गई जिससे लड़की की शादी के लिए रखा सामान और घर का सभी सामान जलकर खाक हो गया। उन्होंने कहा कि मेरी चार लड़कियां व एक लड़का है। महोदय घर में अब खाने को भी कुछ नहीं बचा हुआ है, कृपया कर मेरी मदद की जाए। जिलाधिकारी महोदय ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि उक्त मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़ित महिला को आवश्यक, आर्थिक सहित अन्य सहायताएं उपलब्ध कराई जाए। जिलाधिकारी महोदय के निदेर्शानुसार श्री रवि कुमार तहसीलदार सदर ने रात्रि होने से पूर्व ही महिला को ठंड से बचाव हेतु पांच कंबल सहित घर में राशन से संबंधित आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई। साथ ही बताया कि घर जलने पर जो शासकीय सहायता दी जाती है वह उन्हें 24 घंटे में प्राप्त करा दी जाएगी।

# गाजियाबाद दुर्गावती देवी सभागार विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में जनपद में संचालित कृषक उत्पादक संगठन (एफ0पी0ओ0) के संतृप्तीकरण के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक संपन्न



संस्कार उजाला

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)** दुर्गावती देवी सभागार विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक संपन्न ' जनपद में संचालित कृषक उत्पादक संगठन (एफ०पी०ओ०) के संतृप्तीकरण के सम्बन्ध में जिसमें निम्न बिन्दुओं पर चर्चा की गयी। जैसे एफ०पी०ओ० हेतु बीज एवं उर्वरक लाइसेन्स के सम्बन्ध में वार्ता की गयी। एफ०पी०ओ० की गाइड लाइन के अनुसार एफ०पी०ओ० को बीज, कीटनाशक रसायन, खाद एवं उर्वरक के लाइसेन्स कृषि विभाग द्वारा प्राथमिकता पर दिये जाये तथा एफ०पी०ओ० को मण्डी लाइसेन्स एवं जी०एस०टी० लाइसेन्स से संतृप्त किया जाये। एफ०पी०ओ० द्वारा स्वयं की प्रोफाइल शक्ति पोर्टल पर फीड करने फारवर्ड लिंकिज एवं प्रसंस्करण इकाई को बढावा दिया जाने पर बल दिया गया है। उप कृषि निदेशक, गाजियाबाद द्वारा एफ०पी०ओ० की गाइड लाइन का हवाला देकर उनको कार्य करने में आ रही असुविधा के निराकरण के लिये जनपद स्तरीय मोनेटरिंग समिति द्वारा प्रस्ताव रखे जिनका निराकरण करने हेतु जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया। यह भी अवगत कराया गया है कि नवीन फल सब्जी मण्डी, साहिबाबाद में एफ०पी०ओ० हेतु पॉच दुकानों को आरक्षित किया गया है। जिनमें से तीन दुकानों का आवंटन एफ०पी०ओ० को हो चुका है। एफ०पी०ओ० हेतु दो दुकानों का लक्ष्य शेष है। जिस हेतु दिनांक 09 दिसम्बर 2024 तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।

बैठक में उपस्थित सुन्दर चौहान, निदेशक फार्मर प्रोडयूशर कम्पनी लि०. द्वारा अवगत कराया गया है कि हमारे एफ०पी०ओ० को एक दुकान आवंटित हो चुकी है जिस पर हमारे द्वारा बीज उत्पादन कर विक्रय की कार्यवाही की जा रही है। सुनील चौहान, निर्देशक, भोजपुर शुगर केन फार्मर प्रोडयूशर कम्पनी लि० द्वारा अवगत कराया गया कि हमारे एफ०पी०ओ० द्वारा वर्ष 2022 में मण्डली में दुकान हेतु आवेदन किया गया था परन्तु हमकों दुकान का आवंटन नहीं किया गया इस पर मण्डी निरीक्षक द्वारा अवगत कराय गया कि इस समय कोई भी आवेदन लम्बित नहीं है। मुख्य विकास अधिकारी, गाजियाबाद द्वारा मण्डी निरीक्षक को निर्देशित किया गया कि एफ०पी०ओ० को दुकानों का आवंटन अवश्य किया जाये उपस्थित एफ०पी०ओ० के सदस्यों को निर्देशित किया गया कि आप 05-06 दिसम्बर 2024 तक अपना आवेदन ऑनलाइन भरकर सबमिट कर दे। बैठक में 05 एफ०पी०ओ० के सदस्य एवं 07 जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे एफ०पी०ओ० की समस्याओं को द्वारा सुलझाने हेतु उपस्थित जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि किसी भी समस्या का समाधान करने में लापरवाही न बरती जाये।

# जिलाधिकारी श्री इन्द्र विक्रम सिंह ने अपर जिलाधिकारी प्रशासन के कक्ष में सुनी जन शिकायतें

### किसी भी कारण से अपने कर्त्तव्य का निर्वहन करने से पीछे नहीं हटना चाहिए: जिलाधिकारी श्री इन्द्र विक्रम सिंह




संस्कार उजाला

**गाजियाबाद।** जिलाधिकारी श्री इन्द्र विक्रम सिंह द्वारा कार्यालय, अपर जिलाधिकारी प्रशासन, कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई की गयी। बताते चले कि जिलाधिकारी महोदय के कार्यालय में नवीनीकरण कार्य चल रहा है, जिसके चलते कुछ समय तक जनसुनवाई सहित अन्य कार्य अपर जिलाधिकारी प्रशासन कार्यालय एवं महात्मा गांधी सभागार से किये जायेंगे। जनसुनवाई के दौरान राजस्व विभाग, नगर निगम, जीडीए से सम्बंधित शिकायतें प्राप्त हुई, जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्राप्त सभी शिकायतों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बंधित अधिकारियों को प्रेषित कर दी गयी है। साथ ही आदेशित किया कि शिकायतों का पूर्ण गुणवत्ता से निस्तारण किया जाएं। उन्होने कहा कि कार्यालय में नवीनीकरण कार्य चलने के कारण जनसुनवाई सहित अन्य कार्यालय कार्य बांधित हो रहे थे, इसलिए अपर जिलाधिकारी कार्यालय में बिना अवरोध के कार्य सुचारू रूप से किया जा रहा है, किसी भी कारण से हमें अपने कर्त्तव्य का निवर्हन करने से पीछे नहीं हटना चाहिए। जनसुनवाई के दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्री रणविजय सिंह भी उपस्थित रहे।

# गाजियाबाद यह चिट्टियां कुछ दिनों पहले सोशल मीडिया पर जमकर वायरस की गई थी मामला




संस्कार उजाला

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)** तैनात महिला उप निरीक्षक राजनगर चौकी प्रभारी से जुड़ा शिकायत कानपुर से राजपत्रित पुलिस वेलफेयर एसोसिएशन के लेटर पैड पर गाजियाबाद पुलिस कमिश्नर से की गई थी शिकायत पत्र में महिला उप निरीक्षक पर कई आरोप लगाए गए थे जबकि सच्चाई यह है कि इसी चौकी पर तैनात वाहन चालक जो की प्रदेश महासचिव रक्षक कल्याण ट्रस्ट पुलिस वेलफेयर एसोसिएशन के पद पर भी तैनात है क्या कोई पुलिस कर्मचारी किसी संगठन में पद ले सकता है।अब सवाल उठ रहा है की गाजियाबाद के पुलिस अधिकारियों की शिकायत आखिर कानपुर से क्यों की गई जिसका जवाब यह है कि यह पुलिसकर्मी जो उस महिला उपनिरीक्षक की चौकी पर ही चालक के रूप में तैनात था अपनी जिम्मेदारी को सही तरीके से नहीं निभाने पर इस चालक की शिकायत उच्च अधिकारियों से की गई थी जिसका बदला लेने के लिए उक्त चालक ने अपने संगठन के माध्यम से मुख्यालय कानपुर से पुलिस कमिश्नर गाजियाबाद को एक चिट्ठी भिजवाई और वही चिट्ठी गाजियाबाद के तमाम सोशल मीडिया पर भी वायरल हुई थी मेरा पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों से निवेदन है कि ऐसे कर्मचारी के खिलाफ विभागीय कार्यवाही करनी चाहिए क्योंकि यह पुलिस खुद विभाग में रहकर अपने ही अधिकारियों को गुमराह कर विभागीय कर्मचारियों को बदनाम करने का कार्य कर रहे हैं और नियम विरुद्ध संगठन में पदाधिकारी भी बने हुए हैं।

# जिलाधिकारी श्री इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में डूडा गाजियाबाद द्वारा संमालित विभिन्न योजनाओं की शासी निकाय बैठक आहूत बैठक में 269 निर्माण कार्यों के रू0 5852.04 लाख के प्रस्ताव प्रस्तुत

### प्रस्ताव को भेजते समय प्रत्येक सूक्ष्म बिन्दू का रखा जाएं ध्यान: जिलाधिकारी श्री इन्द्र विक्रम सिंह

### लाभार्थियों को दी जाने वाली धनराशि को समयान्तराल उनके बैंक खाते में की जाएं हस्तांतरित: जिलाधिकारी श्री इन्द्र विक्रम सिंह




संस्कार उजाला

**गाजियाबाद।** महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी श्री इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में डूडा गाजियाबाद द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की शासी निकाय बैठक आहूत हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी श्री इन्द्र विक्रम सिंह ने कहा कि किसी भी प्रस्ताव को भेजते समय प्रत्येक सूक्ष्म बिन्दुओं पर ध्यान दिया जाएं। जिन क्षेत्रों में डूडा द्वारा कार्य कराया गया है, सम्बंधित ईओ कार्य पूर्ण होने एवं गुणवत्ता की जांच करते हुए सत्यापित करें। योजनाओं के तहत लाभार्थियों को दी जाने वाली धनराशि को समयान्तराल में लाभार्थी के बैंक खाते में हस्तांतरित की जाएं। माननीय मुख्यमंत्री जी अल्पविकसित/मलिन बस्ती विकास योजना बैठक में अनेक योजनाओं के प्रस्तावों पर अनुमोदन प्रदान किया गया। जिनमें माननीय मुख्यमंत्री जी अल्पविकसित/मलिन बस्ती विकास योजना के अन्तर्गत 2024-25 हेतु माननीय मुख्यमंत्री जी अल्पविकसित / मलिन बस्ती विकास योजना के अन्तर्गत अनुदान सं0 37 के 116 कार्यों के प्रस्ताव अंकन रू0 2530.22 लाख, अनुदान सं० 83 के 135 कार्यों के प्रस्ताव अंकन रू0 3045.59 लाख एवं एस०सी०एस०पी० योजना के अन्तर्गत 18 कार्यों के प्रस्ताव रू0 276.23 लाख कुल 269 निर्माण कार्यों के प्रस्ताव रू0 5852.04 लाख शासी निकाय की बैठक में प्रस्तुत किये गये, जो सम्बन्धित स्थानीय निकाय से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के उपरान्त माननीय जनप्रतिनिधिगण के प्रस्तावों के आधार पर तैयार किये गये है, तथा डूडा द्वारा गतिमान कार्यों की भी स्थानीय निकाय अपने स्तर से निरीक्षण करने के निर्देश जिलाधिकारी महोदय द्वारा दिये गये। प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी के अन्तर्गत लक्ष्य के अनुरूप प्रगति प्राप्त करने हेतु कन्सलटेन्सी एजेन्सी को निर्धारित समयावधि में निमार्णाधीन आवासों को पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अन्तर्गत प्रथम ऋण की अपेक्षा द्वितीय ऋण काफी कम है। सभी सम्बन्धित स्थानीय निकायों को द्वितीय तथा तृतीय ऋण का लाभ लाभार्थियों को कराये जाने के निर्देश दिये गये। आई०एच०एस०डी०पी० योजना सुदामापुरी व अर्थला आई०एच०एस०डी०पी० योजना सुदामापुरी व अर्थला के अन्तर्गत 10 दिवस में आवश्यक कार्यवाही करते हुए इस योजना के अवस्थापना कार्यों को नगर निगम गाजियाबाद को हैण्डओवर लेने के निर्देश दिये। आई० एच०एस ०डी० पी० योजना फरीदनगर आई० एच० एस० डी० पी० योजना फरीदनगर के अर्न्तगत आवश्यक अवस्थापना कार्यो को पूर्ण करने हेतु कार्यदायी संस्था उ०प्र० राजकीय निर्माण निगम एवं नगर पंचायत फरीदनगर आपसी समन्वय स्थापित करते हुए डूडा पर उपलब्ध लाभार्थी अंशदान की धनराशि प्राप्त कर लाभार्थियों को सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। 05 आश्रय स्थलों का हस्तान्तरण नगर निगम गाजियाबाद क्षेत्र के 05 आश्रय स्थलों का हस्तान्तरण नगर निगम गाजियाबाद को लेने तथा उनका संचालन नगर निगम गाजियाबाद द्वारा अपने स्त्रोतों से कराने के निर्देश दिये गये। बैठक में मुख्य रूप से नगर आयुक्त श्री विक्रमादित्य सिंह मलिक, अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्री रणविजय सिंह, पीओ डूडा, डीआईओ गाजियाबाद सहित जनपद की सभी नगर पालिकाओं, नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारी सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

### विद्युत व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित रहे, इस पर विशेष ध्यान दें विद्युत विभाग: जिलाधिकारी श्री इन्द्र विक्रम सिंह

# जिलाधिकारी श्री इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में विद्युत विभाग से सम्बंधित एक महत्वपूर्ण बैठक आहूत

### किसी भी परिस्थिति में ब्रेक डाउन होने पर पावर बैकअप की सुविधा उपलब्ध रखें: जिलाधिकारी श्री इन्द्र विक्रम सिंह





संस्कार उजाला

**गाजियाबाद।** महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी श्री इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में विद्युत विभाग से सम्बंधित एक महत्वपूर्ण बैठक विद्युत विभाग, नगर निगम, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, आईटीआई, पॉलीटेक्निक एवं जिला सैनिक कल्याण निगम सहित अन्य विभागों के साथ आहूत हुई। उ० प्र० के ऊर्जा क्षेत्र में आगामी रिफार्म के विरोध में दिनांक 06.12.2024 को विभिन्न कर्मचारी संगठनों द्वारा विरोध प्रदर्शन/आन्दोलन करने के लिये गये निर्णय के दृष्टिगत जिलाधिकारी महोदय, गाजियाबाद द्वारा निर्देश पारित किये गये। जिसमें कहा गया कि पूर्व में वर्ष 2023 में हुये आन्दोलन में जिलाधिकारी कार्यालय से निर्गत किये गये आदेशों को पुनः निर्गत कराया जाये। ऐसे संस्थान जिनको निर्वाध विद्युत आपूर्ति प्रदान की जानी है, से सम्पर्क स्थापित कर किसी भी परिस्थिति में ब्रेक डाउन होने पर पावर बैक अप की सुविधा उपलब्ध रखी जाये। जिला सैनिक कल्याण निगम, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, नगर निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि आपातकाल स्थिति होने पर विद्युत आपूर्ति सुचारू बनाये रखने हेतु अपने-अपने विभाग से तकनीकी कर्मचारियों की सूची तैयार कर विद्युत विभाग एवं जिलाधिकारी कार्यालय में प्रेषित करें। विद्युत विभाग अपने ऐसे समस्त ठेकेदार / कार्यदायी संस्था जिनके पास मैन पावर उपलब्ध है, को निर्देशित करें कि आपातकाल स्थिति में मैन पावर उपलब्ध करायेगें व विद्युत आपूर्ति सुचारू रखेगें। विद्युत विभाग के अधिकारी इंजीनियरिंग कालेज, आवास विकास परिषद, गाजियाबाद एवं पी०डब्लू०डी०, गाजियाबाद से समन्वय स्थापित कर तकनीकी कर्मचारियों की सूची प्राप्त करना सुनिश्चित करें, जिससे आपातकालीन स्थिति में इनका सदुपयोग किया जा सके। उन्होने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि भण्डार केन्द्र एवं वर्कशाप से समन्वय स्थापित कर आपातकालीन स्थिति में सामग्री जैसे परिवर्तक / कंडक्टर/केबिल इत्यादि उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेगें। विरोध प्रदर्शन के दौरान समस्त सूचना एकत्रित करने हेतु मुख्य अभियन्ता (वितरण), गाजियाबाद क्षेत्र प्रथम, गाजियाबाद श्री अशोक सुन्दरम को नोडल अधिकारी नामित किया गया। नोडल अधिकारी का दायित्व होगा कि वह अन्य दोनों मुख्य अभियन्ताओं से सूचना प्राप्त कर जिलाधिकारी कार्यालय में उपलब्ध करायेगें। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्री रणविजय सिंह, मुख्य अभियन्ता (वि०) श्री अशोक सुन्दरम, मुख्य अभियन्ता (वि०) श्री नरेश भारती, मुख्य अभियन्ता (चि०) श्री दीपक अग्रवाल, अधीक्षण अभियन्ता श्री अनिल कुमार सिंह, अधीक्षण अभियन्ता श्री अखिलेश कुमार सिंह, अधीक्षण अभियन्ता श्री उमेश चन्द्र सोनकर, अधीक्षण अभियन्ता श्री राजेन्द्र प्रसाद, अधीक्षण अभियन्ता श्री सुभाष चन्द्रा सहित जीडीए, नगर निगम, आईटीआई, पॉलीटेक्निक एवं जिला सैनिक कल्याण निगम सहित अन्य विभागों के अधिकारी/प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक राजकुमार शर्मा ने वैकुंठ मीडिया प्राइवेट लिमिटेड सी -285, सेक्टर-11, विजय नगर, गाजियाबाद से छपवाकर कार्यालय 178 राहुल विहार विजय नगर,गाजियाबाद से प्रकाशित किया है। किसी खबर या लेख से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। सभी विवादों का निस्तारण जिला न्यायालय गाजियाबाद में होगा। प्रबंध संपादक-महेश कुमार - 9911733939, कानूनी सलाह- नरेंद्र सिंह रणोत एडवोकेट, सलाहकार कुशल सिंह, RNI No-UPHIN/2013/50466, Editor R.K. Sharma : 09456278011